वर्ष-07 · अंक 284
पृष्ठ-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
मंगलवार,21 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

मधुबन में जिला सहकारी बैंक के नवीन भवन का उद्घाटन : एके शर्मा 3

नई आबकारी निर्यात नीति से उत्तर प्रदेश बनेगा वैश्विक स्तर पर .......... 4

नैनो उर्वरकों के उपयोग आधारित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण...... 11









# जंतर-मंतर से संसद तक घमासान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को राजधानी दिल्ली में प्रस्तावित 'संसद चलो' मार्च को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन और सीजेपी के आह्वान पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर पर एकत्र हुए। संसद की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया, जिसके बाद कई स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की, नोकझोंक और झड़प की स्थिति बन गई। दिल्ली पुलिस ने संसद भवन और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए थे। जंतर-मंतर, जनपथ, आरबीआई चौराहा और संसद मार्ग सहित कई इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल, अर्धसैनिक बल और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई। प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए कई परतों में बैरिकेडिंग की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर अपनी मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जब कुछ समूह संसद की ओर बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान हालात बिगड़ने पर पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए 50 से अधिक आंसू गैस के गोले छोड़े। कुछ समय के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देर शाम तक आरबीआई के आसपास बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी डटे रहे और स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। दिल्ली पुलिस ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि प्रस्तावित संसद मार्च के लिए न तो कोई अनुमति मांगी गई थी और न ही दी गई थी। नई दिल्ली जिले में बीएनएसएस की धारा 163 लागू होने के कारण बिना अनुमति पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने, जुलूस निकालने अथवा प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध है। पुलिस ने चेतावनी दी थी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एहतियातन जनपथ, राजीव चौक, पटेल चौक, केंद्रीय सचिवालय और सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशनों को अगले आदेश तक बंद कर दिया। इसके अलावा राजधानी के कई प्रमुख मार्गों पर यातायात डायवर्ट किया गया, जिससे कार्यालय जाने वाले लोगों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार संसद का मानसून सत्र शुरू होने और उच्च सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर किसी भी अनधिकृत मार्च की अनुमति नहीं दी जा सकती थी। वहीं प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर संसद तक पहुंचने पर अड़े रहे और देर शाम तक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। पूरे घटनाक्रम के दौरान राजधानी के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रही। पुलिस लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अतिरिक्त बल को अलर्ट पर रखा गया है। राजधानी में प्रदर्शन और सुरक्षा के चलते पूरे दिन राजनीतिक गतिविधियां और यातायात व्यवस्था प्रभावित रही।

## जेपी नड्डा से मिला सीजेपी का प्रतिनिधिमंडल



नई दिल्ली। नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच सोमवार को सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच पहली औपचारिक बातचीत हुई। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। यह बैठक ऐसे समय हुई, जब बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी संसद की ओर मार्च कर रहे थे। सीजेपी के प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास और आशुतोष रांका शामिल थे। दोनों नेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा की और लिखित ज्ञापन सौंपा। बैठक के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार सुबह प्रदर्शनकारियों की ओर से पहली बार सरकार के साथ बातचीत का प्रस्ताव आया। उन्होंने कहा कि सुबह 11:50 बजे बातचीत शुरू हुई और प्रारंभिक मौखिक चर्चा के बाद शाम करीब चार बजे प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें लिखित ज्ञापन सौंपा। नड्डा ने कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारियों की बात गंभीरता से सुनी है। उन्होंने सभी प्रदर्शनकारियों से धरना समाप्त कर प्रशासन को सामान्य स्थिति बहाल करने में सहयोग देने की अपील भी की। वहीं, सीजेपी की ओर से कहा गया कि सरकार के समक्ष उनकी सभी प्रमुख मांगें रखी गई हैं, लेकिन अभी तक किसी भी मांग पर अंतिम आश्वासन या निर्णय नहीं मिला है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि आगे की रणनीति सरकार की प्रतिक्रिया के आधार पर तय की जाएगी। गौरतलब है कि नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर राजधानी दिल्ली में सोमवार को व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ। संसद मार्च के दौरान कई स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तनाव की स्थिति बनी रही।

## सोनम वांगचुक ने जारी रखी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल,

नई दिल्ली। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 'संसद चलो' मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई के बाद उन्होंने अपना अनशन तब तक जारी रखने का निर्णय लिया है, जब तक युवा प्रतिनिधियों को सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं मिल जाती या उन्हें अस्पताल में ही सांसदों से मिलने का अवसर नहीं दिया जाता। सफदरजंग अस्पताल से जारी बयान में वांगचुक ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद

## नीट छात्रों के समर्थन में सपा का हजरतगंज में प्रदर्शन



**लखनऊ।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट छात्रों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे समाजवादी पार्टी (सपा) सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए हजरतगंज चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर ईको गार्डेन भेज दिया गया। समाजवादी पार्टी का आरोप है कि दिल्ली में सांसद डिंपल यादव के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर नीट छात्रों के समर्थन में गए सपा सांसदों को पुलिस ने हिरासत में लिया, जिसके विरोध में प्रदेशभर में प्रदर्शन आयोजित किए गए। इसी क्रम में लखनऊ में पार्टी के महानगर एवं जिला इकाई के पदाधिकारी, विभिन्न फ्रंटल संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सिविल अस्पताल के पास एकत्र हुए। हाथों में पार्टी के झंडे और बैनर लिए कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हजरतगंज चौराहे तक मार्च निकाला। चौराहे पर धरना देकर प्रदर्शनकारियों ने नीट परीक्षा मामले में निष्पक्ष कार्रवाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की।

## जंतर-मंतर प्रदर्शन के बीच इंटरनेट बंद



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद किए जाने का व्यापक असर देखने को मिला। इंटरनेट बंद होने से न केवल आम लोगों बल्कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गूगल मैप और लोकेशन सेवाएं बंद होने के कारण कई पुलिसकर्मी घंटों तक अपनी तैनाती स्थल का रास्ता तलाशते रहे। जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन के बीच मंडी हाउस, करोल बाग और मंदिर मार्ग सहित आसपास के क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट सेवा अस्थायी रूप से बंद कर दी गई थी। इसका सबसे अधिक असर उन पुलिसकर्मियों पर पड़ा, जिन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी के विभिन्न जिलों से नई दिल्ली बुलाया गया था। जानकारी के अनुसार, कई पुलिसकर्मियों के पास केवल ड्यूटी रोस्टर था, जिसमें तैनाती स्थल का नाम दर्ज था। इंटरनेट बंद होने के कारण वे गूगल मैप का उपयोग नहीं कर सके और रास्ता खोजने के लिए लोगों तथा ऑटो चालकों से पूछताछ करते रहे। कई स्थानों पर उन्हें कागज पर लिखे दिशा-निर्देशों के आधार पर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। इसी तरह, दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत बन रहे एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के निकट लगाई गई थी। इंटरनेट सेवा बाधित होने से वे गोल मार्केट और पंडित पंत मार्ग के बीच काफी देर तक भटकते रहे। बाद में कार्यालय के ब्रॉडबैंड इंटरनेट की मदद से उनका मार्ग खोजा गया और कागज पर प्रमुख सड़कें व चौराहे लिखकर उन्हें तैनाती स्थल तक पहुंचाया गया। पुलिसकर्मियों को समय पर ड्यूटी स्थल न पहुंच पाने की भी चिंता सताती रही। इंटरनेट बंद होने का असर प्रदर्शनकारियों पर भी साफ दिखाई दिया। दूर-दराज के राज्यों और विभिन्न इलाकों से आए लोग जंतर-मंतर का रास्ता पूछते नजर आए।

## राहुल बोले- दोषी खुले घूम रहे, छात्रों पर कार्रवाई



**नई दिल्ली।** देश में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को लेकर सियासत तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'युवा-विरोधी प्रधानमंत्री' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों में दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही, जबकि अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई की जा रही है। राहुल गांधी ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि सरकार छात्रों की समस्याओं को सुनने के बजाय उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने दावा किया कि देशभर में विभिन्न परीक्षाओं के 152 प्रश्नपत्र लीक होने से करीब 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए, लेकिन अब तक किसी जिम्मेदार व्यक्ति को कड़ी सजा नहीं मिली है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पेपर लीक जैसे मामलों की नैतिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। राहुल गांधी के अनुसार, सरकार युवाओं के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने दिल्ली में संसद की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई का भी उल्लेख करते हुए कहा कि कथित पेपर लीक के दोषी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि शिक्षा व्यवस्था में सुधार और निष्पक्ष जांच की मांग करने वाले छात्रों को हिरासत में लिया जा रहा है तथा उनके साथ बल प्रयोग किया जा रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय विरोध की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। वहीं, कांग्रेस ने पूरे मामले को शिक्षा व्यवस्था की विफलता बताते हुए केंद्र सरकार से छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने और पेपर लीक मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# ऊर्जा परियोजनाओं के लिए उत्तराखंड ने मांगी विशेष सहायता, केंद्रीय मंत्री से मिले मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर उत्तराखंड की ऊर्जा जरूरतों और विभिन्न विद्युत परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता की मांग की। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर उत्तराखंड की जल विद्युत परियोजनाओं को भी विशेष वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की बढ़ती बिजली मांग, जल विद्युत परियोजनाओं, पम्प स्टोरेज परियोजनाओं, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस)



तथा पिटकुल की एडीबी सहायतित ट्रांसमिशन परियोजना के लिए वित्तीय सहयोग और आवश्यक स्वीकृतियां देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा एलनीनो और कमजोर मानसून की आशंका जताई गई है, जिससे जलाशयों में जल स्तर घटने और आगामी महीनों में जल विद्युत उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। वहीं, चारधाम यात्रा और कांवड़ यात्रा के दौरान बिजली की मांग में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इसे देखते हुए उन्होंने जुलाई माह की शेष अवधि के लिए 150 मेगावाट तथा अगस्त माह के लिए 200 मेगावाट अतिरिक्त बिजली केंद्रीय पूल से उपलब्ध कराने की मांग की। धामी ने राज्य में लगभग 10 गीगावाट पम्प स्टोरेज क्षमता विकसित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 7,800 करोड़ रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता अथवा गैप फंडिंग उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया। साथ ही, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्वीकृत क्षमता 500 मेगावाट से बढ़ाकर 665 मेगावाट करने और उसके अनुरूप वित्तीय सहायता देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने पिटकुल की 3,638.26 करोड़ रुपये की एडीबी सहायतित ट्रांसमिशन परियोजना के लिए ऋण एवं राज्यांश का अनुपात पूर्व की तरह 80:20 बनाए रखने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि यदि वित्तीय पैटर्न में बदलाव किया गया तो विशेष श्रेणी के हिमालयी राज्य के रूप में उत्तराखंड को मिलने वाले वित्तीय लाभ प्रभावित होंगे।

# पुंछ में भूस्खलन से कई परिवार तबाह, दो दिनों में 23 की मौत

**श्रीनगर(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। पुंछ जिले के मंडी तहसील स्थित लोरन ब्लॉक के दोमेल ढोक क्षेत्र में हुए भीषण भूस्खलन ने कई परिवारों को उजाड़ दिया। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को बारिश और भूस्खलन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में एक महिला और उसके दो बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही पिछले दो दिनों में प्रदेश में बारिश जनित हादसों में मृतकों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। बताया गया कि सोमवार को लगातार बारिश के बीच पीर पंजाल पर्वतमाला के दुर्गम दोमेल ढोक क्षेत्र में अचानक भूस्खलन हुआ, जिससे कई



लोग मलबे की चपेट में आ गए। क्षेत्र दूरस्थ होने के कारण घटना की सूचना प्रशासन तक देर शाम पहुंच सकी। सूचना मिलते ही मंडी प्रशासन, पुलिस तथा राहत एवं बचाव दलों को मौके पर रवाना किया गया। पुंछ के लोरन के ऊपरी इलाकों में भूस्खलन के कारण एक कच्चा मकान पूरी तरह ढह गया। इस हादसे में जाहिदा बेगम (38), उनके बेटे मनन रफीक (6), बेटी अलीसा (4), देवर तनवीर अहमद भट्ट (27), ननद शमीम अख्तर (33), शबनम बानो (31) तथा भतीजे मोहम्मद इरफान (17) की मलबे में दबकर मौत हो गई। सभी मृतक मंडी तहसील के अरिगाम गांव के निवासी थे। उधर, डोडा जिले में जम्मू-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक यात्री बस पर चट्टान गिरने से कुलवंत सिंह और मनीष कुमार की मौत हो गई, जबकि छह अन्य यात्री घायल हो गए। काष्टीगढ़ क्षेत्र में घर के पास पत्थर गिरने से शिव देवी की भी जान चली गई। वहीं, राजौरी के सलानी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ में बह गए विकास अहमद का शव बरामद किया गया। प्रशासन के अनुसार, पिछले दो दिनों की भारी बारिश से सड़क, पुल, मकान और अन्य सार्वजनिक एवं निजी बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है।

## मुंबई की विशेष अदालत का बड़ा फैसला 44 सोमाली समुद्री डाकुओं को उम्रकैद

**मुंबई(एजेंसी)।** मुंबई की विशेष अदालत ने समुद्री सुरक्षा से जुड़े एक बड़े मामले में 44 सोमाली समुद्री डाकुओं को उम्रकैद की सजा सुनाई। इससे अदालत ने साफ संदेश दे दिया कि डकैती और अपहरण जैसे गंभीर अपराधों के प्रति कानून किसी तरह की नरमी नहीं बरतेगा। दोषियों ने सजा से पहले अदालत से दया की अपील की थी। उनका कहना था कि भारतीय जेल में भाषा, खान-पान, संस्कृति और परिवार से दूर रहने के कारण उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए उनकी अपील खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि सभी दोषी समुद्री डकैती निरोधक कानून, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम)



अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाए गए हैं। विशेष जज संजय दिघे ने अपने फैसले में माना कि आरोपियों पर समुद्री डकैती, अपहरण और हत्या की कोशिश जैसे गंभीर अपराध सिद्ध हुए हैं। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में केवल व्यक्तिगत कठिनाइयों के आधार पर सजा में राहत नहीं दी जा सकती, क्योंकि यह अपराध समुद्री सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

# सड़क परियोजनाओं में देरी पर सख्त हुए सीएम हेमंत सोरेन

**रांची(एजेंसी)।** झारखंड में सड़क, फ्लाईओवर और पुल-पुलिया परियोजनाओं में हो रही देरी पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सख्त रुख अपनाया है। मंत्रालय में पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित परियोजनाओं को दो माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत, निर्माणाधीन





और पूर्ण हो चुकी सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज तथा पुल-पुलिया परियोजनाओं की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की। समीक्षा के दौरान कई परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास परियोजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक परियोजना की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने और तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा। हेमंत सोरेन ने विभाग को सभी परियोजनाओं का अद्यतन डेटाबेस तैयार करने तथा उनकी जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना की लागत, प्रगति और निर्धारित समय-सीमा का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध होना चाहिए, ताकि उसकी प्रभावी निगरानी की जा सके और जवाबदेही तय हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जियो-टैगिंग व्यवस्था से विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी, परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति का आसानी से आकलन किया जा सकेगा और कार्यों की गुणवत्ता पर भी प्रभावी निगरानी संभव होगी। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

## हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के खिलाफ नौसैनिक नाकेबंदी का किया ऐलान

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए तत्काल प्रभाव से नौसैनिक नाकेबंदी लागू करने की घोषणा की है। संगठन के सैन्य प्रवक्ता ने टेलीविजन पर प्रसारित बयान में कहा कि अब सऊदी अरब के विरुद्ध समुद्री प्रतिबंध लागू रहेगा। हूती विद्रोहियों ने इसे 'आंख के बदले आंख' की नीति के तहत उठाया गया कदम बताया है। इस घोषणा के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हूती विद्रोहियों का आरोप है कि सऊदी अरब लंबे समय से उनके नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर जमीन, समुद्र और हवाई मार्ग से प्रतिबंध लगाए हुए है। संगठन का कहना है कि इन प्रतिबंधों के कारण उनके बंदरगाहों और हवाई अड्डों का संचालन प्रभावित हुआ है तथा प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### लाखों के जेवरात व नकदी लेकर चोर फरार



**शुकुल बाजार (अमेठी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महोना पश्चिम के पूरे सारी गांव में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण एवं हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार पूरे सारी निवासी नसीर अहमद के घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुस गए। चोरों ने घर में रखे लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात तथा हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली और फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही बाजार शुक्ल पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। वही आए दिन चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### कांवड़ यात्रा व संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, कलवारी-टांडा पुल का किया निरीक्षण



**बस्ती।** बस्ती जिले में जिला प्रशासन आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा सरयू नदी में संभावित बाढ़ की आशंका के मद्देनज़र रविवार को मंडलायुक्त बस्ती मंडल, जिलाधिकारी बस्ती एवं पुलिस अधीक्षक बस्ती ने सरयू नदी पर स्थित कलवारी-टांडा पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुल पर यातायात व्यवस्था, सरयू नदी के जलस्तर तथा आसपास के निचले क्षेत्रों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कांवड़ यात्रा के दौरान निर्बाध यातायात, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की भी समीक्षा की और निर्देश दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों में समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा और बाढ़ जैसी संभावित परिस्थितियों को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी से कार्य करेंगे, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### सामाजिक समता के प्रबल हिमायती थे पूर्व सांसद: चंद्रभूषण

**देवरिया।** जिले के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित समाजवादी पार्टी जनसंपर्क कार्यालय पर पूर्व सांसद राम अवधेश सिंह के स्मृति दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सपा नेता चंद्रभूषण यादव ने उन्हें सामाजिक न्याय और समता का सशक्त योद्धा बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। यादव ने कहा कि बिहार विधानसभा और संसद के दोनों सदनों के सदस्य रहने के बावजूद राम अवधेश सिंह ने कभी पेंशन नहीं ली। उन्होंने बिहार चौकीदार-दफादार संघ के अध्यक्ष के रूप में संघर्ष कर चौकीदारों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिलाने के लिए उन्होंने बिहार से दिल्ली तक कई आंदोलन और रैलियों का नेतृत्व किया। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रहे राम अवधेश सिंह का सामाजिक न्याय के क्षेत्र में योगदान सदैव याद रखा जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में मुरलीधर, सुरेश नारायण सिंह, सोनू शर्मा, जितेंद्र बुलबुल यादव, अयोध्या वर्मा, गोकुला यादव, रामचंदर शर्मा, चंद्रिका यादव, शंकर गोंड, नगीना यादव, व्यास यादव, उत्तिम यादव, नारायण प्रसाद, कांता प्रसाद, श्यामराज कन्नौजिया, रामनयन प्रसाद, अभिषेक गुड्डू गोंड, ऐनुल अंसारी, मायालाल यादव, बेलभद्र गोंड, महेंद्र प्रसाद, राजन यादव और गोविंद यादव सहित अनेक लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्दनाक हादसा: डिवाइडर पार कर बस से भिड़ी कार, दो युवकों की मौत, एक गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाना क्षेत्र के रीठिया फ्लाई ओवर पर रविवार शाम करीब पांच बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब अयोध्या से बिहार की ओर जा रही मारुति टाटा टियागो कार (BR 05 AF 2829) अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई और सामने से बस्ती से लखनऊ की ओर जा रही प्राइवेट बस (क्र 51 ष्टञ्ज 1758) से आमने-सामने टकरा गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह पुलिस बल और सीसी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए तीनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बस्ती पहुंचाया।

जिला अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने कुंदन कुमार, पुत्र मधुसूदन सिंह, निवासी चिंतामणपुर बाबू टोला, थाना पिपरा, जिला पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) तथा पंकज कुमार, पुत्र राम तपस्या सिंह, निवासी माधोपुर फुलवरिया, थाना केसरिया, जिला पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) को मृत घोषित कर दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल रितिक कुमार, पुत्र मोहन प्रसाद, निवासी केसरिया, थाना केसरिया, जिला पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद पुलिस ने हाइड्रा मशीन की सहायता से क्षतिग्रस्त कार और बस को सड़क किनारे हटवाया, जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सामान्य कराया गया। पुलिस के अनुसार मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही।

## रानीगंज मार्ग की पटरी पर उगी कंटीली झाड़ियां बनीं हादसों का कारण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** शुकुल बाजार-रानीगंज मार्ग पर सड़क के दोनों ओर पटरी पर उगी कंटीली झाड़ियां राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बन गई हैं। झाड़ियां इतनी अधिक फैल गई हैं कि कई स्थानों पर वे पक्की सड़क तक पहुंच गई हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों और पैदल राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब सामने या पीछे से कोई वाहन आता है और किसी कारणवश सड़क की पटरी पर उतरना पड़ता है, तो कंटीली झाड़ियों के कारण निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार लोगों के कपड़े फंस जाते हैं और शरीर पर खरोंच तक आ जाती है। रात्रि के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। अंधेरे में झाड़ियां दिखाई नहीं देतीं, जिससे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की पटरी की सफाई नहीं कराई गई है, जिसके कारण झाड़ियां लगातार फैलती जा रही हैं।क्षेत्रवासियों ने लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि सड़क के दोनों ओर उगी कंटीली झाड़ियों की शीघ्र कटाई कराकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि राहगीरों को होने वाली परेशानी दूर हो सके और संभावित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## भटनी में जनसमस्याओं का निरीक्षण, ईओ ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**भटनी, देवरिया।** आदर्श नगर पंचायत भटनी में पेयजल, जलनिकासी, सड़क और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर समाजसेवी सुमेश वर्मा ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) के साथ विभिन्न वार्डों और प्रमुख मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने टूटा नाला, बंद सार्वजनिक शौचालय, जर्जर सड़कें, आरओ प्लांटों की खराब व्यवस्था और नदी कटान की समस्या उठाई। समाजसेवी सुमेश वर्मा ने बताया कि नगरवासी लंबे समय से इन मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों का ध्यान जनहित से जुड़े मुद्दों की ओर आकृष्ट करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। निरीक्षण के बाद अधिशासी अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए। इनमें टूटे बड़े नाले का पुनर्निर्माण और सुरक्षा जाली लगाना, बंद सार्वजनिक शौचालयों की जांच कर उन्हें संचालित करना, मुख्य मार्गों के गड्ढों और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, आरओ प्लांटों की टंकियों की सफाई तथा तकनीकी खामियों को दूर करना शामिल है।

## खाते से उड़ाये दो लाख से अधिक की रकम, केस दर्ज




**लालगंज, प्रतापगढ़।** मोबाइल खो जाने से पीड़ित के साथ अज्ञात आरोपी द्वारा धोखाधड़ी कर उसके खाते से दो लाख दस हजार पांच सौ पचास रूपये पर हाथ साफ कर दिया गया। तहरीर पर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मोती का पुरवा पहाड़पुर निवासी वीरेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र शोभनाथ ने दी गई तहरीर में कहा है कि पांच जून को वह मुम्बई जाने के लिए घर से निकला। प्रतापगढ़ पहुंचने पर उसका फोन जेब से गिर गया। इसके बाद वह मुम्बई चला गया। वहां नया सिम निकलवाने पर यह जानकर आवाक रह गया कि किसी अज्ञात आरोपी द्वारा धोखाधड़ी कर उसके खाते से दो लाख दस हजार पांच सौ पचास रूपये निकाल लिये गये। पीड़ित ने तेईस जून को पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

## जलभराव से उबल पड़ा जनाक्रोश, सड़क जाम कर चेयरमैन को बुलाने पर अड़े नगरवासी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** आदर्श नगर पंचायत पचपेड़वा के पुरानी बाजार में जलभराव, कीचड़ और गंदगी से त्रस्त नगरवासियों का सब्र रविवार शाम जवाब दे गया। नाराज लोगों ने सड़क पर चौकी रखकर आवागमन रोक दिया और नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। हालात बिगड़ते देख चेयरमैन को स्वयं मौके पर पहुंचना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बरसात शुरू होने के बाद से पुरानी बाजार की सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं। जगह-जगह जलभराव और कीचड़ के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप था कि कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया गया।

मौके पर पहले चेयरमैन के कुछ समर्थकों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी चेयरमैन को बुलाने की मांग पर डटे रहे। सूचना मिलने पर चेयरमैन रवि वर्मा मौके पर पहुंचे और नगरवासियों से वार्ता कर जल्द जलनिकासी एवं सड़क की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर आवागमन बहाल कर दिया। प्रदर्शन के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन के कार्यों पर सवाल उठाते हुए विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप भी लगाए। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। चेयरमैन ने लोगों को भरोसा दिलाया कि नगरवासियों को जल्द ही जलभराव और कीचड़ की समस्या से राहत दिलाई जाएगी। फिलहाल, नगर पंचायत की व्यवस्थाओं को लेकर लोगों में नाराजगी साफ दिखाई दे रही है। नगरवासियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## निपुण भारत मिशन के तहत मंडलीय 'निपुण संकल्प' कार्यशाला आयोजित

### निपुण लक्ष्य व गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** बेसिक शिक्षा विभाग, जनपद अमेठी द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत मंडलीय निपुण संकल्प कार्यशाला का आयोजन सोमवार को आशीर्वाद मैरिज हॉल, मुंशीगंज, अमेठी में किया गया। कार्यशाला में जनपद अमेठी, अंबेडकर नगर एवं सुल्तानपुर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डायट प्रवक्ता,खंड शिक्षा अधिकारी, स्टेट रिसोर्स पर्सन, एआरपी तथा अन्य शैक्षिक अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संग्रामपुर, अमेठी की छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमेठी संजय तिवारी ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि जनपद अमेठी को इस महत्वपूर्ण मंडलीय कार्यशाला की मेजबानी का अवसर मिलना गौरव का विषय है तथा विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने के लिए कार्यरत है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने अपने संबोधन में कहा कि वह स्वयं शिक्षक परिवार से जुड़ी हुई है उन्होंने दिवास्वप्न पुस्तक के दृष्टांत के माध्यम से बच्चों को समझ के उनकी रुचि के अनुसार शिक्षा प्रदान करने की बात कही निपुण भारत मिशन केवल एक शैक्षिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं नवाचारों को विद्यालय स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। कार्यशाला के दौरान राज्य परियोजना कार्यालय से पधारे वरिष्ठ विशेषज्ञों , ऐश्वर्य, अंकित श्रीवास्तव तथा शिवेश ने निर्धारित एजेंडा के अनुसार विभिन्न विषयों पर विस्तृत एवं बिंदुवार प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने निपुण भारत मिशन की प्रगति, शैक्षणिक सत्र 2026-27 की रणनीति, बालवाटिका का प्रभावी संचालन, निपुण विद्यालय आकलन, विद्यालय विजिट एवं गुणवत्तापूर्ण मेंटरिंग, एनबीएमसी पोर्टल के व्यावहारिक उपयोग, डेटा आधारित समीक्षा, जिला परियोजना प्रबंधन इकाई की भूमिका तथा निपुण प्लस एवं नवीन शैक्षिक पहलों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया तथा विद्यालयों में सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए व्यवहारिक सुझाव साझा किए।



कार्यशाला में समूह गतिविधियों, अनुभव साझाकरण एवं विचार-विमर्श के माध्यम से प्रतिभागियों ने नवाचारों पर चर्चा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुल्तानपुर उपेंद्र गुप्ता, डीसी प्रशिक्षण गोविंद शुक्ला, डीसी निपुण आशुतोष श्रीवास्तव, जनपद अमेठी, अंबेडकर नगर एवं सुल्तानपुर के खंड शिक्षा अधिकारी, स्टेट रिसोर्स पर्सन एकेडमिक रिसोर्स पर्सन सहित बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन निपुण शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान में निपुण बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को पूर्ण समर्पण के साथ प्राप्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रमेश सिंह ने किया।


## महुआ कटान मामले में वन विभाग की कार्रवाई पर सवालिया निशान

### सूचना देने के बाद भी कार्यवाही करने से कन्नी काट रहे वन दरोगा व वन रक्षक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केदुबौलिया क्षेत्र में प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध तरीके से हो रही कटान को रोकना डीएफओ डॉ0 शिरीन के लिए चुनौती बना हुआ है। डीएफओ डॉ0 शिरीन का नाम तेज तर्रार डीएफओ में गिना जाता है। जिले में जब डीएफओ डॉ0 शिरीन ने ज्वाइनिंग किया था तब तेज तर्रार के रूप में कार्य करती थी लेकिन धीरे- धीरे अवैध पेड़ों की कटान मामले में कार्यवाही की गति कम होने से कर्मचारियों में भी सुस्ती देखने को मिल रही है और धड़ल्ले से जिले भर में हरे पेड़ों की कटान चल रही है और जांच एवं कार्यवाही के नाम पर मात्र लीपापोती का खेल चल रहा है जानकारी के अनुसार विकासखण्ड दुबौलिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरैया बक्शी में बिना परमिट के आम के पेड़ की कटान हुई थी और ग्राम पंचायत रमवापुर राजा में राम जानकी मार्ग से सटा बिना परमिट के महुआ के पेड़ की कटान हुई है।

हल्का वन दरोगा व वन रक्षक को फोन के माध्यम से सूचना थी दी गई थी और हल्का वन दरोगा व वन रक्षक ने फोन के माध्यम से कहा भी था कि जांच के बिना परमिट के कटे दोनों पेड़ों के मामले में मुकदमा दर्ज होगा एवं विभागीय कार्यवाही की जायेगी लेकिन धीरे - धीरे समय बीतता गया और जांच के नाम लीपा-पोती होती रही आज तक उक्त दोनों पेड़ों के मामले में कार्यवाही नहीं हुई सूत्रों से पता चला कि लकड़ी माफिया से मोटी रकम लेकर मामले को रफा दफा कर दिया गया है। आखिर रेंजर व डीएफओ के आंख में धूल झोंकने वाले हल्का वन दरोगा व वन रक्षक के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हुई? जिसको लेकर जिले में तरह- तरह की चर्चाएं चल रही है। अब देखना यह है कि सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद डीएफओ डॉ0 शिरीन के द्वारा बिना परमिट के कटे दोनों पेड़ों के मामले में क्या कार्यवाही की जाती है?



वन विभाग की सुस्ती देख दुबौलिया पुलिस भी बिना परमिट के कटे पेड़ों मामले में नही ले रही रुचि- जब प्रतिबंधित पेड़ों की धड़ल्ले से होगी कटान तो पर्यावरण कैसे रहेगा सुरक्षित?

## दो नोटिस जारी करने के बाद भी नही हट पा रहा नगर पंचायत कप्तानगंज में अवैध अतिक्रमण

### अवैध वसूली तक सिमट रहा ईओ कप्तानगंज के द्वारा अवैध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर पंचायत कप्तानगंज के अधिशाषी अधिकारी शिव प्रताप सिंह के द्वारा नगर पंचायत कप्तानगंज में अवैध अतिक्रमण को लेकर जारी किया गया नोटिस अवैध वसूली तक सीमित है। अधिशाषी अधिकारी हर 06 माह में एक बार नगर पंचायत कप्तानगंज में अवैध अतिक्रमण को लेकर दुकानों पर नोटिस चस्पा कर देते हैं और एक सप्ताह में दुकानदारों से लेन - देन करके मामला रफा-दफा कर देते हैं। सूत्रों की माने तो ई0 ओ0 शिव प्रताप सिंह ने पहली नोटिस 30 दिसम्बर 2025 व दूसरी नोटिस 08 जुलाई 2026 को अवैध अतिक्रमण को लेकर दुकानों पर चस्पा किया था लेकिन दोनों नोटिसों में मात्र दुकानदारों से डरा धमका कर अवैध वसूली किया है जिसके कारण नगर पंचायत कप्तानगंज में अवैध अतिक्रमण बरकार है और दुकानदारों ने ई0 ओ0 के द्वारा हर 06 महीने में नोटिस जारी होने पर नाराजगी जताई है। आपको बता दें कि जिले के नगर पंचायत कप्तानगंज में अवैध अतिक्रमण को लेकर अधिशाषी अधिकारी (ईओ) शिव प्रताप सिंह द्वारा दुकानदारों को नोटिस जारी किए जाने का मामला चर्चा में है। कुछ दुकानदारों एवं स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बजाय कथित रूप से अवैध वसूली की जा रही है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि अतिक्रमण बरकरार रखने के नाम पर कुछ दुकानदारों से सुविधा शुल्क मांगा जा रहा है। इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी 30 दिसम्बर 2025 में अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस जारी किए गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि उस समय भी कार्रवाई को लेकर सवाल उठे थे। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है और कुछ लोगों ने अधिशाषी अधिकारी की कार्यशैली की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होनी चाहिए। यदि ई0 ओ0 शिव प्रताप सिंह के द्वारा जारी नोटिस के जरिए अवैध वसूली का खेल जारी रहा तो जल्द ही नगर पंचायत कप्तानगंज में ई0 ओ0 शिव प्रताप सिंह के खिलाफ मोर्चा खुल सकता है।

## भटनी में जनसमस्याओं का निरीक्षण, ईओ ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**भटनी, देवरिया।** आदर्श नगर पंचायत भटनी में पेयजल, जलनिकासी, सड़क और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर समाजसेवी सुमेश वर्मा ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) के साथ विभिन्न वार्डों और प्रमुख मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने टूटा नाला, बंद सार्वजनिक शौचालय, जर्जर सड़कें, आरओ प्लांटों की खराब व्यवस्था और नदी कटान की समस्या उठाई। समाजसेवी सुमेश वर्मा ने बताया कि नगरवासी लंबे समय से इन मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों का ध्यान जनहित से जुड़े मुद्दों की ओर आकृष्ट करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। निरीक्षण के बाद अधिशासी अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए। इनमें टूटे बड़े नाले का पुनर्निर्माण और सुरक्षा जाली लगाना, बंद सार्वजनिक शौचालयों की जांच कर उन्हें संचालित करना, मुख्य मार्गों के गड्ढों और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, आरओ प्लांटों की टंकियों की सफाई तथा तकनीकी खामियों को दूर करना शामिल है। नदी कटान की समस्या के स्थायी समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए गए। सुमेश वर्मा ने उम्मीद जताई कि अधिकारियों के निर्देशों के बाद विकास कार्यों में तेजी आएगी और नगरवासियों को जल्द राहत मिलेगी।

## विद्यालयों से सड़कों तक गूंजा सड़क सुरक्षा का संदेश, नुक्कड़ नाटक व प्रतियोगिताओं से किया जागरूक







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकर नगर।** जिला प्रशासन अम्बेडकर नगर एवं आईआईटी मद्रास के सहयोग से संचालित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को जनपद के विभिन्न विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश आमजन तक पहुंचाया। अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में सुरक्षित सड़क व्यवहार की भावना विकसित करना तथा सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप देना है। अभियान के अंतर्गत डीएवी इंटर कॉलेज टांडा, तक्षशिला एकेडमी लोरपुर ताजन, रेडिएंट सेंट्रल चिल्ड्रेन एकेडमी जलालपुर, न्यू लाइट नर्सरी स्कूल सिकंदरपुर, ग्लोबल विजडम स्कूल अकबरपुर, डालमिस एनटीपीसी स्कूल टांडा, रजत पब्लिक स्कूल सैदपुर, आरपीआरएन पब्लिक स्कूल रामपुर सकरवारी, ब्रेनसीड इंटरनेशनल स्कूल टांडा, सेंट पॉल्स स्कूल अकबरपुर तथा डिवाइन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जनपद के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर हेलमेट और सीट बेल्ट के नियमित उपयोग, यातायात नियमों के पालन तथा जिम्मेदार सड़क व्यवहार का संदेश दिया। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों में सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं और शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से सुरक्षित यातायात का संदेश दिया तथा स्वयं नियमों का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

जिला प्रशासन द्वारा संचालित विशेष प्रवर्तन अभियान भी लगातार तीसरे दिन जारी रहा। यातायात पुलिस एवं संबंधित विभागों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने तथा नशे की हालत में वाहन संचालन से बचने के लिए जागरूक किया। अभियान का समापन समारोह 21 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे लोहिया भवन सभागार, अकबरपुर में आयोजित होगा। इस अवसर पर अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यालयों, विद्यार्थियों, सड़क सुरक्षा सखियों, सड़क सुरक्षा मित्रों तथा सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रशासन का लक्ष्य जनपद में सड़क सुरक्षा को स्थायी जनआंदोलन का स्वरूप देना और शून्य सड़क दुर्घटना की दिशा में जनभागीदारी को मजबूत करना है।

## मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के लोकार्पण की तैयारियां तेज, डीएम ने किया निरीक्षण

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर, शेष कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश



**बलरामपुर।** निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के प्रस्तावित लोकार्पण को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम (यूपीआरएनएन) के प्रबंध निदेशक आर.एन. सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक ब्लॉक, सभागार, सड़क, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, सीवरेज, हरित क्षेत्र, लैंडस्केपिंग तथा परिसर के सौंदर्यीकरण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शेष फिनिशिंग कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय केवल बलरामपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देवीपाटन मंडल के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: उतरौला में 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सोमवार को तहसील उतरौला स्थित शालीमार लॉन में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में 48 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इनमें 38 जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाज एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ, जबकि 10 जोड़ों का निकाह इस्लामिक परंपराओं के अनुसार संपन्न कराया गया। समारोह सामाजिक समरसता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवविवाहित दंपतियों को शुभाशीष देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना की। विवाह समारोह में प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई, जिससे वर-वधू और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानजनक वातावरण में कराना तथा शासन की ओर से निर्धारित आर्थिक सहायता एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना है। यह योजना सामाजिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रशासन ने पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की थीं। विवाह स्थल पर पंजीकरण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन और स्वच्छता सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से



समारोह शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक उतरौला के प्रतिनिधि, गैड़ास बुजुर्ग के ब्लॉक प्रमुख राकेश, रेहरा एवं उतरौला के प्रमुख प्रतिनिधि, नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष, नोडल अधिकारी एवं परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग विवेकानंद मिश्रा, विभिन्न विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मधुबन में जिला सहकारी बैंक के नवीन भवन का उद्घाटन : एके शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मऊ/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सोमवार को जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, मऊ की मधुबन शाखा के नवीन भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारिता किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकारिता से समृद्धि' के विजन को साकार करने में सहकारी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मंत्री ने नवीन भवन के निर्माण पर बैंक प्रबंधन, सहकारी समिति के सदस्यों और क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यदि पूर्ववर्ती सरकारों ने सहकारिता क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान दिया होता तो ऐसे आधुनिक भवन वर्षों पहले बन गए होते। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले सहकारिता क्षेत्र की उपेक्षा की गई, जबकि वर्तमान केंद्र सरकार ने पहली बार अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन कर इस क्षेत्र को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि आज सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण, गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद और अन्य कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने किसानों से सामूहिकता और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि सहकारिता के माध्यम से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ए.के. शर्मा ने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) भी वितरित किए और सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने घोसी सहकारी चीनी मिल के आधुनिकीकरण की योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी पेराई सत्र को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए 5 से 6 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, दीर्घकालिक योजना के तहत केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के सहयोग से चीनी मिल को अत्याधुनिक तकनीक से लैस कर देश की अग्रणी आधुनिक चीनी मिलों में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के बाद मंत्री ए.के. शर्मा ने बार्क (BARC) में वैज्ञानिक पद पर चयनित जनपद के युवा हिमांशु वर्मा के आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली युवा विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत हैं तथा उनकी उपलब्धियां अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शुभम सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक विजय प्रकाश वर्मा, गिरिजा शंकर मौर्य सहित बड़ी संख्या में किसान, सहकारी समिति के सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जवाहर भवन अग्निकांड: महापौर सुषमा खर्कवाल ने लिया घटनास्थल का जायजा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के प्रमुख सरकारी कार्यालयों में शामिल जवाहर भवन में सोमवार सुबह आग लगने की घटना के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आग लगने के कारणों और राहत कार्यों की जानकारी प्राप्त की। महापौर ने पुलिस, अग्निशमन विभाग, नगर निगम तथा प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन में कार्यरत कर्मचारियों एवं आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने सरकारी भवनों में स्थापित अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच और आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने राहत एवं बचाव अभियान में जुटे पुलिस, अग्निशमन विभाग, नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# प्रहर्ष फाउंडेशन ने युवा प्रतिभाओं का किया सम्मान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** जन प्रहर्ष परिवार के काव्योत्सव मनाते हुए कवि अक्षर लोग शीर्ष सम्मान संयुक्त तत्वावधान में सम्मान मनमोहन मिश्रा अक्षर लोग युवा सम्मान पंडित धीरज मिश्रा शांडिल्य अध्यक्षता डॉ संजय अध्यक्षता व्यंजन शुक्ला पत्रकार विपिन शर्मा प्रमोद द्विवेदी समारोह को सम्पन्न करने में योगदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप रामकृष्ण यादव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में अंशु 'प्रिया' दुबे, सुधा गुप्ता, वंदना विशेष, वत्सला पांडे, रूही शुक्ला, योगी योगेश शुक्ला, राज्य वर्मा वत्सल, पूनम मिश्रा, लोकेश त्रिपाठी, ओम शर्मा ओम, सुभाष चंद रसिया, मंजुल मिश्रा मंजर, रेनू द्विवेदी, निशा सिंह, अरविंद झा, महेश चंद्र गुप्ता, लक्ष्मी शुक्ला अलका अस्थान आलोक रंजन मिश्रा, हरीश मिश्रा, प्रज्ञा त्रिपाठी, ज़िद्दी मुस्कान ने अपनी प्रभावशाली काव्य प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की ओज, हास्य, श्रृंगार एवं संवेदना से भरपूर रचनाओं को श्रोताओं ने खूब सराहा। इस अवसर पर प्रहर्ष फ़ाउंडेशन द्वारा लकी ड्रॉ विजेताओं का चयन कर आकर्षक उपहार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की निवेदक डॉ. सुमन दुबे की विशेष भूमिका रही।

# मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने एसडीओ रवेश कुमार के खिलाफ प्रबंध निदेशक को लिखा पत्र, कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सांसद ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि स्थानीय व्यापारी कन्हैया गुप्ता से कथित रूप से एक लाख रुपये अवैध रूप से लिए गए। साथ ही नगर क्षेत्र के सभासदों एवं स्थानीय सम्मानित नागरिकों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों का हवाला देते हुए आरोप लगाया गया है कि रात के समय एसडीओ के निर्देशन में लाइनमैनों द्वारा बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इसके बाद लाइन दोबारा चालू कराने के लिए स्थानीय लोगों से चंदा इकट्ठा कराया जाता है और कथित रूप से तीन से पांच हजार रुपये तक की अवैध वसूली सप्ताह में दो बार की जाती है।**

**मिश्रिख(सीतापुर)।** मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से सांसद अशोक कुमार रावत ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर मिश्रिख विद्युत उपखंड में तैनात उपखंड अधिकारी (एसडीओ) रवेश कुमार के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें निलंबित कर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है। सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र में एसडीओ रवेश कुमार की कार्यशैली अत्यंत भ्रष्ट तथा शासन की मंशा के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपखंड क्षेत्र में विद्युत लाइनें जर्जर स्थिति में हैं और उनका समय पर रखरखाव नहीं किया जाता। नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित होने अथवा तार जलने की स्थिति में एक-एक सप्ताह तक लाइन नहीं बदली जाती। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर जल जाने पर भी कई दिनों तक उसे नहीं बदला जाता तथा लाइनों में फॉल्ट आने पर 10-10 दिनों तक मरम्मत नहीं की जाती, जिससे आम उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों पर आवेदन देने के बाद भी दो-दो महीने तक उनका निस्तारण नहीं किया जाता और विभाग में लगातार अवैध धन वसूली की जा रही है। सांसद ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि स्थानीय व्यापारी कन्हैया गुप्ता से कथित रूप से एक लाख रुपये अवैध रूप से लिए गए। साथ ही नगर क्षेत्र के सभासदों एवं स्थानीय सम्मानित नागरिकों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों का हवाला देते हुए आरोप लगाया गया है कि रात के समय एसडीओ के निर्देशन में लाइनमैनों द्वारा बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इसके बाद लाइन दोबारा चालू कराने के लिए स्थानीय लोगों से चंदा इकट्ठा कराया जाता है और कथित रूप से तीन से पांच हजार रुपये तक की अवैध वसूली सप्ताह में दो बार की जाती है। पत्र में यह भी कहा गया है कि एसडीओ रवेश कुमार अधिकांश समय मिश्रिख उपखंड कार्यालय में उपस्थित न रहकर सीतापुर अथवा नैमिषारण्य में रहते हैं, जिससे विभागीय कार्य प्रभावित होते हैं। सांसद ने उनके आचरण एवं व्यवहार पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। सांसद अशोक कुमार रावत ने प्रबंध निदेशक से मांग की है कि कन्हैया गुप्ता के शपथ पत्र तथा नगर क्षेत्र के सभासदों के प्रार्थना पत्रों की जांच कराई जाए। उन्होंने एसडीओ रवेश कुमार को तत्काल निलंबित कर जनपद मुख्यालय से संबद्ध करने, उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करने तथा उनकी चल एवं अचल संपत्तियों की भी जांच कराने की मांग की है। साथ ही की गई कार्रवाई से उन्हें व्यक्तिगत रूप से अवगत कराने का भी अनुरोध किया है।

# शारदा सहायक नहर पुल पर गड्ढे, आवागमन में परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां सीतापुर।** बहराइच मार्ग पर बिसवां और पुरैनीगंज के बीच निकली शारदा सहायक नहर के पुल पर कई जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गये हैं। जिनमें फंसकर रोजाना दुपहिया चालक जख्मी हो रहे हैं। सीतापुर - बहराइच मार्ग पर दिन-रात हजारों की संख्या में छोटे से लेकर बड़े भारी वाहनों का आवागमन रहता है। चहलारी घाट पर पुल बन जाने, ब्लाक व तहसील मुख्यालय होने से अब भारी वाहनों का और भी आवागमन बढ़ गया है। पुल पर बरसात का पानी भर जाने से जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गये हैं। बरसात में पानी भरा रहने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और जब दुपहिया वाहन साईकिल, मोटर साइकिल, स्कूटर व स्कूटी आदि लेकर कोई निकलता है तो इन्हीं गड्ढों में उलझकर उसी गंदे पानी में गिर जाता है। कई बार तो राहगीर चोटिल भी हो चुके हैं। अभी कुछ दिनों बाद ही शुरू हो रहे पवित्र श्रावण मास में इस मार्ग पर बड़ी संख्या में कांवड़िये घाघरा नदी से पवित्र जल लेने के लिए गुजरते हैं। उन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं प्रतिदिन इस रास्ते पर आने जाने वाले पंकज खेतान, नितिन अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, राजा, बबलू, मुदित सिंघल, सुनीत कुमार, शुभम सिंघल ,दिनेश यादव, सतीश शर्मा,मनोज पोरवाल,अमित अग्रवाल ,सचिन तायल, ऋषभ अग्रवाल, सहित दर्जनों लोगों ने पुल के गड्ढों की तुरन्त मरम्मत कराकर गड्ढों की मरम्मत कराये जाने की मांग की है ।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए चारा सुनिश्चित करें : धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ संभावित एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में पशुओं के लिए भूसे और हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गो-आश्रय स्थलों की तैयारियां पूरी रखने और वर्षा ऋतु में पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 20 जुलाई से 3 अगस्त तक चलने वाले विशेष गोवंश सुपुर्दगी अभियान को मिशन मोड में संचालित करने पर जोर देते हुए लाभार्थियों के चयन में महिलाओं और गरीब परिवारों को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने सुपुर्द किए गए गोवंशों की नियमित निगरानी और पारदर्शी तरीके से भरण-पोषण राशि उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### शुद्ध पेयजल पर शोध को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय और मर्करी इंटरनेशनल के बीच एमओयू

**लखनऊ।** शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के क्षेत्र में अनुसंधान और आधुनिक तकनीकों के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मर्करी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) संपन्न हुआ। इस सहयोग के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित तकनीकों के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता, अनुसंधान और नवाचार पर संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा। मर्करी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दुर्गेश राय ने बताया कि कंपनी एआई आधारित समाधानों के जरिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत निःशुल्क तकनीकी सहयोग के रूप में संचालित की जाएगी, जिससे सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल के लिए अनुसंधान और तकनीकी विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि कंपनी पिछले 30 वर्षों से भारतीय मानक ब्यूरो से जुड़े कार्यों के साथ-साथ केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों के साथ भी पेयजल क्षेत्र में कार्य कर रही है।

# केजीबीवी से निकलीं उन्नाव की बेटियां बनीं क्रिकेट की नई पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेटियों की शिक्षा और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की पहल का प्रेरक उदाहरण सोमवार को राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ में देखने को मिला। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी), औरास (उन्नाव) की पूर्व छात्राएं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अर्चना देवी और उभरती क्रिकेटर निशा वर्मा ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी से मुलाकात कर अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। केजीबीवी के माध्यम से वंचित वर्ग की छात्राओं को शिक्षा के साथ खेल और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्नाव के एक छोटे से गांव से आने वाली अर्चना देवी ने आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद वर्ष 2023 में आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम में जगह बनाकर प्रदेश का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि केजीबीवी औरास में पढ़ाई के दौरान ही उनकी क्रिकेट प्रतिभा को पहचान मिली और यहीं से उनके खेल जीवन की शुरुआत हुई। इसी विद्यालय की पूर्व छात्रा निशा वर्मा उत्तर प्रदेश अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट में भी प्रदेश के लिए खेल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो सफलता अवश्य मिलती है। दोनों खिलाड़ियों ने सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों से मेहनत और लगन के साथ अपने सपनों को पूरा करने का संदेश दिया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय केजीबीवी की शिक्षिका पूनम को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन ने ही उन्हें सही दिशा और आगे बढ़ने का आत्मविश्वास दिया।

# शहीद पार्क बिसवां में अधिवक्ता अश्वनी त्रिपाठी एवं इंद्रपाल वर्मा की अगुवाई में क्रमिक अनशन रहा जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवा, सीतापुर।** प्रसिद्ध पर्यावरण विद सोनम वांगचुक द्वारा पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर मंतर पर भूख हड़ताल को लेकर उनके समर्थन में शहीद पार्क बिसवां मे अधिवक्ता अस्वनी त्रिपाठी एवं इंद्रपाल वर्मा की अगुवाई मे तीसरे दिन खराब मौसम के बावजूद क्रमिक अनशन जारी रहा। सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता दिग्विजय सिंह देव,सपा के जिलाध्यक्ष शमीम कौशर सिद्दीकी, सपा लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष मेराज अहमद एवं किसान यूनियन टिकैत गुट से शुभम रस्तोगी, नागरिक अधिकार संगठन सचिव हरीशंकर गुप्ता एवं पंकज भारती भी क्रमिक अनशन पर पहुचे, क्रमिक अनशन कर रहे अधिवक्ताओं का हौसला बढ़ाया और मांगो का समर्थन किया। सपा प्रवक्ता दिग्विजय सिंह देव ने कहा केंद्र सरकार छात्रों, युवाओं के सवालो का जबाव देने के बजाय लाठी भांज रही है, जो संविधान पर सीधा हमला है। सपा जिला अध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे काले दिन है भाजपा सरकारे जन सवालों हमेशा दूर रही है शिक्षा,स्वास्थ्य, मंहगाई जो नागरिकों के सवाल है सवाल उठाने वालों के दमन क रही है जनता जबाब देगी, किसान नेता शुभम रस्तोगी ने कहा शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और छात्रों के सवालों का जबाव देना चाहिए। मेराज अहमद ने कहा सवालों का जबाब न देना लोकतंत्र नही ताना शाही है। अधिवक्ता नईम अंसारी, संतोष कठेरिया,प्रमोद यादव षिक्षिज मिश्रा, जीतेन्द्र मिश्रा, अनुग्रह गुप्ता, अतीक घोसी, सामाजिक कार्यकर्ता हरीशंकर गुप्ता, सदफ खान, श्याम यादव,राकेश जोशी, अनवर हबीब, ने भी अपनी सहभागिता दी।

### कारागार मुख्यालय में दीक्षांत परेड संपन्न, मंत्री दारा सिंह चौहान ने ली सलामी

**लखनऊ।** प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने सोमवार को डॉ. सम्पूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में आयोजित कारागार अधिकारी संवर्ग (123वां सत्र) एवं जेल वार्डर संवर्ग (179वां सत्र) की पासिंग आउट परेड के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। अपने संबोधन में कारागार मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कारागारों को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुधारोन्मुख बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बंदियों के पुनर्वास, नैतिक मूल्यों के विकास, व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षित, अनुशासित एवं संवेदनशील कारागार कर्मी ही सुरक्षित और प्रभावी कारागार व्यवस्था की आधारशिला हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से मानवाधिकारों के संरक्षण, आधुनिक तकनीक के उपयोग और बंदियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए ईमानदारी एवं सेवाभाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। दीक्षांत परेड में कुल 91 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिनमें 12 अधिकारी और 79 जेल वार्डर शामिल रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान का शुभारंभ

**.......1000 पौधे लगाने के संकल्प के प्रथम चरण की शुरुआत, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता का दिया संदेश ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक झूलेलाल पार्क में सावी वेलफेयर सोसाइटी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। संस्था ने 1000 पौधे लगाने के संकल्प के साथ अभियान की शुरुआत करते हुए पार्क परिसर में बड़े पैमाने पर छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। इस दौरान नीम, पीपल, बरगद, आंवला और जामुन जैसे पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव सिंह ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान इसी सामाजिक दायित्व को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य द्वितीय वर्ष की छात्रा वैशाली राज सहित शिवेंद्र, अमन सिंह, मोली बंसल, प्रांजल सिंह, आदर्श दूबे, संदीप, ईशिता, प्रशंसा, जूलियट, मोहित सिंह वर्मा, अंजू तथा आसपास के अनेक पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और भविष्य में भी इस अभियान को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। संस्था ने बताया कि अभियान के आगामी चरणों में राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण कर 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा, जिससे शहर को अधिक हरित, स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिल सके।

# स्पैरो रिसॉर्ट में हर्ष फायरिंग पुलिस की 'चुप्पी' पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज / लखनऊ ।** लखनऊ के मोहनलालगंज स्थित स्पैरो रिसॉर्ट में आयोजित एक बर्थडे पार्टी के दौरान हुई ताबड़तोड़ हर्ष फायरिंग के मामले में चर्चित 'शर्मा चाय' प्रतिष्ठान के संचालक के पुत्र गौरव शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पार्टी में मौजूद 35 से 40 लोगों में से पुलिस ने 37 को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी, जिसके बाद बाकी लोगों को छोड़ दिया गया, जबकि रिसॉर्ट के मेंटेनेंस प्रभारी जितेंद्र सिंह की तहरीर पर गौरव शर्मा और रिंकू तिवारी उर्फ आशीष तिवारी के खिलाफ कई राउंड फायरिंग का मुकदमा दर्ज किया गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान मोहनलालगंज कोतवाल रामबाबू सिंह द्वारा मीडिया को समय पर स्पष्ट जानकारी न देने और सूचना छिपाने के प्रयासों से पुलिस की सूचना प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं; फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना के साथ ही यह जांच कर रही है कि फायरिंग में इस्तेमाल असलहे वैध थे या अवैध।

# संपादकीय

## 27 में आसान नहीं होगी भाजपा की राह

उत्तर प्रदेश की राजनीति हमेशा से देश की राजनीति की दिशा तय करती रही है। 403 विधानसभा सीटों वाला यह राज्य न केवल सबसे बड़ा राजनीतिक मैदान है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र भी माना जाता है। वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले जनता का बड़ा राजनीतिक संदेश माना जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने 2017 और 2022 में लगातार सत्ता हासिल की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार चला रही है। लेकिन तीसरी बार लगातार सत्ता में लौटना किसी भी दल के लिए आसान नहीं होता। यही कारण है कि भाजपा ने अभी से संगठन, उम्मीदवारों और बूथ स्तर की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती– लगातार दो कार्यकाल सत्ता में रहने के बाद सरकार को स्वाभाविक रूप से सत्ता विरोधी रुझान का सामना करना पड़ सकता है। जनता विकास कार्यों के साथ-साथ स्थानीय समस्याओं, रोजगार, महंगाई, किसानों की आय, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे मुद्दों पर भी सरकार का मूल्यांकन करेगी। भाजपा के लिए यह चुनाव केवल योजनाओं और उपलब्धियों का नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को फिर से हासिल करने का भी होगा। समाजवादी पार्टी की बढ़ती सक्रियता– समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार भाजपा को घेरने की रणनीति बना रहे हैं। पार्टी संगठन को मजबूत करने, विभिन्न सामाजिक वर्गों तक पहुंच बढ़ाने और विपक्षी एकजुटता की कोशिशों पर जोर दिया जा रहा है। हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों में भी सपा ने भाजपा के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है। यदि समाजवादी पार्टी अपने पारंपरिक वोट बैंक के साथ नए सामाजिक समूहों को जोड़ने में सफल रहती है, तो मुकाबला पहले की तुलना में अधिक कड़ा हो सकता है। भाजपा के सामने एक बड़ी चुनौती अपने मौजूदा विधायकों का प्रदर्शन आंकना है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पार्टी कई स्तरों पर सर्वे कराकर यह पता लगा रही है कि किन क्षेत्रों में जनता अपने विधायक से संतुष्ट है और किन क्षेत्रों में बदलाव की आवश्यकता है। ऐसे में कई वर्तमान विधायकों के टिकट कटने की संभावना भी जताई जा रही है। यदि टिकट वितरण में असंतोष बढ़ता है तो इसका असर चुनावी परिणामों पर पड़ सकता है। सहयोगी दलों की भूमिका– उत्तर प्रदेश में भाजपा का गठबंधन भी महत्वपूर्ण रहेगा। राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी), निषाद पार्टी, अपना दल (एस) जैसे सहयोगी दल कई क्षेत्रों में प्रभाव रखते हैं। यदि गठबंधन मजबूत बना रहता है तो भाजपा को लाभ मिल सकता है, जबकि किसी प्रकार की नाराजगी चुनावी समीकरण बदल सकती है। हाल ही में आरएलडी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार की योजना भी बनाई है। भाजपा के पास कई ऐसे पक्ष हैं जो उसे मजबूत स्थिति में रखते हैं— मजबूत संगठन और बूथ नेटवर्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं। लाभार्थी वर्ग तक सीधी पहुंच। हिंदुत्व और राष्ट्रवाद जैसे वैचारिक मुद्दों पर मजबूत पकड़। इन्हीं कारणों से भाजपा अभी भी उत्तर प्रदेश की सबसे प्रमुख राजनीतिक ताकतों में गिनी जाती है। विपक्ष के सामने भी चुनौतियां– भाजपा का सफर कठिन हो सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि विपक्ष की राह आसान है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी और अन्य दलों के बीच तालमेल, उम्मीदवार चयन, संगठन और वोटों का बंटवारा भी परिणामों को प्रभावित करेगा। यदि विपक्ष एकजुट नहीं होता या वोटों का विभाजन होता है, तो भाजपा को इसका लाभ मिल सकता है। यह कहना कि 2027 का चुनाव भाजपा के लिए आसान होगा, वास्तविक राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए उचित नहीं होगा। लेकिन यह कहना भी जल्दबाजी होगी कि भाजपा सत्ता से बाहर हो जाएगी। चुनाव का परिणाम कई कारकों पर निर्भर करेगा—सरकार का प्रदर्शन, उम्मीदवारों का चयन, विपक्ष की रणनीति, गठबंधन, स्थानीय मुद्दे और मतदाताओं का अंतिम निर्णय। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश का 2027 विधानसभा चुनाव बेहद प्रतिस्पर्धी होने की संभावना है। भाजपा के सामने सत्ता बरकरार रखने की चुनौती होगी, जबकि विपक्ष के सामने जनता का विश्वास जीतकर मजबूत विकल्प बनने की चुनौती होगी। अंतिम फैसला हमेशा की तरह उत्तर प्रदेश की जनता अपने मत के माध्यम से करेगी।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष राशि**-इस राशि के जातकों को शारीरिक रूप से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि आपके प्रेम और संतान की स्थिति काफी बेहतर दिखाई दे रही है। कार्यक्षेत्र और व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहेगा। आप अपने शत्रुओं पर पूरी तरह से हावी रहेंगे। आपको किसी रहस्यमयी या गहरे ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। जीवन में वरिष्ठ और बुजुर्ग लोगों का सहयोग तथा आशीर्वाद बना रहेगा।

**वृषभ राशि**-मन में लगातार चलने वाले विचारों के कारण आप थोड़े असहज या परेशान रह सकते हैं। प्रेम संबंधों में कुछ वैचारिक मतभेद या कहासुनी होने की आशंका है। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर भी मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। मानसिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा और प्रेम व संतान का पक्ष सामान्य रहेगा।

**मिथुन राशि**-आपके लिए भूमि, मकान या नया वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं। हालांकि पारिवारिक जीवन में थोड़ा बहुत कलह या अशांति का माहौल बन सकता है। आपका स्वास्थ्य पहले के मुकाबले बेहतर रहेगा। संतान और प्रेम जीवन के लिए यह समय बहुत अनुकूल नहीं कहा जा सकता है।

**कर्क राशि**-आपके भीतर पराक्रम और साहस की वृद्धि होगी जिससे आपको व्यावसायिक स्तर पर बड़ी सफलता हासिल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने की जो योजना आप काफी समय से बना रहे थे, उसे अब धरातल पर उतारने का सही समय आ गया है। प्रेम संबंधों और संतान की स्थिति बहुत शानदार रहने वाली है। व्यापार में भी तरक्की होगी लेकिन अभी के समय आपको कहीं भी नया निवेश करने से पूरी तरह बचना चाहिए।

**सिंह राशि**–आपको अपनी सेहत के प्रति बहुत अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। शरीर में कमजोरी या कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। प्रेम जीवन और संतान की स्थिति भी फिलहाल सामान्य ही नजर आ रही है। व्यापारिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी और आपके पास धन का आगमन भी बढ़ेगा।

**कन्या राशि**–आपके व्यक्तित्व में एक विशेष प्रभाव और रौब देखने को मिलेगा, लेकिन इसके साथ ही स्वभाव में एक सौम्यता और विनम्रता भी बनी रहेगी। आपको अपने प्रेम संबंधों और संतान की तरफ से पूरा सहयोग प्राप्त होगा। व्यापारिक स्थितियां आपके पक्ष में काम करेंगी। आर्थिक रूप से बड़ा निवेश करने के लिए यह समय आपके लिए अत्यंत भाग्यशाली और शुभ साबित हो सकता है।

**तुला राशि**-आपके लिए कुछ ऐसी परिस्थितियां बन सकती हैं जो मन में चिंता पैदा करेंगी। मानसिक अशांति के साथ-साथ आपको सिर दर्द या आंखों में तकलीफ जैसी शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मन में एक अनजाना सा डर बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि**-आपके लिए आमदनी और धन लाभ के नए रास्ते खुलेंगे। इसके साथ ही पुराने माध्यमों से भी धन की प्राप्ति होती रहेगी। किसी सुखद यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं और आपको कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य में पहले से काफी सुधार देखने को मिलेगा।

**धनु राशि**-आपको कानूनी मामलों या कोर्ट-कचहरी से जुड़े कार्यों में सफलता हासिल होगी। व्यावसायिक मोर्चे पर आपको बड़ी कामयाबी मिल सकती है। हालांकि इन दिनों आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर चल रहा है, इसलिए सावधानी बरतें। प्रेम और संतान की स्थिति भी अभी सामान्य ही बनी हुई है।

**मकर राशि**-भाग्य का आपको पूरा साथ मिलने वाला है जिससे आपके काम आसानी से बनेंगे। किसी यात्रा पर जाने के योग हैं और आपकी रुचि धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़ेगी। आपके स्वास्थ्य में अब पूरी तरह से सुधार आ चुका है।

**कुंभ राशि**-आपको शारीरिक चोट लगने की आशंका है या आप किसी अनचाही परेशानी में फंस सकते हैं, क्योंकि समय आपके लिए थोड़ा विपरीत बना हुआ है। अपनी सेहत के प्रति पूरी तरह सजग रहें।

**मीन राशि**-आपकी स्थितियां काफी मजबूत और पहले से बहुत बेहतर दिखाई दे रही हैं। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी और जीवनसाथी के साथ आनंदमय समय बिताने का मौका मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थितियां अनुकूल रहेंगी और व्यापार में भी अच्छे मुनाफे के संकेत हैं।

# नई आबकारी निर्यात नीति से उत्तर प्रदेश बनेगा वैश्विक स्तर पर निर्यात हब

**मुयमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की यह नीति कृषि और उद्योग के बीच एक सशक्त आर्थिक सेतु का कार्य करेगी। उार प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है। इसके साथ ही प्रदेश में बड़े पैमाने पर अनाज, फल एवं अन्य कृषि उत्पादों का उत्पादन होता है। इन कृषि संसाधनों पर आधारित डिस्टिलरी, एथेनॉल एवं संबंधित उद्योगों को नई नीति से विशेष लाभ मिलेगा। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का अधिक उपयोग होने से किसानों को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलेगा, कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन होगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्राप्त होगी। यह नीति केवल उद्योगों को ही नहीं, बल्कि लाखों किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी।**

किसी भी राज्य की आर्थिक प्रगति केवल उत्पादन बढ़ाने से नहीं, बल्कि उसके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने की क्षमता से निर्धारित होती है। आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के इस प्रतिस्पर्धी दौर में वही राज्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जिन्होंने उद्योग, कृषि, निवेश और निर्यात को एकीकृत विकास मॉडल के रूप में अपनाया है। उत्तर प्रदेश भी इसी दिशा में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने औद्योगिक विकास, निवेश और निर्यात को नई गति देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक तीन वर्षों के लिए पृथक आबकारी निर्यात नीति लागू करने का फैसला किया है। इस दूरदर्शी पहल के साथ उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने पहली बार तीन वर्षीय अलग आबकारी निर्यात नीति लागू की है। यह नीति केवल आबकारी उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि कृषि, उद्योग, निवेश, रोजगार और वैश्विक व्यापार को एक साझा विकास दृष्टि से जोड़ने वाली व्यापक आर्थिक रणनीति है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार करना, निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी वातावरण उपलब्ध कराना तथा प्रदेश को वैश्विक निर्यात मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाना है। उत्तर प्रदेश अब अल्पकालिक प्रशासनिक उपायों से आगे बढ़कर दीर्घकालिक आर्थिक नियोजन की दिशा में प्रभावी कदम उठा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। बेहतर कानून-व्यवस्था, निवेशक-अनुकूल नीतियां, विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, आधुनिक लॉजिस्टिक्स, सिंगल विंडो प्रणाली तथा 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार ने प्रदेश को निवेश का पसंदीदा गंतव्य बनाया है। अब सरकार का लक्ष्य इन औद्योगिक उपलब्धियों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाना है। नई आबकारी निर्यात नीति इसी व्यापक सोच का परिणाम है, जो उत्तर प्रदेश को एक मजबूत विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की यह नीति कृषि और उद्योग के बीच एक सशक्त आर्थिक सेतु का कार्य करेगी। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है। इसके साथ ही प्रदेश में बड़े पैमाने पर अनाज, फल एवं अन्य कृषि उत्पादों का उत्पादन होता है। इन कृषि संसाधनों पर आधारित डिस्टिलरी, एथेनॉल एवं संबंधित उद्योगों को नई नीति से विशेष लाभ मिलेगा। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का अधिक उपयोग होने से किसानों को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलेगा, कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन होगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्राप्त होगी। यह नीति केवल उद्योगों को ही नहीं, बल्कि लाखों किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी। इस नीति के तहत निर्यात को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने कई महत्वपूर्ण रियायतें प्रदान की हैं। नई नीति के अंतर्गत निर्धारित उत्पादन क्षमता के 25 प्रतिशत तक के समतुल्य निर्यात के लिए उपयोग करने वाले निर्यातकों हेतु बोतल भराई शुल्क, निर्यात पास शुल्क, फ्रेंचाइजी शुल्क तथा स्पेशल फीस की दरों को न्यूनतम स्तर तक कम कर दिया है। इससे निर्यात लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी और उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। साथ ही ब्रांड पंजीकरण एवं लेबल अनुमोदन की प्रक्रिया को भी सरल और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे उद्योगों का समय और लागत दोनों बचेंगे तथा व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। नई आबकारी निर्यात नीति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रावधान शीरा आधारित एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल के अंतर्राज्यीय निर्यात से संबंधित है। प्रदेश सरकार ने इस पर लगने वाले शुल्क को घटाकर मात्र 50 पैसे प्रति बल्क लीटर तक कम कर दिया है। यह निर्णय प्रदेश की डिस्टिलरी इकाइयों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा। इससे उत्तर प्रदेश में निर्मित ईएनए अन्य राज्यों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उपलब्ध होगा और राज्य की औद्योगिक इकाइयों की बाजार हिस्सेदारी बढ़ने की संभावनाएं और अधिक मजबूत होंगी। सरकार ने इस नीति में केवल निर्यात बढ़ाने पर ही ध्यान केंद्रित नहीं किया है, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय पहचान को भी वैश्विक मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया है। नीति के अंतर्गत हेरिटेज मदिरा के निर्माण, टेस्टिंग टैवर्न तथा फुटकर बिक्री की अनुमति का प्रावधान किया गया है। यह पहल प्रदेश की पारंपरिक उत्पाद संस्कृति को नई पहचान प्रदान करेगी। विश्व के अनेक देशों में स्थानीय पेय उत्पाद वहां की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन का महत्वपूर्ण आकर्षण होते हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश भी अपनी ऐतिहासिक विरासत और स्थानीय उत्पादों को आर्थिक अवसरों में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है। नई आबकारी निर्यात नीति का प्रभाव केवल डिस्टिलरी उद्योग तक सीमित नहीं रहेगा। जैसे-जैसे निर्यात गतिविधियां बढ़ेंगी, वैसे-वैसे पैकेजिंग उद्योग, परिवहन सेवाएं, वेयरहाउसिंग, कोल्ड चेन, कंटेनर लॉजिस्टिक्स, निर्यात आपूर्ति श्रृंखला तथा अन्य सहायक उद्योगों में भी निवेश बढ़ेगा। इससे प्रदेश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और युवाओं को अपने ही प्रदेश में बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी तथा पलायन में भी कमी आएगी। यह नीति निवेशकों के लिए भी दीर्घकालिक स्थिरता का संदेश देती है। तीन वर्षों की स्पष्ट नीति व्यवस्था उद्योगों को भविष्य की योजनाएं बनाने, निवेश बढ़ाने और वैश्विक बाजारों में अपनी रणनीति तैयार करने का पर्याप्त अवसर प्रदान करेगी। स्थिर नीति वातावरण निवेशकों का विश्वास मजबूत करता है और प्रदेश में दीर्घकालिक औद्योगिक विकास का आधार तैयार करता है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आज उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। आधुनिक औद्योगिक विकास, कृषि आधारित मूल्य संवर्धन, निर्यात संवर्धन और रोजगार सृजन की यह समन्वित रणनीति प्रदेश को देश की आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है। आने वाले वर्षों में यह नीति उत्तर प्रदेश को केवल भारत का अग्रणी औद्योगिक राज्य ही नहीं, बल्कि वैश्विक निर्यात मानचित्र पर भी एक सशक्त, विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**-सी0एल0 सिंह, सहायक निदेशक**

# विकसित भारत के निर्माण में कदम बढ़ाती बागपत की युवा शक्ति

भारत को वर्ष 2047 तक एक पूर्ण विकसित, आत्मनिर्भर और ज्ञान-आधारित वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में देश की युवा आबादी को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना केंद्र व प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत युवाओं को आधुनिक कौशल, उन्नत तकनीक और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर पहल की जा रही है। 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए देश के शैक्षणिक व कौशल ढांचे को उद्योग जगत की भावी जरूरतों के अनुकूल ढाला जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कौशल विकास अभियानों के एकीकृत समन्वय से युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य केवल पारंपरिक प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं में डिजिटल साक्षरता और तकनीकी दक्षता को इस स्तर तक बढ़ाना है कि वे वैश्विक पटल पर प्रतिस्पर्धी बन सकें। देश के दूरदराज के क्षेत्रों तक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पहुँचाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और आधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का तेजी से कायाकल्प किया जा रहा है। विकसित भारत के लक्ष्य को जमीनी स्तर पर उतारने की दिशा में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा जिला स्तरीय कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट संचालित किए जा रहे हैं। इस राष्ट्रीय पहल के तहत उत्तर प्रदेश के बागपत जनपद का चयन एक ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। देश के केवल दो चुनिंदा जनपदों में बागपत का चयन होना यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि यहाँ की युवा क्षमता, सामाजिक ऊर्जा और विकास की अपार संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर गंभीरता से स्वीकार किया गया है। बागपत जनपद में लगभग 4 लाख 70 हजार युवाओं की विशाल आबादी निवास करती है, जो इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जनसांख्यिकी शक्ति है। यहाँ के युवा कृषि, खेल, नवाचार, सामाजिक क्षेत्र और स्वरोजगार के क्षेत्र में निरंतर नई पहचान बना रहे हैं। इस पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से बागपत के युवाओं को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़कर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यहाँ विकसित होने वाला कौशल आधारित विकास मॉडल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नई दिशा तय करेगा। वर्तमान समय में सबसे बड़ी व्यावहारिक चुनौती सूचना और अवसरों के बीच का अंतर है। बड़ी संख्या में युवाओं को यह जानकारी ही नहीं हो पाती कि उनके लिए कौन-कौन सी योजनाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, डिजिटल अवसर और रोजगार आधारित पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस इन्फॉर्मेशन गैप को समाप्त करने तथा युवाओं तक एकीकृत रूप से जानकारी पहुँचाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। जिला प्रशासन, कौशल विकास, शिक्षा, उद्योग, युवा कल्याण, सेवायोजन और 'माय भारत' जैसे सभी संबंधित प्लेटफार्म्स की एकीकृत कार्ययोजना क्रियान्वित की जा रही है। आज का युग केवल पारंपरिक डिग्री आधारित शिक्षा का नहीं, बल्कि 'डिमांड ड्रिवन स्किलिंग' यानी मांग आधारित कौशल विकास का है। युवाओं को वही प्रशिक्षण प्रदान किया जाना आवश्यक है जिसकी वास्तविक आवश्यकता उद्योगों और आधुनिक रोजगार बाजार में है। इसके लिए बागपत जनपद में संचालित उद्योगों, कंपनियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और उभरते रोजगार क्षेत्रों की जरूरतों का विस्तृत सर्वे और वैज्ञानिक आकलन कर उसी के अनुरूप नए पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए जा रहे हैं। बागपत एक समृद्ध कृषि प्रधान क्षेत्र होने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से भी सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। इस भौगोलिक और रणनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जनपद में फूड प्रोसेसिंग, डिजिटल टेक्नोलॉजी, एग्री बिजनेस, तकनीकी सेवाएं, ई-कॉमर्स और स्वरोजगार आधारित कौशल विकास की व्यापक संभावनाएं चिन्हित की गई हैं। इन उभरते क्षेत्रों में युवाओं को व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित कर उन्हें न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ा जा रहा है, बल्कि स्व-उद्यमिता के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान समय में शिक्षा और रोजगार के बीच बढ़ती दूरी को समाप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर 'स्किल मैपिंग' की जा रही है। इसके तहत युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल प्लेटफॉर्म, डेटा एनालिटिक्स और नई तकनीकों के दौर में 'फ्यूचर रेडी' बनाया जा रहा है। ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर वैश्विक पटल पर प्रतिस्पर्धी बनाने का प्रयास निरंतर जारी है। इस पूरी प्रक्रिया में निपुण भारत मिशन और अपार कार्ड जैसी राष्ट्रीय पहलों को भी आधारभूत संबल के रूप में जोड़ा जा रहा है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर 'रोजगार प्रदाता' बनाने के दृष्टिकोण से 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्टैंडअप इंडिया' जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से सीधे एकीकृत किया जा रहा है। इसके माध्यम से नवोन्मेषी विचारों वाले युवाओं को वित्तीय सहायता, मेंटरशिप और इन्क्यूबेशन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे बागपत में नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो सके। स्थानीय स्तर पर योजनाओं की जानकारी अंतिम युवा तक पहुँचाने के लिए 'यूथ कैटलिस्ट' के रूप में ऊर्जावान युवाओं की पहचान की जा रही है। गांवों, कस्बों, कॉलेजों, स्वयंसेवी संगठनों और युवा समूहों के माध्यम से युवाओं को इस मिशन मोड अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जा रहा है। विकसित भारत मिशन के अंतर्गत युवाओं की भूमिका केवल किसी योजना के लाभार्थी तक सीमित न रखकर उन्हें विकास प्रक्रिया का नेतृत्वकर्ता और परिवर्तन वाहक बनाया जा रहा है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी (पीपीपी मॉडल) को बढ़ावा देते हुए औद्योगिक संस्थानों, तकनीकी संस्थानों और उद्योग जगत के दिग्गजों को एक मंच पर लाया जा रहा है। इससे युवाओं के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और इंटर्नशिप के नए मार्ग प्रशस्त हो रहे हैं। यह रणनीतिक तालमेल युवाओं के अकादमिक ज्ञान और उद्योग जगत की वास्तविक व्यावहारिक जरूरतों के बीच मौजूद अंतर को पूरी तरह समाप्त करने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। बागपत में क्रियान्वित किया जा रहा यह पायलट प्रोजेक्ट राष्ट्रीय स्तर पर एक अनुकरणीय और प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करेगा। जनभागीदारी पर आधारित इस अभियान से हजारों युवा सीधे तौर पर लाभान्वित होकर विभिन्न आर्थिक व सामाजिक क्षेत्रों में अपना योगदान देंगे। बागपत में विकसित होने वाला यह सफल मॉडल भविष्य में देश के अन्य जनपदों में भी लागू किया जा सकेगा। कौशलयुक्त, डिजिटल रूप से साक्षर और तकनीकी रूप से निपुण युवा ही वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर महाशक्ति बनाने की सबसे मजबूत नींव साबित होंगे।

**इस राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत युवाओं को आधुनिक कौशल, उन्नत तकनीक और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर पहल की जा रही है। 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए देश के शैक्षणिक व कौशल ढांचे को उद्योग जगत की भावी जरूरतों के अनुकूल ढाला जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कौशल विकास अभियानों के एकीकृत समन्वय से युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिस और ग्रीन टेनोलॉजी जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जा रहा है।**

**जनपद-बागपत**

# ट्रिपल जंपर सेल्वा प्रभु कॉमनवेल्थ गेम्स में डेब्यू के लिए तैयार



भारतीय ट्रिपल जंपर सेल्वा प्रभु ग्लासगो में होने वाले 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) में अपना सीनियर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वर्ल्ड अंडर-20 सिल्वर मेडलिस्ट और एनसीएए चैंपियन सेल्वा ने पुरुषों के ट्रिपल जंप में भारत के सबसे होनहार खिलाड़ियों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। 21 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के सबसे बड़े मंचों में से एक पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी के लिए तैयार है, जहां राष्ट्रीय जर्सी पहनना सम्मान और जिम्मेदारी, दोनों है। सेल्वा ने कहा, 'अपने पहले सीनियर मल्टी-स्पोर्ट गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करना बहुत सम्मान की बात है। मैंने कई वर्षों से ऐसे मंच पर भारतीय जर्सी पहनने का सपना देखा है। मुझे इस मौके पर गर्व है और मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, देश का नाम रोशन करना और दुनिया के बेहतरीन एथलीट्स के खिलाफ मुकाबला करके कीमती अनुभव हासिल करना है।' अमेरिका में बेहद प्रतिस्पर्धी एनसीएए सर्किट में पिछले कुछ साल बिताने के बाद, सेल्वा का मानना ??है कि इस अनुभव ने बतौर एथलीट उनके विकास में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 'एनसीएए में मुकाबला करने से मुझे हर पहलू में आगे बढ़ने में मदद मिली है। वहां मुकाबले का स्तर बहुत ऊंचा है, इसलिए यह मुझे तकनीकी, शारीरिक और मानसिक रूप से बेहतर बनने के लिए प्रेरित करता है। बेहतरीन कोच के साथ ट्रेनिंग करने और हर हफ्ते वर्ल्ड-क्लास एथलीट्स के खिलाफ मुकाबला करने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर ढंग से तैयार हुआ हूं।' ग्लासगो से पहले अपनी तैयारियों के बारे में बात करते हुए सेल्वा कहते हैं कि ट्रेनिंग के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा, 'मेरा मुख्य फोकस अपनी गति, निरंतरता और तकनीक को बेहतर बनाने पर रहा है। ट्रिपल जंप में असल बात यह है कि आप मुकाबले वाले दिन सब कुछ सही ढंग से करें। मैंने और मेरे कोच ने अप्रोच और अलग-अलग चरणों के दौरान लय बनाए रखने पर कड़ी मेहनत की है, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया है कि मैं शारीरिक रूप से मजबूत और स्वस्थ रहूं।' अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुषों के ट्रिपल जंप का स्तर लगातार बढ़ने के साथ, सेल्वा बहुत आगे की सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुकाबला बहुत कड़ा है, जो मुझे और भी ज़्यादा प्रेरित करता है। मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करना है। अगर मैं अपने जंप सही तरीके से कर पाता हूं, तो मुझे पता है कि मैं अच्छा नतीजा ला सकता हूं। अगर मैं अपना सब कुछ झोंककर अपने पर्सनल बेस्ट के आस-पास या उससे बेहतर प्रदर्शन कर पाता हूं, तो मुझे संतुष्टि मिलेगी।' सेल्वा ने कॉमनवेल्थ गेम्स तक के अपने सफर में 'इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट' (आईआईएस) की भूमिका को भी माना। उन्होंने कहा, 'आईआईएस मेरे सफर का एक अहम हिस्सा रहा है। उन्होंने ट्रेनिंग, स्पोर्ट्स साइंस, रिकवरी और एथलीट के तौर पर मेरे सर्वांगीण विकास में मेरी मदद की है। मुझ पर उनके भरोसे की वजह से ही मैं हर दिन खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान दे पाया हूं। मैं उनके सहयोग के लिए आभारी हूं और उम्मीद करता हूं कि भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करके उस भरोसे पर खरा उतरूंगा।'

भारत के एथलेटिक्स दल के कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारियों के बीच, सेल्वा की नजर अपने वर्षों के निरंतर प्रदर्शन को सीनियर मल्टी-स्पोर्ट गेम्स में पदार्पण के दौरान शानदार प्रदर्शन में बदलने पर होगी।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एसओजी टीम से राजकुमार बरवार बने बेलीपार के नए थानाध्यक्ष




**गोरखपुर।** जनहित में पुलिस विभाग ने तत्काल प्रभाव से एक महत्वपूर्ण तबादला आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार एसओजी टीम में तैनात उपनिरीक्षक राजकुमार बरवार (पीएनओ-172620088) को थानाध्यक्ष बेलीपार नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा जारी आदेश में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। राजकुमार बरवार अब बेलीपार थाने का कार्यभार संभालेंगे। पुलिस विभाग का कहना है कि यह स्थानांतरण जनहित एवं प्रशासनिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नए थानाध्यक्ष से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण की अपेक्षा की जा रही है।

### बिना सूचना के पोखरी का पट्टा करने का लगाया आरोप

**सहजनवा गोरखपुरः** सहजनवा तहसील क्षेत्र खानीपुर स्थित पोखरे का तहसील प्रशासन पर बिना किसी सूचना दिए मत्स्य पालन का पट्टा करने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी सहजनवा नमन मेहता को शिकायत पत्र सौंपा। और जांच कराकर पट्टा निरस्त करने की मांग किया है। खानीपुर निवासी अमरेश साहनी पुत्र पारसनाथ ने आरोप लगाया कि आराजी संख्या 51जो पोखरी के नाम दर्ज है। दिसम्बर 2025 को तहसील प्रशासन द्वारा नीलामी की तिथि निर्धारित किया गया था। उस समय सभी कागजात भी जमा करा लिया गया था। बाद में नीलामी निरस्त कर दिया गया। और अगले किसी तिथि में पट्टा की नीलामी का आश्वासन दिया गया। बीच बीच में पूछने पर बताया गया कि अभी तिथि निर्धारित नहीं हुआ है। नीलामी की सूचना दे दी जाएगी। इसी बीच तहसील प्रशासन के जिम्मेदार एक व्यक्ति की मिली भगत से पोखरी की नीलामी कर दी गई। पीड़ित ने जांच कराकर पट्टा निरस्त कराने की मांग किया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा नमन मेहता ने कहा कि शिकायत मिली है। जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### जनता दर्शन की शिकायत पर मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी, जलनिकासी के दिए निर्देश



**देवरिया।** जनता दर्शन में मिली शिकायत पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सदर तहसील के ग्राम कुसुमौनी पहुंचकर जलभराव की समस्या का स्थलीय निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने साइफन चोक होने और बरसाती पानी की निकासी बाधित होने से फसलों के नुकसान व संक्रामक बीमारियों की आशंका जताई थी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने लोक निर्माण, सिंचाई और बाढ़ खंड के अधिकारियों को सभी संभावित विकल्पों का सर्वे कर प्रभावी जलनिकासी के निर्देश दिए। उन्होंने खारी नाला की तत्काल सफाई कर पानी को छोटी गंडक नदी तक पहुंचाने तथा सड़क निर्माण के दौरान बंद पड़े नालों और साइफनों की सफाई कराने के आदेश दिए। साथ ही वर्तमान जलभराव दूर करने के लिए पानी को नहर में प्रवाहित करने की व्यवस्था करने को कहा। डीएम की पहल पर जलनिकासी का कार्य शुरू होने से ग्रामीणों ने राहत जताते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### ट्रॉमा सेंटर निर्माण में देरी पर डीएम सख्त, फर्म पर दिया एफआईआर के निर्देश

**देवरिया।** मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कड़ी नाराजगी जताई। सोमवार को समीक्षा बैठक में उन्होंने कार्यदायी संस्था की लापरवाही पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा कर हैंडओवर करने के निर्देश पहले भी दिए जा चुके थे, लेकिन कार्यदायी संस्था अपेक्षित प्रगति नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परियोजना में देरी स्वीकार्य नहीं है और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एच.के. मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कार्यदायी संस्था के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बैठक में मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल, सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा तथा उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सब्जी मंडी में मोबाइल चोरी, खाते से 72 हजार रुपये पार

» एसएसपी के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

» खजनी क्षेत्र के महुआडाबर निवासी अनुराग दुबे बने साइबर ठगी का शिकार, मोबाइल चोरी के बाद बैंक खाते से पांच ट्रांजेशन में उड़ी रकम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवां गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र स्थित बाघागाड़ा सब्जी मंडी में मोबाइल चोरी की एक घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली और साइबर सुरक्षा दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खजनी थाना क्षेत्र के महुआडाबर निवासी अनुराग दुबे का मोबाइल भीड़भाड़ के बीच चोरी हो गया। आरोप है कि चोर ने उसी मोबाइल का इस्तेमाल कर उनके बैंक खाते से पांच अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 72 हजार रुपये निकाल लिए। स्थानीय स्तर पर तत्काल कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से शिकायत की, जिसके बाद गीडा थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

**सब्जी खरीदते समय पार हुआ मोबाइल**

जानकारी के अनुसार महुआडाबर निवासी अनुराग दुबे पुत्र सुरेंद्र दुबे 6 जुलाई की शाम गोरखपुर से अपने घर लौट रहे थे। शाम करीब 6:30 बजे वह बाघागाड़ा सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए रुके। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। काफी तलाश के बावजूद मोबाइल नहीं मिला तो उन्होंने तत्काल नौसढ़ पुलिस चौकी पर सूचना देकर कार्रवाई की मांग की।

**चोरी के मोबाइल से खाते पर किया हाथ साफ**

पीड़ित का आरोप है कि समय रहते मोबाइल को ट्रेस करने या आवश्यक कार्रवाई न होने का फायदा उठाकर चोर ने मोबाइल के जरिए उनके बैंक खाते तक पहुंच बना ली। इसके बाद पांच अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 72 हजार रुपये निकाल लिए गए। खाते से लगातार रुपये कटने के संदेश मिलने पर अनुराग दुबे के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल बैंक से संपर्क कर खाते को सुरक्षित कराने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी रकम निकल चुकी थी।

**एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुआ मुकदमा**

स्थानीय स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई न होने से परेशान अनुराग दुबे ने पूरे मामले की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी के निर्देश पर गीडा पुलिस ने नामजद आरोपी बाबर अली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोबाइल केवल बातचीत का साधन नहीं, बल्कि बैंकिंग, यूपीआई और निजी जानकारी का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। इसलिए मोबाइल चोरी होने पर बिना देर किए सिम ब्लॉक कराएं, बैंक की डिजिटल सेवाएं बंद कराएं, साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करें और नजदीकी थाने में एफआईआर दर्ज कराएं। समय पर उठाया गया एक कदम बड़े आर्थिक नुकसान से बचा सकता है।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह का स्वागत, 2027 में मिलेगी 2017 से बड़ी जीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह के प्रथम देवरिया आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया। खरोह, गौरीबाजार, बैतालपुर, सुभाष चौक, जिला पंचायत गेट, सोनू घाट, खुखुंदू चौराहा, सलेमपुर, मझौलीराज और भाटपाररानी में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। स्वागत से उत्साहित रमेश सिंह ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव निकट हैं, इसलिए 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के संकल्प के साथ प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर पहुंचकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में 2017 से भी बड़ी जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने संगठन की मजबूती को भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए सभी से सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह आजाद, सी.पी. सिंह, अजय उपाध्याय, प्रमोद शाही, डॉ. एस.एस. सिंह, अधिवक्ता नवीन सिंह सैथवार, अधिवक्ता अखिलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रशासन की उदासीनता से ग्रामीण परेशान चकरोड पर कीचड़ से आवागमन ठप

नेवादा के बनरही गांव का मुख्य चक मार्ग बदहाल, ग्रामीणों ने नवागत एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला बाजार-** गोरखपुर, गोला विकास खंड की ग्राम सभा नेवादा के बनरही गांव को रामजानकी मार्ग से जोड़ने वाला मुख्य चक मार्ग इन दिनों बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण पूरे रास्ते पर कीचड़ और जलभराव हो गया है, जिससे ग्रामीणों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह चक मार्ग गांव के लोगों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है, लेकिन वर्षों से चले आ रहे भूमि विवाद और प्रशासनिक उदासीनता के कारण इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। उनका आरोप है कि संबंधित चक मार्ग संख्या-192 पर अवैध कब्जा होने के बावजूद अब तक उसे खाली नहीं कराया गया है, जबकि न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-67 के अंतर्गत बेदखली का आदेश जारी किया जा चुका है। कब्जाधारकों को नोटिस भी चस्पा किया गया है, लेकिन उसके बाद भी प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार, यह मामला वर्ष 2018 से उपजिलाधिकारी गोला न्यायालय में लंबित है। पहले लोग दूसरे के खेत से होकर आवागमन कर लेते थे, लेकिन उस भूमि के स्वामी ने भी न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया है। ऐसे में अब ग्रामीणों के पास यही चक मार्ग एकमात्र विकल्प बचा है, जिसकी हालत बारिश में पूरी तरह खराब हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक चक मार्ग से अवैध कब्जा नहीं हटेगा, तब तक वहां मिट्टी भराई, खड़ंजा या पक्की सड़क का निर्माण संभव नहीं है। नतीजतन हर बारिश में यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है और लोगों को रोजाना जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ता है। ग्रामीणों ने नवागत उपजिलाधिकारी गोला से पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए चक मार्ग संख्या-192 को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने और मार्ग के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बरसात के दौरान गांव का संपर्क पूरी तरह प्रभावित हो सकता है और किसी अप्रिय घटना की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

### कस्तूरबा विद्यालय पहुंचे डीएम, छात्राओं से पढ़वाया पाठ




**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को भटनी विकासखंड के रुपई स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पठन-पाठन, उपस्थिति पंजिका, अभिलेखीय व्यवस्था और छात्राओं की उपस्थिति का जायजा लिया। डिजिटल उपस्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा 6 व 8 की छात्राओं से संवाद किया, उनसे पाठ्यपुस्तक पढ़वाई और विषय से जुड़े प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्रा का ड्रॉपआउट नहीं होना चाहिए तथा नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। वार्डन द्वारा भवन में सीलन और बरसात में जलभराव की समस्या बताने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। रसोईघर, कक्षाओं और अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खजनी ब्लॉक का पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा, अमित सिंह व सुमित सिंह ने जताया आभार

जनता के विश्वास को बताया सबसे बड़ी ताकत, भविष्य में भी क्षेत्र के विकास और जनसेवा का दिलाया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर** जिले के विकास खंड खजनी के पांच वर्षीय कार्यकाल की समाप्ति पर अमित सिंह एवं सुमित सिंह ने क्षेत्र की आम जनता, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में क्षेत्रवासियों का जो स्नेह, विश्वास और सहयोग मिला, वही उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा और ताकत रहा है। उन्होंने कहा कि जनसेवा के इस पांच वर्षीय सफर में अनेक खट्टे-मीठे अनुभव मिले। इन अनुभवों ने उन्हें समाज की जरूरतों, लोगों की अपेक्षाओं और विकास की वास्तविक चुनौतियों को और करीब से समझने का अवसर दिया। जनता के सहयोग और विश्वास के बल पर क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास किया गया, जिसके लिए वह सभी के प्रति कृतज्ञ हैं।

अमित सिंह और सुमित सिंह ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि की असली पहचान केवल पद से नहीं होती, बल्कि जनता के सुख-दुख में सहभागी बनने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहने से होती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी उनकी जनसेवा की भावना पहले की तरह जारी रहेगी और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि खजनी क्षेत्र के विकास, शिक्षा, सड़क, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य जनहित के मुद्दों पर आगे भी पूरी सक्रियता के साथ कार्य किया जाएगा।

क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और इसी विश्वास के बल पर वह आगे भी समाज की सेवा करते रहेंगे। अंत में अमित सिंह एवं सुमित सिंह ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों, सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी से भविष्य में भी अपना सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि नए संकल्प, नई ऊर्जा और जनहित की भावना के साथ खजनी क्षेत्र के विकास की यात्रा आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# एसबीटी स्कूल के छात्रों ने आईआईटी में बनाई जगह, 21-21 हजार से सम्मानित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के बखरा स्थित एसबीटी पब्लिक स्कूल में आईआईटी में चयनित दो मेधावी छात्रों सत्यम सिंह (आईआईटी खड़गपुर) और अर्पित सागर (आईआईटी प्रयागराज) के सम्मान में प्रेरणादायी समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार ने दोनों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और उनकी उपलब्धि पर गर्व जताया। प्रधानाचार्या डॉ. आशा तिवारी, प्रशासक दिवाकर पांडेय, मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी और अतुल श्रीवास्तव ने दोनों छात्रों को ?21-21 हजार का चेक देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि दोनों छात्रों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

सम्मान समारोह में सत्यम और अर्पित ने सफलता का मंत्र साझा करते हुए नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन, एनसीईआरटी की मजबूत तैयारी, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने छात्रों से लक्ष्य तय कर अनुशासित ढंग से तैयारी करने की अपील की। समारोह में मौजूद विद्यार्थियों ने भी उनसे प्रेरणा लेकर भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन माहेश्वरी नंदन त्रिपाठी ने इस शानदार उपलब्धि पर सत्यम सिंह व अर्पित सागर को ढेरों शुभकामनायें दीं और छात्रों से भविष्य में बेहतरीन प्रदर्शन की अपील की।

### बस स्टेशन के होटल-ढाबों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने रोडवेज बस स्टैंड के आसपास स्थित होटल, भोजनालय और फास्ट फूड प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। अभियान के दौरान कई प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को खाद्य सामग्री ढककर रखने, परिसर व बर्तनों की नियमित सफाई करने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा ग्राहकों को केवल ताजा और शुद्ध भोजन परोसने के निर्देश दिए गए। जांच में कुछ प्रतिष्ठानों के फ्रीजर में रखे बासी खाद्य पदार्थ मौके पर ही नष्ट कराए गए। साथ ही सभी कारोबारियों को खाद्य पंजीकरण एवं लाइसेंस प्रतिष्ठान पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। अभियान के तहत श्री गणेश स्वीट, स्वाद होटल, हैदराबाद बिरयानी, विशाल भोजनालय और श्री गणेश स्वीट्स एंड फास्ट फूड सहित कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए जिले भर में अभियान जारी रहेगा और सड़े-गले फल, सब्जियों तथा अस्वच्छ खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशिक्षण से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भरः विधायक

**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकास भवन स्थित गांधी सभागार में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए एआई सखी सशक्तिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में महिलाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ना सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ अपने जीवन स्तर में भी सुधार ला सकेंगी। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि एआई दक्षता प्रशिक्षण से समूह की महिलाएं डिजिटल तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर अपने कार्यों को अधिक सरल, गुणवत्तापूर्ण और आयवर्धक बना सकेंगी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का व्यवहारिक उपयोग करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने एआई के विभिन्न उपयोग, डिजिटल टूल्स, ऑनलाइन सेवाओं और आजीविका संवर्धन में इसकी भूमिका की जानकारी दी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया। कार्यक्रम में मिशन से जुड़े अधिकारी, मास्टर ट्रेनर और बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# निरीक्षण रिपोर्ट पर जिलाधिकारी सख्त, दोबारा सत्यापन का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विद्यालयों एवं वीएचएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्रों के निरीक्षण की समीक्षा की। अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर असंतोष जताते हुए उन्होंने अगले दिन दोबारा चेकलिस्ट के आधार पर वास्तविक निरीक्षण कर तथ्यात्मक फीडबैक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि विद्यालयों और वीएचएनडी सत्रों का निरीक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि व्यवस्थाओं में सुधार का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए चेकलिस्ट में शामिल प्रत्येक बिंदु का भौतिक सत्यापन किया जाए और वास्तविक स्थिति के अनुरूप रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को समयबद्ध ढंग से दूर कराया जाए, ताकि विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण और बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो सके। साथ ही वीएचएनडी सत्रों में सामने आने वाली खामियों को भी दूर कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और पोषण संबंधी सेवाओं का प्रभावी संचालन किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग तथा बाल विकास परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण निरीक्षण करने पर जोर दिया।

# किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर, विभागों को दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कृषि, उद्यान, भूमि संरक्षण, मत्स्य और पशुपालन विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि कृषि से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और अधिक से अधिक किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ें। भूमि संरक्षण विभाग को तालाबों के माध्यम से जल संरक्षण बढ़ाने, आकांक्षात्मक विकास खंडों के लिए परियोजनाएं तैयार करने तथा प्रत्येक विकास खंड में एक चेक डैम की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पात्र मछुआरों को नाव एवं उपकरण उपलब्ध कराने और अधिक मांग प्रस्ताव शासन को भेजने पर जोर दिया गया। वहीं, राजस्व, विकास और कृषि विभाग की संयुक्त टीम बनाकर फार्मर आईडी और फैमिली आईडी का कार्य शीघ्र पूरा करने तथा फसल बीमा योजना का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य, जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कटान से मिश्रा कॉलोनी को मिली राहत, सिंचाई विभाग का सुरक्षा कार्य बना मजबूत कवच

350 मीटर क्षेत्र में कराए गए कटानरोधी कार्य से टला खतरा, बढ़ते जलस्तर के बीच सुरक्षित महसूस कर रहे क्षेत्रवासी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** गंगा के बढ़ते जलस्तर के बीच शुक्लागंज स्थित मिश्रा कॉलोनी के निवासियों के लिए इस बार राहत भरी खबर है। वर्षों से हर मानसून में गंगा के तेज बहाव से होने वाले कटान की आशंका से दहशत में रहने वाले लोगों को इस बार सिंचाई विभाग द्वारा समय रहते कराए गए कटानरोधी कार्य का लाभ मिल रहा है। विभाग की पहल से कई मकानों और आबादी पर मंडरा रहा खतरा काफी हद तक टल गया है। जानकारी के अनुसार, सिंचाई विभाग ने मिश्रा घाट के समीप लगभग 350 मीटर लंबे हिस्से में विशेष सुरक्षा कार्य कराया है। नदी किनारे मजबूत जाल (नेट) बिछाकर उसके भीतर बालू से भरी बोरियां लगाई गई हैं, जिससे तट को मजबूती मिली है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह तकनीक तेज बहाव के दौरान मिट्टी के कटाव को रोकने में प्रभावी मानी जाती है।

वर्तमान में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद मिश्रा कॉलोनी के पास कटान की स्थिति नियंत्रित बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में प्रत्येक वर्ष बरसात के दौरान कटान से मकानों और जमीन को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती थी, जबकि इस बार हालात पहले की तुलना में काफी बेहतर हैं। स्थानीय निवासी पप्पू ने बताया कि पहले गंगा के तेज बहाव से लोगों में भय का माहौल रहता था, लेकिन इस बार कराए गए सुरक्षा कार्य से लोगों का भरोसा बढ़ा है और उम्मीद है कि जलस्तर बढ़ने के बावजूद कटान नहीं होगा। उन्होंने इस पहल के लिए शासन और सिंचाई विभाग की सराहना की। क्षेत्र निवासी अशोक कश्यप ने बताया कि नदी किनारे जाल के भीतर बालू से भरी बोरियां डालकर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था तैयार की गई है। इससे गंगा के तेज बहाव का सीधा असर तट पर नहीं पड़ रहा है और कटान की संभावना काफी कम हो गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रस्तावित नए पुल के निर्माण के साथ क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए व्यवस्थित मार्ग का भी निर्माण कराया जाना चाहिए। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि सिंचाई विभाग इसी प्रकार संवेदनशील स्थानों पर समय रहते कटानरोधी कार्य कराता रहा तो गंगा किनारे बसे इलाकों को हर वर्ष होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचाया जा सकेगा। फिलहाल बढ़ते जलस्तर के बीच मिश्रा कॉलोनी में कराया गया सुरक्षा कार्य लोगों के लिए राहत और भरोसे का आधार बन गया है।

# नीट प्रथम प्रयास में शानदार सफलता, 576 अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**गोण्डा।** जनपद गोण्डा के विकासखंड बभनजोत अंतर्गत ग्राम केशवनगर ग्रांट पश्चिमी (टेंगहवा) निवासी सूरज पाल ने अपने प्रथम प्रयास में नीट-यूजी परीक्षा में 576 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। उन्होंने ऑल इंडिया रैंक (AIR) 19,936 तथा कैटेगरी रैंक 9,481 प्राप्त कर परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।सूरज पाल के पिता अवनी पाल निजी क्षेत्र में कार्यरत हैं, जबकि माता कुशलावती देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सूरज ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया।सूरज ने अपनी शिक्षा अपने चाचा हरिश्चंद्र पाल एवं बृजेश कुमार पाल तथा चाची सौम्या किरण के संरक्षण और मार्गदर्शन में पूरी की। उनकी इस सफलता में परिवार के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।सूरज की इस उपलब्धि से पूरे गांव और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है कि निरंतर मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### बिहार ले जाई जा रही 76 पाउच देशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**देवरिया।** जिले की खामपार पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 76 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक सुपर स्प्लेंडर बाइक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बरैठा-माड़ीपुर मोड़ के पास एक संदिग्ध बाइक को रोका गया। तलाशी लेने पर सफेद झोले में 200-200 मिली के 76 पाउच देशी शराब (कुल 15.2 लीटर) बरामद हुई, जिसे बिहार ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के समरौना निवासी धर्मेंद्र शाह (27) और लामीचौर निवासी गृजेश मांझी (18) के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## ग्रामीणों ने घुसिया गांव में सरकारी धन के बंदरबांट का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)–** विकास खंड कोंच क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुसिया में मनरेगा एवं रामजीराम योजना के अंतर्गत गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। गांव निवासी प्रद्युम्न पटैरिया समेत कुछ ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान द्वारा नाबालिग बच्चों के नाम पर फर्जी जॉबकार्ड के सहारे सरकारी धनराशि का अवैध भुगतान कराया गया है। शिकायत में कहा गया है कि आधार कार्ड के अनुसार जिन बच्चों की आयु मनरेगा में कार्य करने की निर्धारित आयु से कम है, उनके नाम पर भी जॉब कार्ड जारी कर भुगतान दर्शाया गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में तालाब की खुदाई के नाम पर अनियमितताएं की गई तथा तालाब से उठाई गई मिट्टी का अवैध रूप से विक्रय कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया है। ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद मनमानी नहीं रुकी। शिकायती पत्र में उल्लेख किया गया कि इससे पूर्व भी मामले की शिकायत तत्कालीन एसडीएम से की गई थी लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों, तालाब खुदाई, मिट्टी विक्रय तथा नाबालिगों के नाम से बने जॉबकार्डों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। मामले को लेकर एसडीएम अभिनव कुमार ने आवश्यक जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)–** कोतवाली पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान जालौन रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के नजदीक संदिग्ध अवस्था में खड़े कपिल कुमार उर्फ प्रिंस (22) निवासी मोहल्ला रावतान थाना जालौन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद होने पर उसके विरुद्ध संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## डॉ सुरेंद्र सिंह बने एमपीडीसी कॉलेज के प्राचार्य



**कोंच(जालौन)–** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी से सम्बद्ध मथुरा प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंच की प्रबन्ध समिति द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत डॉ सुरेन्द्र सिंह को वरिष्ठता क्रम के आधार पर कार्यवाहक प्राचार्य पद पर नियुक्त किया गया। डॉ सुरेन्द्र सिंह एसोसिएट प्रोफेसर इतिहास के पद पर वर्ष 2010 से कार्यरत हैं। प्रबन्ध समिति के प्रबन्धक केदारनाथ निरंजन, मंत्री ओमशंकर अग्रवाल एड0, कोषाध्यक्ष शिवकुमार निरंजन ने सोमवार को डॉ सुरेंद्र सिंह को विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया।कार्यभार ग्रहण करने के बाद नव नियुक्त प्राचार्य ने महाविद्यालय स्टॉफ के साथ बैठक कर छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा एवं महाविद्यालय की प्रगति पर परस्पर चर्चा की। वहीं पत्रकारों से बातचीत में डॉ सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी के सहयोग से महाविद्यालय के विकास के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की यदि कोई समस्या है तो उन्हें बताएं, तत्काल समाधान किया जाएगा। उन्होंने महाविद्यालय हित में सभी से सहयोग की अपेक्षा भी की है। इस दौरान डॉ राघवेन्द्र सिंह, डॉ ओमप्रकाश, महेंद्रनाथ मिश्रा, विजय विक्रम सिंह, सुधीर अवस्थी, हरिश्चंद्र तिवारी, भूपेन्द्र त्रिपाठी, सुनील कुमार निरंजन, राजेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## विद्या निकेतन की छात्रा NEET- 2026 में चयनित

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** वि0कु0स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी की छात्रा स्मृति सिंह ने NEET परीक्षा 2026 में 577 /720 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 19260 वी रैंक एवं OBC में 9130 वी रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। कक्षा 3 से इण्टर तक के नियमित छात्रा रही मेधावी स्मृति सिंह ने हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2022 में 92.3% अंक प्राप्त कर जनपद में द्वितीय स्थान तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 में 97.0% अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान तथा राज्य की मेरिट सूची में 5 वां स्थान प्राप्त किया, स्मृति सिंह के पिता स्व0 अम्ब्रीश सिंह तथा माता इंदुजा सिंह गृहणी हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या मधु त्रिपाठी ने छात्रा को चाँदी का मेडल देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# एक साल से लटका पीडब्ल्यूडी का सड़क निर्माण

**बरसात में गड्ढों में भरता पानी, अंदेशनगर में गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे लोग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर-पलिया हाईवे पर स्थित अंदेशनगर कस्बे में पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ रही है। यहां करीब 1 साल से सड़क का काम अधूरा पड़ा है, जिससे कस्बे के लोग आए दिन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं जिस कारण सरकार का गड्ढा मुक्त सड़क अभियान सिर्फ एक खोखला दावा साबित हो रहा है।कस्बे के समाजसेवी *आसाराम गुप्ता* ने बताया कि बरसात में सड़क के गड्ढों में पानी भर जाता है। इसी वजह से स्कूल जाने वाले छात्र और बुजुर्ग लोग हर दिन फिसलकर इन गड्ढों में गिर जा रहे हैं। कई लोग गंभीर रूप से घायल होकर अपना इलाज करा रहे हैं।आसाराम गुप्ता सहित अन्य नागरिकों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी 'लोकप्रिय सरकार की छवि धूमिल' कर रहे हैं। उनका कहना है कि अधिकारी सड़क पर खुद्दे हुए गड्ढों को पाटने का नाम नहीं ले रहे हैं और सरकार के 'गड्ढा मुक्त सड़क अभियान ' को चिढ़ा रहे है।अदेशनगर के लोग रोजाना इस टूटी-फूटी सड़क से गुजर कर अपने कार्य को अंजाम देने को मजबूर हैं। हादसों के डर से अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने में भी डरते हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पीडब्ल्यूडी तत्काल सड़क की मरम्मत कराए, वरना बड़ा हादसा हो सकता है।

## कावड़ यात्रा को लेकर एसडीम ने किया दौरा रास्ते में गड्ढे देखें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/क्यों लड़िया।** सावन मास में प्रारंभ हो रही कावड़ यात्रा के मध्ये नजर क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को भेज कर कावड़ यात्रा में सड़क पर भारी कीचड़ होने के साथ सड़क में गड्ढो का उल्लेख किया था। जिसके तहत एसडीम सचिन यादव लोक निर्माण विभाग के एई को साथ लेकर क्यों लड़ियां पहुंचे उन्होंने सर्वप्रथम क्यों लड़िया मुख्य चौराहे से जावेदा जाने वाली रास्ता का निरीक्षण किया जिसमें भारी कीचड़ टूटी सड़क मौके पर मिली इस दौरान उन्होंने अप्सरा नदी पर बने बांध से लेकर जावेद मार्ग तक क्यों लड़िया से लेकर मेथी चौराहा तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे मिले जब के इन्हीं रास्तों से कावड़ यात्रा लेकर श्रद्धालु निकलेंगे इस को लेकर एसडीएम ने खेद व्यक्ति किया। साथ ही अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजने की बात कही देखना यह है लोक निर्माण विभाग की इस अनदेखी पर प्रशासनिक अमला क्या कार्यवाही करता है प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे एक टूटी सड़कों में भारी कीचड़ इसका लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के पास कोई संतोष जनक उपाय नहीं है ग्रामीणों का मानना है शिव भक्तों को इसी कीचड़ से होकर निकालना पड़ेगा। प्रशासन द्वारा जब पूरे वर्ष में कोई कार्यवाही नहीं की गई तो अब एक सप्ताह के अंदर क्या कार्यवाही होगी।

## पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)–** विकास खंड कोंच क्षेत्र के ग्राम बरोदा खुर्द निवासी दलित समुदाय के सगे दो भाइयों ने अपनी सरकारी पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश किए जाने की शिकायत कर एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। गांव निवासी अवधेश कुमार अहिरवार एवं बाबादास अहिरवार ने एसडीएम अभिनव कुमार को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी मां स्व. रामजानकी पत्नी परमाई अहिरवार को वर्ष 1976 में उपजिलाधिकारी द्वारा गाटा संख्या 177 क्षेत्रफल 3250 वर्गफुट का सरकारी पट्टा आवंटित किया गया था, तभी से उक्त भूमि पर पिलर एवं ईंटें लगी हुई हैं और परिवार का कब्जा है। शिकायती पत्र में कहा कि मां के निधन के बाद वह दोनों भाई उक्त भूमि के वैध वारिस एवं कब्जेदार हैं। अब वह दोनों भाई अपनी उक्त भूमि पर निर्माण कार्य करना चाहते हैं लेकिन एक परिवार के दबंग लोग जबरन उसकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया कि गांव में पदस्थ लेखपाल की भूमिका संदिग्ध है और लेखपाल की उक्त दबंगों से मिलीभगत है।

# महाराज पुर थाने के बाहर युवक ने खुद को जिंदा जलाया, अस्पताल में मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर थाना क्षेत्र में आत्मदाह करने वाले महेश पासवान 38 वर्ष की रविवार देर रात इलाज के दौरान अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई,, महेश ने 14 जुलाई को महाराज पुर थाने के गेट के सामने ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को आग लगा ली थी,,इस घटना में उन्हें बचाने के प्रयास में थाना प्रभारी,एक दारोगा और एक सिपाही भी झुलस गए थे,,प्रकरण के परिजनों ने महेश की पत्नी और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए है,,कि ससुराल में हुई मारपीट और पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के कारण महेश मानसिक तनाव में थे,, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया,महेश की बहन दया ने बताया कि उर्सला अस्पताल में इलाज के दौरान महेश ने उनसे कहा था कि उसकी गैरमौजूदगी में एक युवक घर आता था,और रात में भी रुकता था,,महेश को अपनी पत्नी के उस युवक के साथ अवैध संबंध होने का शक था, जिस को लेकर अक्सर विवाद होता था, परिजनों के अनुसार 12 जुलाई को इसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद हुआ, इसके बाद पत्नी अपने पिता और बहनोई को बुला कर मायके चली गई,जब महेश अपनी ससुराल पहुंचा तो वहां ससुर,सास साढ़ू, और साली,ने उसके साथ मारपीट की, आरोप है कि उसे रास्ते भर पीटते हुए थाने तक लाया गया और थाने में भी उसके साथ मारपीट की गई,, परिजनों का कहना है कि बाद में महेश किसी तरह वहां से निकल कर महाराज पुर थाने पहुंचा,और पत्नी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई,वह मारपीट से आहत था, और पत्नी की शिकायत दर्ज कराए गए मुकदमे में जेल जाने के डर से मानसिक तनाव में था,इसी तनाव के चलते उसने थाने के गेट के सामने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली,छह दिनों तक जिंदगी और मौत से



जूझने के बाद रविवार देर रात उसकी मौत हो गई, महेश की पत्नी पूनम अपनी 13 वर्ष की बेटी पायल और 08 वर्ष के बेटे आयुष को लेकर मायके चली गई, वहीं महाराज पुर थाना प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी, जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए डीसीपी ने की बैठक, दिये दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज डीजी के प्रपत्र के अनुपालन में जनपद को 'जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट' के रूप में विकसित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में यातायात भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनपद में घटित सड़क दुर्घटनाओं का विस्तृत विश्लेषण करते हुए उनके कारणों, परिस्थितियों एवं संवेदनशील स्थलों की गहन समीक्षा की गई। डीसीपी यातायात द्वारा दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट्स) पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए वहां प्रभावी यातायात प्रवर्तन, नियमित निगरानी तथा आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना केवल प्रवर्तन का विषय नहीं है, बल्कि यह जनसुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण दायित्व है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वित एवं उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यशैली अपनानी होगी, जिससे दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की पहचान कर उनके निवारण हेतु प्रभावी कदम उठाए जा सकें तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन संचालन, नशे की अवस्था में वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी बल दिया गया। डीसीपी यातायात ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे जनपद में सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित की जा सके ।

## विद्यालय में बच्चों को नहीं दिए जा रहे फल

**सरकार की छवि खराब कर रहे हैं जिम्मेदार**

**लखीमपुर खीरी–** पसगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत हुसेनापुर स्थित उच्च प्राथमिक के प्रधानाध्यापक मोबीन अहमद व सरौनिया विद्यालय में सरकार की बच्चा स्वास्थ्य/फ्रूट योजना ठीक से लागू नहीं किए जाने का आरोप लगा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार 20 जुलाई 2026 को बच्चों को विद्यालय में फल नहीं दिए गए। मौके पर जब ग्रामीणों व मीडिया ने बच्चों से जानकारी ली तो बच्चों ने कहा कि उन्हें नियमित रूप से फल नहीं दिए जाते और शिकायत करने पर उन्हें धमकाया जाता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक बच्चों के लिए मिलने वाले फलों को रोककर अपनी जेब में भरते हैं और बरसात का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से पलायन कर लेते हैं। इस कारण योजना की छवि प्रभावित हो रही है। इस मामले मे जब जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अलीगंज विद्युत उपकेंद्र से लगातार बिजली कटौती

**गांवों में पूरी रात गुल रही आपूर्ति, ग्रामीणों में भारी आक्रोश**

**अलीगंज, गोला-खीरी।** अलीगंज विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रविवार शाम से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही, जिसके कारण कमलापुर, जमुनाबाद सहित कई गांवों में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। रातभर बिजली न मिलने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा, वहीं पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हुई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन बिना पूर्व सूचना के बिजली काट दी जाती है, जिससे घरेलू कार्यों के साथ-साथ किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। नारी नर रक्षक पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष बाबूराम राज ने भी विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग से नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की तथा कहा कि यदि किसी तकनीकी कारण से आपूर्ति बाधित करनी पड़े तो उपभोक्ताओं को पहले से सूचना दी जाए। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## बरेली के संजय नगर में पलटा CNG टैंकर, हल्द्वानी से लौटते समय ब्रेकर पर हुआ हादसा

**बरेली।** बारादरी के संजय नगर पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। हल्द्वानी से सीएनजी गैस खाली करके लौट रहा टैंकर अचानक से ब्रेकर पर पलट गया। उसमें कुछ गैस होने की वजह से रिसाव शुरू गया। आनन-फानन में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना की दी है। गनीमत रही कि किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक, हिंदुस्तान पेट्रोलियम का टैंकर हल्द्वानी भेजा गया था। वहां प्लांट पर सीएनजी देने के बाद लौट रहा था। वर्षा की वजह से रोड गीला था तो अचानक महर्षि चौक के पास उसके तैयार फिसल गए। सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। करीब 100 मीटर के एरिया को तत्काल खाली कराकर बिजली सप्लाई काट दी गई। टैंकर में बची गैस का रिसाव होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। एफएसओ संजीव यादव ने बताया कि स्थिति सामान्य है।

# पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी

**24 घंटे के भीतर नुकसान पहुंचाने का अल्टीमेटम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** एक दैनिक समाचार पत्र के जिला ब्यूरो चीफ अमित वर्मा को रविवार शाम लगभग 5 - 30 बजे सोशल मीडिया पर खुलेआम निशाना बनाया गया है। एक अज्ञात इंस्टाग्राम हैंडल से न सिर्फ उनके साथ गाली-गलौज की गई, बल्कि अगले 24 घंटे के भीतर अंजाम भुगतने और जान से मारने की गंभीर धमकी भी दी गई है। इस सनसनीखेज मामले के बाद से पत्रकार और उनका परिवार गहरे खौफ और असुरक्षा के साये में है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, वरिष्ठ पत्रकार अमित वर्मा की आधिकारिक इंस्टाग्राम आईडी 'amit_verma_journalist' पर पिछले कुछ समय से 'rhino.3934252' नाम के एक इंस्टाग्राम हैंडल से लगातार बेहद अभद्र, अश्लील और धमकी भरे संदेश भेजे जा रहे हैं। शुरुआत में उक्त अज्ञात व्यक्ति ने मैसेंजर पर भद्दी-भद्दी गालियां दीं, लेकिन देखते ही देखते उसके हौसले इतने बुलंद हो गए कि उसने पत्रकार को सीधे तौर पर देख लेने की धमकी दे डाली। आरोपी ने संदेश में स्पष्ट लिखा है कि 'अगले 24 घंटे के भीतर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और बड़ा नुकसान पहुंचाया जाएगा। 'इस खौफनाक धमकी के बाद ब्यूरो चीफ अमित वर्मा ने बताया कि इन संदेशों ने उनके और उनके परिवार की रातों की नींद उड़ा दी है। घर में डर और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। पत्रकार ने आशंका जताई है कि धमकी देने वाला शख्स किसी भी वक्त उनके या उनके परिवार के साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। मामले में सीधे तौर पर जान-माल का खतरा बना हुआ है। 'जिस तरह 24 घंटे का अल्टीमेटम देकर धमकी दी गई है, उससे साफ है कि आरोपी के मन में कानून का कोई खौफ नहीं है। मुझे और मेरे परिवार को अनहोनी का डर सता रहा है। 'अमित वर्मा, ब्यूरो चीफ पुलिस महकमे में हलचल, कठोर कार्रवाई की मांग पत्रकार को सरेआम मिली इस धमकी के बाद लखीमपुर खीरी के पत्रकार जगत में भारी आक्रोश है। अमित वर्मा ने पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर मामले से अवगत कराया है। शिकायत में मांग की गई है कि साइबर सेल की मदद से उक्त संदिग्ध इंस्टाग्राम आईडी 'rhino.3934252' के आईपी एड्रेस और यूजर की पहचान तुरंत की जाए। आरोपी को अविलंब गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हो।

# क्योलड़िया की दर्जनों टूटी सड़को से ग्रामीणों का निकलना हुआ मुश्किल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**बरेली/ क्योलडिया।** क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत और निर्माण नहीं होने से बरसात शुरू होते ही इनसे निकलना दूभर हो गया है। सड़कों पर बने गहरे गड्ढे तालाब का रूप ले चुके हैं। पानी से भरे इन गड्ढों में सड़क नजर नहीं आती जिससे हर पल दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। रोजाना राहगीर गहरे गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग अब तक मरम्मत कराने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा सका है। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरसात से पहले सभी खराब सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए थे, लेकिन भदपुरा क्षेत्र की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। सबसे अधिक बदहाल स्थिति क्योलड़िया डैम से मेन मार्केट जवेदा रोड की है। इस मार्ग से क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन होता है। प्रतिदिन हजारों लोग इस मार्ग से नवाबगंज तहसील मुख्यालय के साथ बरेली और पीलीभीत को जाते है। इसी मार्ग से पीलीभीत बरखेड़ा बीसलपुर मार्ग से आने वाले वाहन बरेली को जाते हैं। लेकिन पिछले कई सालों से यह मार्ग जर्जर होकर लोगों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है। बरसात होते ही सड़क पूरी तरह तालाब बन चुकी है और गहरे गड्ढों में पानी भरने से दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, एंबुलेंस और किसानों के लिए सफर जोखिम भरा हो गया है। लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण ग्रामीणों की सुरक्षा भगवान भरोसे नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी रोजाना इन रास्तों से गुजरते हैं, फिर भी खराब सड़कों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई बार शिकायतें देने के बाद भी मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ। क्योलड़िया पुरानी बाज़ार से पुल तक सड़क भी तालाब बनी हुई है। ग्रामीण सोनू भास्कर, विकास गंगवार,आरिफ अंसारी, इमरान अंसारी आनंद कश्यप, जावेद अंसारी, डॉ. मंसूरी, मोहम्मद सफी, महेश गंगवार, बाबूराम यादव और साजिद सिद्दीकी सहित अनेक लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि सावन से पहले सड़कें दुरुस्त नहीं कराई गई और कोई हादसा हुआ तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण वर्षो बीत जाने के बाद नहीं हुआ है। जबकि पीडब्ल्यूडी विभाग का कार्यालय क्योलड़िया में ही है। वहां रोजाना विभागीय अधिकारी आते जाते है। फिर भी टूटी हुई ये रोड उन्हें नजर नहीं आती। इस रोड पर मार्केट बना हुआ है। लेकिन टूटी सड़क होने से ग्राहकों का आना जाना नहीं होता। व्यापारी परेशान हैं। शिकायती पत्र देकर ग्रामीण थक चुकें है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने हर बार जनप्रतिनिधियों से सड़क बनवाने का आग्रह किया। लेकिन अभी तक सड़क नहीं बनी है। क्योलड़िया क्षेत्र की इन टूटी सड़कों से आवागमन हुआ मुश्किल क्योलड़िया से दलेलनगर की सड़क, भदपुरा से कुंवरपुर तुलसी पट्टी सड़क, सिलरा गांव से जरपा मोहनपुर सड़क, नकटी नारायणपुर से सिलरा मार्ग, नकटी नारायणपुर-बिहारीपुर प्रीतम राम मार्ग, भदपुरा-अमीरनगर मार्ग, बिजासन-बिक्रमपुर मार्ग सहित दर्जनों ग्रामीण सड़कें।

# घाटमपुर में कुत्ते के हमलें से बुजुर्ग महिला घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना साढ क्षेत्र अंतर्गत भीतरगांव क्षेत्र स्थिति बारी गांव में सोमवार सुबह एक आवारा कुत्ते के हमलें में 50 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीतरगांव में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरो ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है,, जानकारी के अनुसार बारी गांव निवासी सजवती पत्नी धनीराम, सुबह करीब सात बजे खेत पर काम करने जा रही थी, रास्ते में आवारा कुत्तों ने उन पर अचानक हमला कर दिया,इस हमलें में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई,और मदद के लिए चिल्लाने लगी,इसी दौरान खेत की ओर जा रहे गांव के मनीष ने महिला की चीख-पुकार सुनी,वह तुरंत मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया,तब सजवती की जान बची, इसके बाद मनीष ने अपनी पत्नी की सहायता से घायल महिला को सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र भीतरगांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू किया, ग्रामीणो का आरोप है कि भीतरगांव क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है उनका कहना है कि कुछ दिन पहले गौरी गांव में भी आवारा कुत्तों के झुंड ने लगभग डेढ़ दर्जन पशुओं पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था, इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा इस समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई,, ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या के स्थाई समाधान की मांग की हैं भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं हो सकती है।

## बार कौन्सिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश सदस्य ने मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन डी. एम को सौंपा

**लखीमपुर खीरी –** जनपद निवासी डॉ. सौरभ बाजपेयी आत्महत्या प्रकरण में औरैया के पुलिस इंस्पेक्टर समेत सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अधिवक्ता महासंघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।महासंघ ने दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई तथा मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की। उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि दोषियों को सजा दिलाने के लिए सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक संघर्ष किया जाएगा।

# सेंटर बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**समारोह में जुटे अधिवक्ता और गणमान्य अतिथि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मितौली।** तहसील सभागार मितौली में सेंटर बार एसोसिएशन तहसील मितौली, सम्बद्ध जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर खीरी की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में अधिवक्ता समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश अजय कुमार शुक्ल एवं जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर खीरी के अध्यक्ष तथा कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू मौजूद रहे। अतिथियों की मौजूदगी में सेंटर बार एसोसिएशन तहसील मितौली की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नवीन पदाधिकारियों ने अधिवक्ता समाज की गरिमा, न्याय व्यवस्था की मजबूती और आमजन को न्याय दिलाने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ता समाज सदैव आमजन की आवाज बनकर उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहा है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा।




समारोह में वक्ताओं ने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ता समाज लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। आम नागरिकों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिवक्ता न केवल न्यायालय में अपने पक्षकारों का पक्ष रखते हैं, बल्कि समाज के कमजोर, पीड़ित और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।इस अवसर पर अतिथियों ने नवीन कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों के साथ-साथ न्यायिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और आमजन को सुगम एवं त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शपथ ग्रहण समारोह में जिला महामंत्री भाजपा अनुराग मिश्र, जिला पंचायत प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी मितौली संतदास पवार, तहसीलदार प्रभारी दिनेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा सेंटर बार एसोसिएशन मितौली के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, युवा अधिवक्ता एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। उपस्थित अधिवक्ताओं ने नवीन कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि कार्यकारिणी अधिवक्ता समाज की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगी।समारोह का समापन आपसी सौहार्द, भाईचारे और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों एवं अधिवक्ताओं का नवीन कार्यकारिणी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय महाविद्यालय चुनार की छात्रा का आईआईटी बीएचयू में शोध हेतु चयन



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर की छात्रा सुप्रिया सिंह का गेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात आईआईटी बीएचयू में शोध हेतु चयन हुआ है। सुप्रिया सिंह ने राजकीय महाविद्यालय चुनार से रसायन विज्ञान में एम.एससी. की डिग्री प्राप्त की है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला एवं रसायन विज्ञान के प्रभारी डॉ संकठा प्रसाद सोनकर ने सुप्रिया को सम्मानित किया एवं बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

### दो चार पहिया वाहन समेत तीन शराब तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे



**मिर्जापुर।** अहरौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वनस्थली महाविद्यालय के पास पुलिस चेकिंग के दौरान दो फर्जी नंबर प्लेट लगे चार पहिया वाहन से 488 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। शराब की कीमत लगभग 20 लाख रुपए आकीं गई है। तस्करी में सम्मिलित तीन तस्कर भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं जिसमें सूर्य प्रताप शुक्ला निवासी जैतपुर थाना नगर उटारी, जिला गढ़वा (झारखंड), अनिल यादव निवासी रामपुर थाना अदलहाट और सत्यम कुमार निवासी अरंगी थाना मेराल, जिला गढ़वा (झारखंड) को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया।पुलिस ने दोनों वाहनों से बिहार ले जाई जा रही 488 बोतल विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सूर्य प्रताप शुक्ला और सत्यम कुमार कार से मिर्जापुर आते हैं। अनिल के माध्यम से विभिन्न दुकानों से अंग्रेजी शराब खरीदकर उसे वाहन में लादकर बिहार ले जाकर अधिक दाम पर बेचते हैं। अनिल यादव ग्राम जिगना स्थित कंपोजिट वाइन शॉप पर सेल्समैन है। आरोपियों ने यह भी बताया कि परिवहन के दौरान वे वाहनों पर फर्जी नंबर प्लेट लगा देते हैं।

### जंतर-मंतर पर युवाओं के समर्थन में आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**भदोही।** आम आदमी पार्टी भदोही इकाई ने सोमवार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर जंतर-मंतर पर युवाओं के मुद्दों को लेकर अनशन कर रहे शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। ज्ञापन का नेतृत्व पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने किया। ज्ञापन में कहा गया है कि देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य बेरोजगारी और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक जैसी घटनाओं से प्रभावित हो रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया गया तथा अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति से मांग की कि युवाओं की समस्याओं का गंभीरता से समाधान कराया जाए, लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए तथा शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए। पार्टी ने कहा कि युवाओं के भविष्य और लोकतंत्र की मजबूती के लिए उनकी आवाज सुनी जानी चाहिए। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से युवाओं के हितों की रक्षा और उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार कर्मचारी घायल, रेफर

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर रोड पर सेमरपहा गांव के पास अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सरेनी क्षेत्र के दुधवन गांव निवासी राजकमल सिंह आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में एक निजी कंपनी में फायरमैन कार्यरत हैं। ड्यूटी समाप्त कर वह बाइक से घर लौट रहे थे। शाम करीब चार बजे सेमरपहा गांव के पास फतेहपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात चौपहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजकमल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सुखदरिया पिकनिक मनाने आए दो सैलानीयों की डूबने से मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मिर्जापुर।** अहरौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वन क्षेत्र में रविवार को सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ता है। अहरौरा थाना क्षेत्र में कई प्राकृतिक जलप्रपात जैसे लखनियादरी,भलदरिया, सुखदरिया काफी प्रचलित जलप्रपात है। लेकिन यह जलप्रपात देखने में जितने खूबसूरत है उतना ही जानलेवा भी है। सावधानी न बरतने पर आए दिन कोई ना कोई डूब के जान गवा बैठता है। 19 तारीख दिन रविवार को भी कुछ ऐसा ही समाचार मिला। लगभग 14 लड़कों कि ग्रुप मंडली खाने बनाने के लिए सुख दरिया वॉटरफॉल पहुंचे थे, उनमें से कुछ लोग खाना बनाने में लगे हुए थे तो कुछ पानी में उतरकर स्नान करने लगे, तभी अजय गोंड गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। मदद की गुहार लगाने पर साथ में आए उसके मित्र विकास पांडे पानी में छलांग लगा दिए, लेकिन खोजबीन के बाद हिम्मत हारने पर किनारे जाते समय थक जाने की वजह से डूब कर मौत हो गई। लोगों की अथक प्रयास के बावजूद विकास पांडे को नहीं बचाया जा सका जिनका शव पुलिस प्रशासन बरामद कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। वही पहले से डूबे अजय गोंड एस डी आरएफ की मदद से काफी रात तक खोजबीन की गई लेकिन शव बरामद न हो सका। दूसरे दिन सोमवार को पुनः एसडीआरएफ की टीम काफी मशक्कत के बाद लगभग 11:15 बजे दिन में शव को खोज निकाला। शव देखते ही परिजनों में मातम मच गया। बताते चले कि अजय गोंड उर्फ रिंकू 32वर्ष पुत्र स्व0 रविशंकर निवासी रामनगर का विवाह अभी पिछले हफ्ते 11 जुलाई 2026 को जैतपुरा वाराणसी में हुआ था जिनका 20 जुलाई को दोगा होने वाला था, लेकिन एक दिन पूर्व ही डूबने से मौत हो गई। दूसरे मृतक विकास पांडे 36वर्ष पुत्र गुरु प्रसाद पांडे निवासी रामनगर मिर्जा की लाश रखने के लिए जानकी परवाह न करते हुए पानी में कूद पड़े जिसके वजह से उनको भी जान गंवानी पड़ी। दोनों शव पुलिस के कब्जे में अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है।

## विद्यालय में स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर बच्चों ने शिक्षा के लिए जागरूक किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बनवा के कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बुधवार को जागरूकता रैली निकाली गई इसका मुख्य उद्देश्य शतप्रतिशत बच्चों का नामांकन और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना था। शिक्षकों ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने मन लगाकर पढ़ाई करने और अन्य बच्चों को भी स्कूल से जोड़ने के लिए प्रेरित किया इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेंद्रनाथ व अध्यापक मनोज कुमार तिवारी आलोक शुक्ला संतोष कुमार पांडे विमलेश कुमारी शशि प्रभा के नेतृत्व में निकाली गई रैली इस रैली में विद्यालय के शिक्षक छात्राएं मौजूद रहे उन्होंने गांव की गलियों में भ्रमण कर शिक्षा का संदेश दिया बच्चों ने हाथों में रंग-बिरंगे बैनर पोस्टर ले रखे थे।

शिक्षकों ने घर घर में बच्चों के नामांकन व नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया रैली के दौरान बच्चों ने हर घर का यह है अरमान पढ़ लिखकर बने महान और स्कूल चले हम सपनों को सच करें हम जैसे शिक्षा से जुड़े आकर्षक नारे लगाए,जिससे पूरे गांव में सकारात्मक माहौल बना रहा है प्रधानाध्यापक उपेंद्रनाथ व मनोज कुमार तिवारी आलोक शुक्ला संतोष कुमार विमलेश कुमारी शशि प्रभा ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए विद्यालय परिवार लगातार गांव के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

### नाली विवाद में दंपति पर हमला

युवक के चेहरे पर फावड़ा लगा चार पर मामला दर्ज



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे लाल साहब मजरे कुंडवल गांव में नाली के विवाद में दंपति के साथ मारपीट की गई। हमले में युवक के चेहरे पर फावड़ा लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव निवासी पिंकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति लवकुश नाली से जुड़ा काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के रमेश, गणेश, निशा और लाजवती वहां पहुंच गए। आरोप है कि चारों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पिंकी और उनके पति के साथ मारपीट की। इस दौरान लवकुश के चेहरे पर फावड़ा लग गया, जिससे वह घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गंभीर अपराधों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को दिलाएं शीघ्र सजाः डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा गंभीर आपराधिक मामलों में प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों, कानून व्यवस्था और विभिन्न प्रवर्तन विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि महिला अपराध, पॉक्सो, एनडीपीएस, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, दुष्कर्म तथा शस्त्र अधिनियम से जुड़े मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को शीघ्र दंडित कराया जाए। उन्होंने कहा कि गवाहों की अनुपस्थिति अथवा कमजोर पैरवी के कारण किसी भी मामले में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

बैठक में न्यायालयों में लंबित मुकदमों, जमानत प्रकरणों, चार्जशीट, चार्ज फ्रेम, अंतिम बहस, गवाहों की उपस्थिति एवं अभियोजन स्वीकृति से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कर समय से चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान आबकारी, खनन, परिवहन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभागों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने, मद्य निषेध को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने तथा अवैध खनन, अवैध मद्य कारोबार, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण, संपत्ति जब्तीकरण एवं जिलाबदर की कार्यवाहियों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला सहित अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वनरोज से टकराकर पलटी बोलेरो, दो महिलाएं गंभीर घायल

### शादी में जा रहा परिवार हादसे का शिकार, दूल्हा सुरक्षित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** के जयसिंहपुर क्षेत्र में लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरैया केल्हनपुर के पास सोमवार सुबह करीब 9:15 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो वनरोज (नीलगाय) से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बोलेरो सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। जानकारी के अनुसार, बोलेरो में चालक समेत कुल आठ लोग सवार थे। ये सभी जौनपुर जनपद के सरपतहा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव के निवासी थे और अतिबल के पुत्र गया प्रसाद की शादी के सिलसिले में सुल्तानपुर जा रहे थे।

हादसे में अतिबल (50), प्रेमा (52), लीलावती (45) और इंद्रावती (63) घायल हो गए। इनमें लीलावती और प्रेमा के हाथ-पैर में फ्रैक्चर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर से राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। दूल्हा गया प्रसाद पूरी तरह सुरक्षित है। हादसे में वनरोज भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर वन विभाग के दैनिक वाचर धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक को बुलाकर घायल वनरोज का उपचार शुरू कराया। हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### लोक विधाएं हमारी संस्कृति की पहचान : संतोष पांडेय

**भदोही।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, संस्कृति विभाग एवं जगदंबे न्यू बाल शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जेएनवीएस कॉन्वेंट स्कूल परऊपुर में सृजन कार्यक्रम के तहत लोक गायन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सरगम सेवा ग्रुप के घनश्याम शुक्ला ने छात्रों को विलुप्त होती लोक विधाओं का गायन सुनाकर प्रशिक्षण दिया। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सदस्य संतोष पांडेय ने कहा कि लोक विधाएं हमारी संस्कृति की पहचान हैं। इन्हें संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. आनंद मिश्रा विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता डॉ. रामेश्वर सिंह ने तथा संचालन विनय कुमार पांडेय गोरेलाल ने किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक राजेश पाठक सहित शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला पुलिस ने छीना

### NEET-UG धांधली पर यूथ ब्रिगेड का प्रदर्शन, छात्रों की आवाज दबाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने सोमवार शाम केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का प्रतीकात्मक पुतला लेकर जिलाधिकारी कार्यालय की ओर मार्च किया। पुलिस ने रास्ते में ही पुतला छीन लिया। इस दौरान सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह और नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्र सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

यह प्रदर्शन हालिया नीट परीक्षा में कथित धांधली और पेपर लीक विवाद को लेकर केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ किया गया था। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शाहजाद के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट के पास एकत्र हुए थे। यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शाहजाद अहमद ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर लाखों छात्र अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं, लेकिन उनकी आवाज को तानाशाही रवैये से दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह सहित विपक्ष और छात्रों को जबरन हिरासत में लिया जा रहा है। शाहजाद ने आगे कहा कि योगी, मोदी और अमित शाह की सरकार छात्रों और युवाओं की आवाज दबाने का काम कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी नेता डिंपल यादव को सोनम वांगचुक के समर्थन में दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद नहीं किया और उनकी मांगें पूरी नहीं कीं, तो आने वाले समय में देश का युवा सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगा। शाहजाद ने मौजूदा सरकार को 'तानाशाही और हिटलरशाही' बताते हुए कहा कि युवाओं के आक्रोश से यह सरकार नेस्तनाबूद हो जाएगी।

### साइबर हेल्प डेस्क की तत्परता से पीड़ित को वापस मिले तीन हजार रुपये



**भदोही।** औराई थाना की साइबर हेल्प डेस्क ने ऑनलाइन भुगतान के दौरान गलत खाते में स्थानांतरित हुई 3,000 रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराई। खमरिया निवासी विजय शंकर यादव ने पेट्रोल पंप पर क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान किया था, लेकिन तकनीकी त्रुटि के कारण राशि दूसरे खाते में चली गई। शिकायत मिलने पर साइबर हेल्प डेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल, संबंधित बैंक और भुगतान सेवा प्रदाता से समन्वय कर पूरी धनराशि वापस करा दी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

## नवागत बीईओ का शिक्षकों ने किया स्वागत

### लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त- मनोज कुमार सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** डीघ ब्लॉक स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) पर सोमवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) मनोज कुमार सिंह का शिक्षकों एवं संकुल प्रभारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान आयोजित परिचय एवं समीक्षा बैठक में बीईओ ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और छात्र नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए बीईओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक का दायित्व है कि वह विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें तथा कैच सहित विभाग की अन्य शिक्षण रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने सप्ताह में नियमित रूप से डीईएआर गतिविधि आयोजित कर विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि विकसित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यालय संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचें, निर्धारित समय तक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तथा शिक्षा के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। साथ ही उन्होंने शिक्षकों से किसी भी प्रकार की राजनीति और गुटबाजी से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में बीईओ ने मंगलवार को ब्लॉक की सभी न्याय पंचायतों में आयोजित होने वाली संकुल बैठकों की तैयारियों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संजय कुमार पाण्डेय, रितेश तिवारी, जय प्रकाश सिंह, प्रमोद मौर्य, विवेक पाण्डेय, प्रकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में संकुल प्रभारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## राजेश्वर नाथ त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर अधिवक्ताओं की भूमिका पर हुई गोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** लालगंज तहसील अधिवक्ता सभागार में सोमवार को उपरौध अधिवक्ता समिति के संस्थापक स्व. राजेश्वर नाथ त्रिपाठी की 22वीं पुण्यतिथि पर समाज निर्माण में अधिवक्ताओं की रचनात्मक भूमिका विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई। वक्ताओं ने कहा कि न्याय व्यवस्था जितनी सुलभ और मजबूत होगी। समाज उतना ही सुरक्षित, विकसित और लोकतांत्रिक बनेगा। इसमें अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि ग्रामीण समाज के विकास में न्याय व्यवस्था की अहम भूमिका है। कानून का ज्ञान समाज को जागरूक बनाता है और महापुरुषों के आदर्श सामाजिक जीवन को नई दिशा देते हैं। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा ने कहा कि बार और बेंच का समन्वय न्याय व्यवस्था की आधारशिला है। इसी के माध्यम से पीड़ितों को समयबद्ध और निष्पक्ष न्याय मिल पाता है। पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरी ने कहा कि देश का कानून सभी नागरिकों के लिए समान है और भेदभाव मिटाकर न्याय का संरक्षण करता है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गंगासागर दुबे ने कहा कि पुण्यतिथि जैसे आयोजन अधिवक्ताओं के दायित्व और न्याय के मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं। पूर्व प्रमुख गायत्री प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि स्व राजेश्वर नाथ त्रिपाठी केवल विधि के जानकार ही नहीं बल्कि समाज सेवा के प्रति भी समर्पित व्यक्तित्व थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक कृष्णकांत दुबे ने तथा संचालन समिति के पूर्व अध्यक्ष चंद्रदत्त त्रिपाठी ने किया। स्वागत पूर्व अध्यक्ष अरुण त्रिपाठी ने किया, जबकि आभार समिति अध्यक्ष राजेंद्र मौर्य ने व्यक्त किया।गोष्ठी में संजय सिंह, जगत शास्त्री, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह यादव, राजेश कुमार, सुरेश मिश्रा, दीनानाथ, रमेश, अशोक कुमार, रामेश्वर मिश्रा, जनार्दन मिश्र, धनेश्वर गौतम, बृजभान दुबे सहित अनेक अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## चाय लेकर जा रही कंटेनर में टायर फटने के बाद आग लगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** लालगंज वाराणसी-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को खजुरी फ्लाईओवर के ढलान पर चाय लेकर जा रही कंटेनर में टायर फटने के बाद आग लग गई। घटना से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने करीब डेढ़ घंटे तक मिर्जापुर से मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले मार्ग पर बड़े और छोटे वाहनों का आवागमन रोककर यातायात डायवर्ट कर दिया। चालक सुरक्षित बच गया।

गुवाहाटी से चाय लेकर महाराष्ट्र के कोल्हापुर जा रही कंटेनर सोमवार को खजुरी फ्लाईओवर से गुजर रही थी। इसी दौरान पिछले पहिए का टायर फट गया। टायर के घर्षण से कंटेनर के पिछले हिस्से में आग लग गई। धुआं और लपटें उठती देख आसपास के वाहन चालकों और ग्रामीणों ने चालक को सूचना दी। चालक संजय यादव निवासी जल्हूपुर, वाराणसी ने कंटेनर सड़क किनारे रोककर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने लगी।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों ओर से यातायात रोक दिया। करीब डेढ़ घंटे तक मिर्जापुर से मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले बड़े और छोटे वाहनों का संचालन बंद रहा। इस दौरान वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया गया। जिससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस सूचना पर डीबीएल कार्यदाई संस्था का अग्निशमन वाहन सबसे पहले मौके पर पहुंचा। इसके बाद दमकल विभाग के अन्य वाहन भी पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गए। चालक पूरी तरह सुरक्षित रहा। समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का कार्य जारी था।

### गणेश ट्री फाउंडेशन ने शुरू किया साप्ताहिक वृक्षारोपण अभियान

**भदोही।** गणेश ट्री फाउंडेशन की ओर से 20 से 27 जुलाई तक चलने वाले साप्ताहिक वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ सोमवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर से हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अमित यादव ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद बैरखास स्थित वीर शहीद सुलभ उपाध्याय स्मारक, विभूति नारायण इंटर कॉलेज तथा महिला थाना ज्ञानपुर परिसर में भी पौधे लगाए गए।

संस्थापक गणेश दुबे ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी जरूरी है। इस अवसर पर प्रधान दीपक शुक्ला, विकास मौर्य, कार्तिक राय, ऋषभ दुबे, आशीष सोनकर, निहाल मिश्रा, प्रशांत ठाकुर, अंकित मौर्य, सचिन मिश्रा, सुनील पांडे, अंकित दुबे, विपिन दुबे, प्रियांशु शर्मा सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

## अटल चौराहा व महजूदा चोरीकांड का खुलासा, हिरासत में दो बाल अपचारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** सुरियावां थाना पुलिस ने अटल चौराहा और महजूदा गांव में हुई चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है। उनके कब्जे से चोरी का मोबाइल, ?3,950 नकद तथा बड़ी मात्रा में परचून का सामान बरामद किया गया है। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर सुरियावां पुलिस ने मेढ़ी ग्राउंड मंदिर के पास स्थित ट्यूबवेल के समीप घेराबंदी कर दोनों बाल अपचारियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने साथी आयुष पाण्डेय उर्फ छोटू (20 वर्ष) के साथ करीब 20-25 दिन पूर्व महजूदा गांव निवासी किशन तिवारी के बंद मकान का ताला तोड़कर सरसों, चावल और गहनों की चोरी की थी। इसके अलावा 17/18 जुलाई की रात अटल चौराहा स्थित पंचर की दुकान से 7,000 नकद, समीप की किराना दुकान से चिल्लर, सिगरेट, गुटखा व अन्य सामान तथा एक फल की दुकान से मोबाइल और नकदी चोरी करने की बात भी कबूल की। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर एक इनफिनिक्स मोबाइल, 3,950 नकद, दो बोरी सरसों, एक बोरी अरहर दाल, सिगरेट, सुपारी, पान मसाला, जर्दा, तंबाकू और गुटखा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए एक बाल अपचारी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम और चोरी के मामलों में पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। इस संबंध में थाना सुरियावां में दर्ज मुकदमों में आवश्यक धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं फरार आरोपी आयुष पाण्डेय उर्फ छोटू की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 477 जोड़ों का विवाह संपन्न

### विधायक राजेश गौतम ने दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 477 जोड़ों का विवाह सोमवार को संपन्न हुआ। कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने इस आयोजन की व्यवस्थाओं और नवदंपत्तियों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। विधायक राजेश गौतम ने बताया कि आयोजन स्थल पर कादीपुर और लंभुआ क्षेत्र के नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए जिले के प्रशासनिक अधिकारी और जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुल 477 जोड़ों का विवाह कराया गया। इनमें कादीपुर विधानसभा (चारों ब्लॉक मिलाकर) से 163 जोड़े, लंभुआ से 153 जोड़े और अल्पसंख्यक (मुस्लिम) समुदाय से 6 जोड़े शामिल थे। विधायक ने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ केवल उन्हीं लाभार्थियों को दिया गया है जिनका ब्लॉक स्तर पर समाज कल्याण अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण और सत्यापन हुआ था।

योजना के तहत प्रत्येक नवविवाहित बालिका/वधू के खाते में सीधे ?64,000 की धनराशि भेजी जा रही है। इसके अतिरिक्त, 21,000 मूल्य की गृहस्थी सामग्री भी प्रदान की जा रही है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को अपना परिवार मानकर कार्य कर रहे हैं। सरकार इन बेटियों को सामग्री और वित्तीय मदद मुहैया करा रही है। यह दो दिवसीय सामूहिक विवाह समारोह 21 जुलाई को भी आयोजित किया गया था। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि पहले दिन ऑनलाइन आवेदनों के माध्यम से कुल 477 जोड़े पंजीकृत हुए थे, जिनमें 6 जोड़े अल्पसंख्यक (मुस्लिम) समुदाय के और शेष 471 जोड़े हिंदू धर्म के थे। सुल्तानपुर के लिए कुल 854 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। भौतिक सत्यापन में पात्र जोड़ों की संख्या अधिक पाए जाने के कारण जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य को बढ़ाकर 1,074 करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सुल्तानपुर** के कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मगराना गांव में सोमवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लगभग 22 वर्षीय प्रिंस कुमार का शव उसके कमरे में मिला। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। मृतक के पिता रमेश कुमार ने बताया कि प्रिंस सुबह लगभग 5 बजे उनके साथ खेत पर काम करने गया था। खेत से लौटने के बाद उसने खाना खाया और अपने कमरे में जाकर लेट गया। उस दौरान कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। दोपहर लगभग 3 बजे जब परिजनों ने किसी काम के लिए प्रिंस को बुलाया, तो वह नहीं उठा। कमरे में जाकर देखने पर उसकी मौत का पता चला। उसे लगभग 2:50 बजे अस्पताल ले जाया गया था। पिता रमेश कुमार के अनुसार, प्रिंस ने मौत से पहले किसी तरह की तकलीफ या घटना के बारे में परिवार को कोई जानकारी नहीं दी थी। इससे मौत के कारणों का तुरंत पता नहीं चल सका है। जहरीले जीव के काटने या किसी अनहोनी की आशंका पर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली।

# संक्षिप्त खबरें

## एक पौध मां के नाम रोपित करने का एलायंस क्लब का अभियान निरंतर जारी

**एक पेड़ मां के नाम लगाकर पर्यावरण बचाने में करें सहयोग- रोशनलाल उमरवैश्य**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण व पौधवितरण अभियान में सोमवार को बेनीपुर, महुली, कांपा, चिलबिला आदि जगहों पर पौधरोपण कर पौध वितरण भी किया गया। क्लब के पदाधिकारियों के साथ मां के नाम एक-एक पौधरोपित कर दूसरों को भी पौधरोपित करने के लिए प्रेरित किया गया।क्लब के डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि चिलबिला नगर व गांवों में पौध वितरित कर अनुरोध किया गया कि इस अभियान में जुड़कर मां के नाम एक-एक पौधरोपित कर उसकी सुरक्षा करें।पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाना हम सब की जिम्मेदारी भी है।उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में क्लब पौध वितरण व पौधरोपण अभियान चला रहा है। क्लब द्वारा भीषण गर्मी से पशु पक्षियों के लिए छोटे-छोटे बर्तन व हौदे वितरित कर पानी और दाने की व्यवस्था क्लब द्वारा की जा रही है।अभियान में डीएफओ आशुतोष गुप्ता का क्लब को पूरा सहयोग मिल रहा है।शिवम यादव जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे, डॉ0 लक्ष्मीकांत द्विवेदी वन विभाग, डॉ0 गौरी शंकर, रूपेश कुमार यादव, अजीत कुमार फॉरेस्ट, डॉ दयाराम मौर्य, शनि महाराज, राजेश सिंह, विनय श्रीवास्तव, अंशुमान सिंह, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, आदर्श कुमार, मेघा, सुधा अग्रवाल आदि क्लब के पदाधिकारियों ने पौधरोपण व पौधवितरण किया।

## कृषि रक्षा उपकरणों एवं बखारी पर मिलेगा 50 प्रतिशत तक अनुदान- जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्रा ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद प्रतापगढ़ को शासन द्वारा 64 मानव चालित स्प्रेयर, 120 शक्ति चालित (पावर) स्प्रेयर तथा 412 सुरक्षित अन्न भंडारण बखारी यथा कुल 596 कृषि रक्षा उपकरण एवं सुरक्षित अन्न भंडारण बखारी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके अंतर्गत पात्र किसानों को कृषि रक्षा उपकरणों एवं बखारी की खरीद पर 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा। मानव चालित स्प्रेयर पर क्रय मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम रूपये 1500, शक्ति चालित (पावर) स्प्रेयर पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम रूपये 3000 तथा लघु एवं सीमांत कृषकों को सुरक्षित अन्न भंडारण हेतु बखारी के मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम रूपये 2000 (जो भी कम हो) का अनुदान देय होगा।किसान अपनी इच्छानुसार खुले बाजार से किसी भी कंपनी का आईएसआई मानक कृषि रक्षा यंत्र खरीद सकते हैं। सुरक्षित अन्न भंडारण बखारी की अधिकतम क्षमता 5 क्विंटल (24 गेज, दो बंद व्यवस्था) तथा 3 एवं 2 क्विंटल (24 गेज, एक बंद व्यवस्था) निर्धारित है। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बखारी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की उच्च गुणवत्ता वाली जी.पी. शीट से निर्मित होना अनिवार्य है। इच्छुक एवं पात्र किसान कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल https://agriculture.up.gov.in/ पर आवेदन/बुकिंग कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु अपने विकास खंड के कृषि रक्षा इकाई अथवा जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ 7839882338 से संपर्क कर सकते हैं।

## आवासीय विद्यालय से बिना सूचना के घर पहुंची छात्राएं, स्कूल में हडकंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से दो छात्राओं के रविवार की शाम अचानक लापता होने से हडकंप मच गया। हालांकि दोनों छात्राएं बिना सूचना के अपने घर चली गयी थी। सोमवार को अभिभावकों के साथ छात्राएं विद्यालय पहुंची तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में थाना क्षेत्र के सिंघनी घाट निवासी रामकरन वर्मा की पुत्री कोमल तथा कोठा नेवढ़िया के ओमप्रकाश गुप्ता की पुत्री बरिस्ता विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा है। रविवार की शाम पांच बजे छात्राएं बिना सूचना के हॉस्टल से निकल गयी। शाम को नाश्ते के समय छात्राओं की गिनती होने लगी तब दोनों को हॉस्टल में मौजूद न पाकर वार्डेन आराधना यादव परेशान हो उठीं। वार्डेन आराधना ने फौरन विभागीय उच्चाधिकारियों के साथ सांगीपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर आधी रात जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह, सांगीपुर के बीईओ ओम नारायण सिंह हास्टल पहुंचे। इधर सांगीपुर पुलिस भी रात भर अनहोनी की आशंका में छात्राओं की खोजबीन में हलाकान रही। सोमवार की सुबह दोनों लापता छात्राएं परिजनों के साथ विद्यालय पहुंच गयी। छात्राओ को सकुशल देख विद्यालय प्रशासन के साथ सांगीपुर पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

# कौशल विकास आत्मनिर्भरता की सबसे मजबूत आधारशिला- सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया, नवीन प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया तथा प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। सीडीओ ने सर्वप्रथम संस्थान में संचालित 38 दिवसीय असिस्टेंट बुक कीपर एवं 13 दिवसीय कृषि उद्यमी आवासीय प्रशिक्षण बैचों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, भोजन, आवास एवं अन्य उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने एसी एवं फ्रिज रिपेयर के नवीन प्रशिक्षण बैच का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एसी एवं फ्रिज रिपेयर जैसे ट्रेड युवाओं के लिए कम समय में बेहतर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं।कहा कि कौशल विकास आत्मनिर्भरता की सबसे मजबूत आधारशिला है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत वे अपनी आवश्यकता के अनुरूप मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सहित विभिन्न बैंक ऋण योजनाओं का लाभ लेकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान वूमेन टेलरिंग बैच की प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी 32 महिला प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी ने प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महिला प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पारंपरिक सिलाई-कढ़ाई के कौशल को आधुनिक बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाए तो रोजगार के असीमित अवसर उपलब्ध है।

भ्रमण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने आरसेटी परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) नीरज सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल तभी सार्थक होगा जब प्रशिक्षार्थी पूरे समर्पण के साथ सीखकर उसे स्वरोजगार में परिवर्तित करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि बैंकिंग प्रणाली प्रत्येक पात्र प्रशिक्षार्थी को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री नारायण, बैंक ऑफ बड़ौदा महुली शाखा के मुख्य प्रबंधक अविनाश, आरसेटी के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## बीरापुर खुर्द में प्रधान पर 11 लाख रुपये के गबन का आरोप

**» विकास कार्य बिना कराए भुगतान का दावा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** पट्टी ब्लाक के बीरापुर खुर्द ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में अनियमितता और करीब 11लाख रुपये के गबन का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिना कार्य कराए ही अभिलेखों में निर्माण कार्य पूर्ण दर्शाकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। मामले की शिकायत जिलाधिकारी, पंचायती राज विभाग तथा उपजिलाधिकारी पट्टी से की गई है।

गांव निवासी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) जयचंद चौरसिया ने ऑनलाइन शिकायत में आरोप लगाया है कि मनरेगा योजना के तहत कराए जाने वाले इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्यों को कागजों में पूर्ण दिखा दिया गया, जबकि मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ है।शिकायत के अनुसार, जिन कार्यों को पूर्ण दर्शाया गया है उसमें जयराम चौरसिया के घर तक प्रस्तावित इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। आरोप है कि इन विकास कार्यों पर लगभग 11 लाख रुपये की धनराशि बिना कार्य कराए ही निकालने का प्रयास किया गया है।शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं स्थलीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत सचिव संदीप सरोज ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि संबंधित कार्य हो गया है और उनके खिलाफ गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। किंतु शिकायत कर्ता जय चंद चौरसिया ने ग्राम पंचायत सचिव की आख्या को गलत बताया है और जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कि मांग की है।

## दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, तेरह लोगों पर केस दर्ज

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भिटपरा टोला बरगदवा मे मोटर साइकिल हटाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार रविवार को देर शाम ग्राम पंचायत भिटपरा टोला बरगदवा में दो पक्षों में मोटर साइकिल हटाने को लेकर जमकर मारपीट हुई। बताया जाता है कि अरविन्द यादव अपनी बाइक लेकर खड़ा था। तौलन पंडितपुरवा निवासी बरगदवा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन लेने जा रहे थे।तौलन ने बाइक हटाने को कहा।जिसपर दोनों लोगों से कहा सुनी होते -होते मामला मारपीट तक पहुंच गई। जिसमें कई लोगों को काफी चोटे आई है। मारपीट की सूचना लोगों ने लोटन पुलिस को दी।जिस पर पुलिस द्वारा मामले को शांत कराकर पहले इलाज कराने को कहा गया।इलाज के बाद दोनों पक्षों से तहरीर के आधार पर तेरह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी हरिओम कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज मामले की जांच की जा रही है।

## गौ संरक्षण और सनातन धर्म का संदेश लेकर सिद्धार्थनगर पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**» विकास कार्य बिना कराए भुगतान का दावा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** 81 दिवसीय 'गविष्ठि (गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध) यात्रा' के तहत जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 1008 जी महाराज सोमवार को सिद्धार्थनगर पहुंचे। शोहरतगढ़, उसका बाजार और इटवा में श्रद्धालुओं ने उनका जयघोष, पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने गौ संरक्षण, सनातन धर्म, सामाजिक समरसता, राष्ट्रहित और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। शोहरतगढ़ के छतहरा स्थित त्रिपाठी मोटर एजेंसी परिसर में आयोजित पादुका पूजन कार्यक्रम में शंकराचार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गौ माता और सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि 'गौ माता पशु नहीं, हमारी माता हैं और उनकी रक्षा करना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है।' उन्होंने धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि धर्म के लिए संघर्ष करने वाला व्यक्ति परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता।

उन्होंने गौ संरक्षण को लेकर चल रहे अभियान को आगे बढ़ाने की बात कहते हुए कहा कि जब तक गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित नहीं किया जाता, तब तक यह अभियान जारी रहेगा। साथ ही मंदिरों में चढ़ावा चोरी और गौ माता से जुड़े मुद्दों पर भी अपनी बात रखी।

इससे पूर्व इटवा से ढेबरुआ चौराहे तक यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में अंबिका त्रिपाठी एवं नीलम त्रिपाठी ने पादुका पूजन किया। इस अवसर पर विनोद कुमार यादव, उग्रसेन सिंह, मुरलीधर मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**उसका बाजार में हुआ भव्य स्वागत**

नगर पंचायत उसका बाजार स्थित राजा पुलिस बूथ पर भी शंकराचार्य की यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने लोगों से गौ रक्षा के लिए आगे आने और सनातन समाज को संगठित करने का आह्वान किया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया, जबकि पूर्व विधायक विजय पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

**इटवा में धर्मयुद्ध यात्रा का आयोजन**

इटवा के बिस्कोहर में आयोजित कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष एवं इटवा विधायक माता प्रसाद पांडेय ने जगद्गुरु शंकराचार्य का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि 3 मई से 24 जुलाई तक चल रही 81 दिवसीय गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा का उद्देश्य गौ संरक्षण, धर्म रक्षा और समाज में जागरूकता फैलाना है। शंकराचार्य ने इस अवसर पर गौ रक्षा के लिए समाज को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

## सरकारी चारागाह पर अवैध मिट्टी खनन का आरोप

**चारागाह की भूमि पर रात के अंधेरे में होता अवैध मिट्टी खनन का खेल**



**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथनासा में सरकारी चारागाह की भूमि पर अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 440 स्थित सरकारी चारागाह से पिछले करीब एक माह से रात में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्रॉलियों से मिट्टी निकाली जा रही है। बताया गया कि रात करीब 11 बजे के बाद खनन होता है। बाहर से आने वाले वाहन मिट्टी को दूसरे गांवों में ले जाकर बेच रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इससे सरकारी भूमि को नुकसान पहुंच रहा है। मामले की सूचना पहले लेखपाल को फोन पर दी गई थी लेकिन अब तक कोई जांच या कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने एसडीएम से अवैध खनन तत्काल बंद कराने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## जंगली सूअर के हमले में घायल ग्रामीण ने वनाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुठहवा में घर के आंगन में सो रहे एक ग्रामीण पर जंगली सूअर ने अचानक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से आक्रोशित पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने वन विभाग के रवैये पर नाराजगी जताते हुए प्रभागीय वनाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है और न्याय के साथ-साथ उचित मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार लुठहवा निवासी छब्बू पुत्र सीताराम बीते 15 जुलाई की रात को रोज की तरह अपने घर के आंगन में सोए हुए थे। रात के करीब बारह बजे सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग के जंगलों से भटककर एक हिंसक जंगली सूअर आबादी वाले इलाके में घुस आया। इससे पहले कि छब्बू कुछ समझ पाते कि जंगली सूअर ने उन पर अचानक जानलेवा हमला बोल दिया। सूअर के दांतों और पंजों के वार से छब्बू लहूलुहान होकर चीखने-चिल्लाने लगे। आधी रात को अचानक चीख-पुकार सुनकर छब्बू के परिजन और आस-पास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके की तरफ दौड़े। लोगों का भारी हुजूम और शोरगुल देखकर जंगली सूअर ग्रामीण को मरणासन्न हालत में छोड़कर वापस अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर भाग निकला। ग्रामीणों ने आनन-फानन में खून से लथपथ छब्बू को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर में भर्ती कराया। अस्पताल के चिकित्सकों ने पीड़ित की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के मुताबिक पीड़ित के शरीर पर गहरे जख्म आए हैं और उनका इलाज जारी है। इस घटना के बाद से ही ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है। सोमवार को गंभीर रूप से घायल छब्बू ने परिजनों के साथ मिलकर प्रभागीय वनाधिकारी सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग महराजगंज को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से पीड़ित ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि वन्य जीवों के आबादी क्षेत्र में आने से ग्रामीणों की जान-माल को लगातार खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने वन विभाग से इस जानलेवा हमले के एवज में न्याय दिलाने, इलाज का पूरा खर्च वहन करने और उचित मुआवजा राशि देने की मांग की है।

## सीओ की फटकार पर नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ एससीएसटी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दलित की पिटाई को लेकर सीओ की फटकार पर सांगीपुर पुलिस ने नामजद समेत तीन आरोपियो के खिलाफ दलित उत्पीड़न व गालीगलौज तथा मारपीट व धमकी, तोड़फोड का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के तारापुर निवासी राहुल कोरी पुत्र बनवारी लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह जुलाई को शाम सात बजे वह बाजार से बाइक से घर लौट रहा था।

रास्ते में गांव के कुलदीप सिंह पुत्र विन्द बहादुर सिंह तथा दो अज्ञात ने उसे जबरिया रोक लिया। आरोपियो द्वारा गालीगलौज करने पर पीड़ित ने मना किया तब उसे तीनों आरोपी को मारने पीटने लगे। आरोपियो ने जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हुए लाठी डण्डा व सरिया से हमला कर उसे गंभीर चोटें पहुंचायी। पीड़ित ने सीओ राजीव द्विवेदी से मिलकर आपबीती सुनाई। सीओ की फटकार पर सांगीपुर पुलिस ने कुलदीप समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## विरोधियों के साथ षड्यंत्र कर जनता को भ्रमित करने की साजिश नहीं होगी कामयाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भरावन (हरदोई)।** प्रधान प्रतिनिधि दीपक भदौरिया ने एक कथित पत्रकार पर विरोधियों से मिलकर जनता में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने संबंधित मामले के अभिलेख पेश कर कार्रवाई की मांग की है। विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत सिकंदरपुर के प्रधान प्रतिनिधि दीपक भदौरिया ने बताया कि एक कथित पत्रकार द्वारा पैसा निकालकर इंटरलॉकिंग न बनवाने की खबर प्रसारित की गई। उन्होंने मामले से संबंधित अभिलेख दिखाते हुए बताया कि सिकंदरपुर के मजरा चंदौली में डामर रोड से राजेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग लगवाई गई, उसी कार्य का भुगतान भी किया गया। जबकि कथित पत्रकार ने विरोधियों के साथ षड्यंत्र कर जनता के बीच उनकी छवि खराब करने के लिए खबर प्रसारित कर दिया कि पत्थरताली गांव में मुख्य सड़क से राजेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य का पैसा निकाल लिया लेकिन काम नही हुआ। हालांकि उन्होंने बताते हुए खुशी जाहिर की कि पत्थरताली में भी इंटरलॉकिंग कार्य के लिए मनरेगा से स्वीकृति ले ली गई है। जल्द कार्य कराने का प्रयास रहेगा।

श्री भदौरिया ने बताया कि आगामी प्रधानी के चुनाव के मद्देनजर प्रधानों को उनकी छवि खराब करने की धमकी देकर वसूली का कार्य किया जा रहा है। जो कि हरगिज बर्दाश्त नही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रधानगण इस तरह की शोषण की साजिश का विरोध कर सक्षम अधिकारी से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

## करोड़ों की लागत से टाउन एरिया में बारात घर का हुआ भूमिपूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के सलेम भदारी वार्ड स्थित डॉ0 भीमराव आम्बेडकर पार्क में सोमवार को विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा स्वीकृत कराए गए आम्बेडकर बारात घर का समारोहपूर्वक भूमिपूजन हुआ। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी तथा विधायक मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने संयुक्त रूप से दो करोड़ छियासी लाख की लागत से बनने वाले बारात घर की आधारशिला रखी। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने आम्बेडकर जन कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों के साथ बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने बताया कि पखवारे भर के अंदर आम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य भी शुरू होगा। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह रहे। अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप ने बारात घर में मिलने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी एवं संचालन अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। समारोह को सभासद एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, छोटेलाल सरोज, दीपू सरोज, प्रमोद सरोज, रामलखन जायसवाल, भगवताचार्य विनय शुक्ल ने भी संबोधित किया। नपं प्रधान आंकिक अनिकेत दुबे सहित सभासदों ने अतिथियों को बुकें एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर इं. सुनील पाण्डेय, पप्पू तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, रामचंद्र तिवारी, एबादुर्रहमान, कैलाशनाथ तिवारी, शेरू खां, पन्नेलाल पाल, बबलू तिवारी, अवनीश शुक्ला, मोनू पाण्डेय, मुस्ताक अहमद आदि रहे।

## नरकटहा निवासी युवक का शव दिल्ली रेलवे लाइन पर क्षत- विक्षत मिला

**सोमवार को अपराह्न दिल्ली से एबुलेंस से गांव पहुंचा, शव मचा कोहराम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिशुनपुर के नरकटहां गांव निवासी एक युवक का शव दिल्ली से गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रामनयन यादव एंव रामनिवास यादव ग्राम नरकटहा गांव के निवासी है। दोनों लोग सगे भाई है और संयुक्त परिवार है। रामनयन नौगढ़ में रहकर आलू के थोक व्यापारी हैं।जब कि उनके भाई रामनिवास यादव अपने परिवार के साथ रोजी, रोजगार के लिए दिल्ली में काफी समय से रहते हैं। बताया जाता है कि रामनिवास का लड़का लोकेश यादव उम्र 22 वर्ष का शव रविवार की सुबह दिल्ली से हरियाणा जाने वाले रेलवे ट्रैक पर टूकडों में पड़ा मिला था।जिसकी सूचना रेलवे पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही आनन-फानन में पिता सहित लोग मौके पर पहुंच कर हतप्रभ हो गए। आखिर यह सब क्या हो गया। पुलिस के लोगों ने बताया कि सुबह कुछ लोगों द्वारा सूचना मिला कि एक शव रेलवे ट्रैक पर कटा पड़ा है।रेलवे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

मृतक का शव लेकर एम्बुलेंस से दिल्ली से नरकटहां गांव सोमवार लगभग एक बजे पहुंचा। शव को घर पहुंचने के थोड़ी देर बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक के माता-पिता भी दिल्ली में ही रहते थे। रामनिवास यादव काफी दिन से रहते थे। घर का इकलौता लड़का होने के कारण लोकेश भी अपने माता-पिता के पास ही रहता था। उसके पिता द्वारा लोकेश को भी दिल्ली किसी कम्पनी में काम मिला था। इतना ही नहीं मृतक लोकेश की शादी भी अभी नहीं हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही सभी लोग हतप्रभ हो गए।

## जहरीले जन्तु के काटने से 6 वर्षीय मासूम ने एम्स में तोड़ा दम



**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के मदनखेड़ा मजरे पोखरनी गांव में अंधेरे में मां के साथ सो रहे 6 वर्षीय मासूम चाहत पुत्र महेश को किसी जहरीले जन्तु ने काट लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी महराजगंज ले गए, जहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल और फिर एम्स रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. एस.के. राय ने बताया बच्चे को मृत अवस्था में लाया गया था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता महेश कुमार ने बताया बिजली न होने से अंधेरे में कुछ समझ नही आया। बच्चे के चीखने पर जानकारी हुई। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से मासूम के परिवार में कोहराम मचा है और गांव में शोक की लहर है।

## तालाब में उतराता मिला लापता महिला का शव, बकरी चराने निकली थी घर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सूदनखेड़ा मोहल्ले स्थित तालाब में सोमवार को एक महिला का शव संदिग्ध हालात में उतराता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।कोतवाली क्षेत्र के मलपुरा निवासी रमेशा (50) पत्नी बाल्हेश्वर दो दिन पहले बकरी चराने के लिए घर से निकली थीं। बकरियां तो घर लौट आई, लेकिन वह वापस नहीं पहुंचीं।

मृतका के बेटे संजय ने बताया कि उन्हें लगा था कि उनकी मां अपने अपनी ससुराल चिलौला चली गई होंगी। इसी कारण पुलिस को गुमशुदगी की सूचना नहीं दी गई। सोमवार को एक परिचित से तालाब में शव मिलने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान की। परिजनों के मुताबिक रमेशा प्लास्टिक बीनने का भी काम करती थीं। आशंका है कि वह तालाब में जमा प्लास्टिक निकालने के लिए पानी में उतरी होंगी और डूब गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। मृतका के बेटे संजय, सरिंदे, रविंदे, सुरेंद्र और अंकित का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के मुताबिक पांचों बेटे अविवाहित हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसएसबी ने विद्यालयों में आयोजित की विभिन्न प्रतियोगिताएं




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** एसएसबी की 22वीं वाहिनी कंपनी के कार्यक्षेत्र में स्थित विभिन्न विद्यालयों में विविध प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए विकसित भारत विषय पर निबंध लेखन, चित्रकला, सामान्य ज्ञान, स्वतंत्रता संग्राम, अंतरिक्ष विज्ञान और भारत की परमाणु उपलब्धियों जैसे विषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बल के अधिकारियों व जवानों द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, शिक्षा के महत्व और भारतीय संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे एआई के सकारात्मक व जिम्मेदार उपयोग की जानकारी देते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रतियोगिताओं के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेता छात्र-छात्राओं को उपहार व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने धारा 69/351(2) बीएनएस के तहत वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर टोला बोदवार निवासी अब्दुल कलाम उर्फ बबलू (21) पुत्र अब्दुल अजीज के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सभी आवश्यक कानूनी और विधिक औपचारिकताएं पूरी की, जिसके बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि लंबे समय से वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### जलभराव व गंदगी से परेशान लोगों का नगर पालिका में प्रदर्शन, शीघ्र समाधान की उठाई मांग



**उन्नाव।** लगातार हो रही बारिश के बाद शहर में जलभराव और गंदगी की समस्या को लेकर सोमवार को नगर पालिका परिषद उन्नाव में लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। वार्ड-15 पहली खेड़ा के दर्जनों निवासी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जलनिकासी, नालियों की सफाई तथा गंदगी हटाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि मोहल्ले में लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं कराई गई, जिससे बारिश का पानी सड़कों और गलियों में जमा हो गया है। जलभराव के कारण लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। उनका कहना था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उधर, बांगरमऊ स्थित ग्राम न्यायालय परिसर में भी जलभराव की गंभीर समस्या सामने आई, जिससे अधिवक्ताओं और वादकारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण कराकर जल निकासी, नालियों की सफाई और गंदगी हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। साथ ही लोगों से सहयोग की भी अपील की गई।

### रामलीला मैदान से चोरी की बाइक बरामद, वाराणसी निवासी युवक को भेजा गया जेल




**भदोही।** गोपीगंज पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का सफल खुलासा करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार 17 जुलाई को डिलीवरी बॉय राकेश उपाध्याय की सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल (यूपी 62 वाई 2808) बड़े शिव मंदिर के पास स्थित डिलीवरी कार्यालय के बाहर से चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर गोपीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी और वाहन की तलाश में जुटी थी। सोमवार को उपनिरीक्षक वीरेंद्र नाथ यादव अपनी टीम के साथ मिर्जापुर तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रामलीला मैदान में घेराबंदी कर वाराणसी जनपद के जंसा थाना क्षेत्र के तिवारीपुर निवासी मनोज प्रजापति (25) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र नाथ यादव, कांस्टेबल अखिलेश सरोज एवं कांस्टेबल दिलीप सिंह शामिल रहे।

### निवेश के नाम पर डकारा लाखों की रकम, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कंपनी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के साथ अज्ञात आरोपी द्वारा पीड़ित के खाते से दो लाख आठ हजार पांच सौ रूपये आरटीजीएस के माध्यम से हडप लिये। जानकारी होने पर पीड़ित ने पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बरेंद निवासी प्रदीप कुमार तिवारी पुत्र कृष्ण कुमार तिवारी की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ छल कपट के साथ रूपये गड़प किये जाने का केस दर्ज किया है।

# एनजीटी के निर्देशों की अनदेखी

## अवैध बालू ढुलाई से सरकार को राजस्व का हो रहा नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** राज्य में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश लागू होने के बावजूद धनबाद रोड पर प्रतिदिन सुबह सैकड़ों ट्रैक्टरों के परिचालन का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनजीटी के प्रतिबंध और जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद अवैध रूप से बालू की ढुलाई लगातार जारी है। इससे न केवल एनजीटी के निर्देशों की अनदेखी हो रही है, बल्कि जिला प्रशासन के आदेशों का भी उल्लंघन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, अवैध रूप से बालू की ढुलाई भंडारो, कोल्हुआकला क्षेत्र से विजैया होते हुए करियातपुर के रास्ते नेशनल हाईवे और फिर धनबाद रोड के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही है। इधर गौरियाकरमा से भी बालू की अवैध ढुलाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रैक्टर इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन इनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि अवैध बालू परिवहन से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। साथ ही, सरकार द्वारा अवैध खनन पर रोक लगाने और राजस्व संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**देवचंदा मोड़ पर चेक पोस्ट के लिए दंडाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति**

एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन को लेकर उपायुक्त द्वारा 10 जून को पत्र जारी कर देवचंदा मोड़ पर अस्थायी चेक पोस्ट स्थापित करने का आदेश दिया गया था। इसके तहत तीन शिफ्टों में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।दंडाधिकारी के रूप में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोहर भगत, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सदानंद यादव एवं अंचल निरीक्षक अजय कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं पुलिस पदाधिकारी के रूप में एसआई पृथ्वी हरिजन, एएसआई अजीजुल हक तथा देवेंद्र सिन्हा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**10 जून से 15 अक्टूबर तक लागू है एनजीटी का प्रतिबंध**

गौरतलब है कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी के निर्देशों के तहत बालू के खनन एवं परिवहन पर प्रतिबंध लागू रहता है। इस संबंध में उच्च न्यायालय के भी सख्त निर्देश हैं। इसके बावजूद यदि प्रतिबंधित अवधि में बालू का अवैध परिवहन जारी है, तो यह नियमों के उल्लंघन का गंभीर मामला माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा एनजीटी के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि सरकारी राजस्व की सुरक्षा के साथ-साथ अवैध बालू कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## समग्र शिक्षा अभियान की योजनाओं का आकेक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के आकेक्षण (ऑडिट) के क्रम में सोमवार को बरही प्रखंड के कई विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान ऑडिट टीम ने विद्यालयों में संचालित योजनाओं, उपलब्ध संसाधनों, अभिलेखों एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की।आकेक्षण के दौरान बेसिक स्कूल पंचमाधव की प्रधानाध्यापिका बिंदिया देवी, बॉयज मिडिल स्कूल बरही की प्रधानाध्यापिका पूनम सिन्हा, गवर्मेंट सेकेंडरी स्कूल भंडारों के प्रधानाध्यापक शाहिद अख्तर, गवर्मेंट सेकेंडरी स्कूल बुंडू-2 के प्रधानाध्यापक मणिलाल राम, उच्च विद्यालय बरही के प्रधानाचार्य शिव कुमार राम, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरसोत की वार्डन रौशनी बाड़ा, मिडिल स्कूल बरसोत के प्रधानाध्यापक शशिभूषण कुमार, मिडिल स्कूल बेन्दगी के प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद, एनपीएस अलगडीहा के प्रधानाध्यापक भोला यादव, प्राइमरी स्कूल ब्लॉक कैम्पस की प्रधानाध्यापिका सुमन कुमारी एवं शिक्षक संजय दुबे, मदरसा तहफूजे इस्लाम बरही के शहबाज आलम तथा मदरसा अजीजिया उल ओलुहा के रसोइया मो. अख्तर उपस्थित रहे। आकेक्षण दल में उमेश कुमार, अर्चना गुंजन, विजय कुमार मेहता, विक्रम कुमार, सुरेंद्र कुमार दास, सुनील कुमार, बलदेव कुमार दास, सिद्दकी खातून, कमलेश कुमार मेहता, अनूप कुमार रजक, राजेन्द्र प्रसाद मेहता एवं प्रमोद राम शामिल थे। टीम ने सभी विद्यालयों में समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित योजनाओं का भौतिक सत्यापन करते हुए संबंधित अभिलेखों एवं कार्यों की जांच की। साथ ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालन का आकलन किया गया।

### विंध्याचल धाम पहुंचे सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव

**मीरजापुर।** सोमवार को दोपहर करीब 3:30 बजे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव विंध्याचल धाम पहुंचे। वह कार से मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर पहुंचे, जहां उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं ने शंखनाद कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंदिर पहुंचकर शिवपाल यादव ने विधि-विधानपूर्वक मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर परिसर में सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नेताओं के साथ फोटो खिंचवाने के लिए कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिली। दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'यह सत्ता भारतीय जनता पार्टी की है। चाहे दिल्ली की सरकार हो या उत्तर प्रदेश की, यह जनता पर अत्याचार कर रही है।' उन्होंने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का जिक्र करते हुए कहा कि 'सोनम वांगचुक बहुत इंटेलिजेंट और पढ़े-लिखे हैं।

## बारिश से बचाव के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हजारीबाग यूथ विंग ने भेंट किए रेनकोट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** लगातार हो रही बारिश के बीच यातायात व्यवस्था संभाल रहे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की सुरक्षा और सम्मान के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग द्वारा सोमवार को सीसीआर परिसर में रेनकोट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 60 से अधिक ट्रैफिक पुलिस जवानों को रेनकोट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने हजारीबाग यूथ विंग के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस कर्मी हर मौसम में नागरिकों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हैं। ऐसे फ्रंटलाइन पुलिस वॉरियर्स के सम्मान और सुविधा के लिए किया गया यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं की सकारात्मक भागीदारी पुलिस और समाज के बीच विश्वास को और मजबूत करती है। कार्यक्रम में हेडक्वार्टर डीएसपी ज्ञान रंजन, सदर एसडीपीओ रूपक कुमार सिंह, सीसीआर डीएसपी मो. अरमानुल हक, सार्जेंट मेजर कुमार देवब्रत तथा ट्रैफिक थाना प्रभारी अनूप कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किए जाने के बाद ट्रैफिक पुलिस जवानों को रेनकोट वितरित किए गए। लगभग 45 मिनट तक चले कार्यक्रम का संचालन सेजल सिंह, खुशी कुमारी एवं वर्षा डे ने संयुक्त रूप से किया, जबकि स्वागत भाषण संस्था के सचिव रितेश खण्डेलवाल ने दिया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक पुलिस जवानों के प्रति सम्मान और सेवा भावना का वातावरण देखने को मिला। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि समाज की सुरक्षा में दिन-रात तैनात पुलिस कर्मियों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। वहीं संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि बारिश के मौसम में भी ट्रैफिक पुलिस जवान पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है और संस्था भविष्य में भी सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्य निरंतर करती रहेगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सहसचिव अभिषेक पांडे, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, मार्गदर्शक जयप्रकाश खण्डेलवाल, संजय कुमार, विकाश केशरी, डॉ. बी. वेंकटेश, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन, राजेश जैन, विवेक तिवारी, प्रणीत जैन, उदित तिवारी, प्रमोद खण्डेलवाल, सनी देव, कैलाश कुमार, रंजन चौधरी, विनय पांडे सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## बलिया में पुलिस मुठभेड़ः हत्या के आरोपी के पैर में लगी गोली

**गिरफ्तार; पूछताछ में हत्या की साजिश का किया खुलासा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** जिले के गड़वार थाना क्षेत्र में रविवार देर रात हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रतसड़ में भर्ती कराया गया। आरोपी के कब्जे से .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गड़वार थाना पुलिस रविवार रात गश्त और वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हत्या के मामले में फरार आरोपी सौरभ उपाध्याय (27 वर्ष) निवासी असनवार पंडितपुरा, रतसड़-नूरपुर मार्ग पर मौजूद है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रतसड़-नूरपुर मार्ग स्थित पुलिया के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखकर आरोपी ने कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर इलाज के लिए सीएचसी रतसड़ भेजा गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पुराने मुकदमे के गवाह विनोद उपाध्याय की हत्या उसने अपने पिता देवेंद्र उपाध्याय के कहने पर गोविंद चौहान, अरुण राजभर, सोनू चौहान और सूरज चौहान के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में अन्य नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। नोटः आरोपी द्वारा पूछताछ में किए गए दावे पुलिस के अनुसार हैं। इन आरोपों का अंतिम सत्यापन न्यायालय में विचारण और साक्ष्यों के आधार पर होगा।

### कई वर्षों पूर्व से मात्र एक सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव

**फतेहपुर** तहसील फतेहपुर रेलवे स्टेशन जो कि पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत बुढ़वल सीतापुर रेलखंड पर पड़ता है इस रेलखंड पर कई एक्सप्रेस ट्रेन गुजरती है लेकिन फतेहपुर कस्बा आदर्श नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त होने के बावजूद भी फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर कई वर्षों पूर्व से मात्र एक सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होता है इसके अलावा किसी भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव इस स्टेशन पर नहीं होता है। क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार मंडल रेलप्रबंधक, रेलमंत्री को पत्र भेजकर इस स्टेशन से नॉन स्टॉप गुजरने वाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15211 अमृतसर दरभंगा जननायक एक्सप्रेस तथा ट्रेन संख्या 15212 दरभंगा अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग की जाती रही है लेकिन अभी तक क्षेत्रवासियों की मांग पर रेलमंत्रालय द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव फतेहपुर स्टेशन पर नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को ट्रेन पकड़ने के लिए लगभग 30 किलोमीटर दूर जिले पर जाकर ट्रेन पकड़ने के लिए विवश होना पड़ता है।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

**भदोहीः-** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार व सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार पांडे को जनपद स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा एवं रख-रखाव संबंधी व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ कार्यालय में तैनात सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय प्रदेश नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की वैधता अवधि की जांच की तथा सभी उपकरणों को निर्धारित मानकों के अनुरूप क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण कर निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

## आस्था और श्रद्धा के संग संपन्न हुई बाबा दुबे की वार्षिक पूजा, दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**करों, देवघर, झारखंडः-** सोमवार को अनुमंडल अंतर्गत करों प्रखंड मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर सालतर गांव स्थित 108 बाबा दुबे मंदिर में बाबा दुबे की वार्षिक पूजा श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ धूमधाम से संपन्न हुई। पूजा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा दुबे से अपने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश सहित आसपास के डिण्डाकोली, केंदवेरिया, रानीडीह, गोविंदपुर, कमलकर, सिरिया, करों, जांत, तारापुर, लगवां, सारठ, सिकटिया एवं चौरवरिया सहित अनेक गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर स्थित तालाब में स्नान कर मंदिर की परिक्रमा की तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। प्रधान पुजारी पंडित धनंजय पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक पूजा संपन्न कराई। श्रद्धालुओं ने बाबा दुबे को जनेऊ, सुपारी, अरवा चावल, धूप, अगरबत्ती, खड़ाऊ, फल एवं अन्य नैवेद्य अर्पित किए। वहीं विद्वान पंडितों द्वारा हवन, यज्ञ, जप और तप सहित वैदिक अनुष्ठान संपन्न कर पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के संयोजक नवीन राय, अजित कुमार सिंह, मिथिलेश राय, हृषिकेश सिंह, रूपेश कुमार एवं शिव शंकर पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के दौरान करों थाना पुलिस बल के साथ दर्जनों स्वयंसेवक व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रूप से जुटे रहे।

## कोडरमा पुलिस की बड़ी कामयाबी : अंतर्राज्यीय छिनतई गिरोह का पर्दाफाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोडरमा, झारखंडः-** कोडरमा पुलिस ने अंतर्राज्यीय छिनतई गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से छिनतई किए गए आभूषणों की शत-प्रतिशत बरामदगी के साथ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, डिक्की खोलने के लिए इस्तेमाल किया गया मास्टर की तथा अन्य सामान भी जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं, जो ओडिशा के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, कुछ दिनों पूर्व चंदवारा थाना क्षेत्र के उरवां पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने पेट्रोल भरवाने पहुंचे अशोक सोनी (पिता स्वर्गीय लखन स्वर्णकार), निवासी चंदवारा, के मोटरसाइकिल की डिक्की से आभूषणों से भरा बैग छीन लिया था। इस संबंध में पीड़ित के लिखित आवेदन पर चंदवारा थाना कांड संख्या 50/26 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोडरमा शिवाशीष कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी चंदवारा के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज, मानवीय सूचना और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर अपराधियों की पहचान कर उनकी लोकेशन का पता लगाया। जांच के दौरान जानकारी मिली कि घटना में शामिल आरोपी ओडिशा के जाजपुर जिले में छिपे हुए हैं। इसके बाद विशेष टीम ने ओडिशा के कोराई थाना क्षेत्र में छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर गिरोह की महिला सहयोगी को कोडरमा रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर छिनतई किए गए सभी आभूषण बरामद कर लिए। साथ ही घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल, मोटरसाइकिल की डिक्की खोलने के लिए इस्तेमाल किया गया लोहे का टी आकार का मास्टर की, दो मोबाइल फोन, ज्वेलरी मापक यंत्र तथा अन्य सामान भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राजू दास 35 वर्ष, निवासी रघुनाथपुर, जिला भद्रक, ओडिशा, धनराज प्रधान 21 वर्ष निवासी दसमनिया, थाना जखपुरा, जिला जाजपुर, ओडिशा। ट्विंकल दास 32 वर्ष, निवासी रघुनाथपुर, जिला भद्रक, ओडिशा शामिल है। पुलिस ने 16 जोड़ी पायल, सात चेन, 11 बिछिया, 13 अंगूठियां, बच्चों के चार कंगन, तीन मढ़े हुए कंगन, विभिन्न प्रकार के ताबीज, लॉकेट, नथिया, नाक के आभूषण सहित बड़ी मात्रा में चांदी जैसे दिखने वाले आभूषण बरामद किए हैं। इसके अलावा पल्सर मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, ज्वेलरी मापक यंत्र, एक बैग तथा घटना में प्रयुक्त मास्टर की भी जब्त की गई है। इस कार्रवाई में चंदवारा थाना प्रभारी पुअनि शशिभूषण कुमार, नवलशाही थाना के सअनि राजीव कुमार एवं चंदवारा थाना के सशस्त्र बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कोडरमा पुलिस ने कहा है कि आमजन की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## पुलिस का विशेष समकालीन अभियान, 17 फरार अपराधी व वारंटी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर 18/19 जुलाई 2026 की रात जिलेभर में फरार अपराधियों, वारंटियों एवं विभिन्न मामलों के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष समकालीन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान जिले के सभी अनुमंडलों में पुलिस उपाधीक्षकों एवं पुलिस निरीक्षकों के नेतृत्व में एक साथ संचालित किया गया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में कुल 28 विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों में करीब 91 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। पूरी रात चले इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 17 अपराधियों एवं वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आगे की कानूनी प्रक्रिया संबंधित थानों में की जा रही है। हजारीबाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे। पुलिस का उद्देश्य अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी क्षेत्र में कोई फरार अपराधी या गिरफ्तारी के डर से छिपकर रह रहा है, तो इसकी सूचना तुरंत निकटतम थाना को दें। पुलिस सूचना का तत्काल सत्यापन कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले लोगों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### बरही प्रखंड में नन्हा सा दिल अभियान के तहत 393 बच्चों की हुई हृदय जांच



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीसीएल, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'नन्हा सा दिल अभियान' के अंतर्गत आज बरही प्रखंड में बच्चों के जन्मजात हृदय रोग की जांच हेतु विशेष स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 393 बच्चों की हृदय जांच की गई, जिसमें कोई भी बच्चे संदिग्ध नहीं पाए गए। इस स्क्रीनिंग अभियान का सफल संचालन प्रतिमा, अंजू एवं लक्ष्मी द्वारा किया गया। टीम ने विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की जांच के साथ-साथ अभिभावकों को जन्मजात हृदय रोग के लक्षण, समय पर पहचान एवं उपचार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। मौके पर डॉ मेराजुल इस्लाम, डॉ एजाज समेत अस्पतालकर्मी मौजूद थे।

## AIMIM ने जौहर यूनिवर्सिटी ध्वस्तीकरण आदेश का किया विरोध

### सुल्तानपुर इकाई ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) की सुल्तानपुर जिला इकाई ने रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की इमारतों को ध्वस्त करने के आदेश का विरोध किया है। पार्टी ने सोमवार को जिलाधिकारी सुल्तानपुर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री और आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 11:30 बजे AIMIM कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर प्रदर्शन भी किया। ज्ञापन में कहा गया है कि जौहर यूनिवर्सिटी समाज के हर वर्ग और सभी धर्मों के गरीब छात्र-छात्राओं को नाममात्र की फीस पर उच्च व व्यावसायिक शिक्षा प्रदान कर रही है। पदाधिकारियों ने जोर देकर कहा कि यह केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं, बल्कि शिक्षा का मंदिर है। उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकरण द्वारा विश्वविद्यालय की 40 में से 38 इमारतों को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया है।

AIMIM का तर्क है कि यदि निर्माण में कोई नक्शा या तकनीकी त्रुटि है, तो ध्वस्तीकरण के बजाय उसे 'यूपी अनधिकृत निर्माण का नियमितीकरण नियम, 2013' के तहत शमन शुल्क (संयोजन/रेगुलराइजेशन चार्ज) लेकर नियमित किया जाना चाहिए। ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद 21 A (शिक्षा का अधिकार) और अनुच्छेद 30(1) (अल्पसंख्यकों को शिक्षण संस्थान स्थापित एवं संचालित करने का अधिकार) का हवाला दिया गया। पार्टी ने चेतावनी दी कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से हजारों छात्र-छात्राओं और मेडिकल/प्रोफेशनल कोर्स कर रहे विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इस कार्रवाई से करोड़ों रुपये की सार्वजनिक व ट्रस्ट संपत्ति का नुकसान होने के साथ-साथ क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा। ढ्ढरू के जिलाध्यक्ष सरफराज अहमद/सरफराज खान ने शासन से मांग की है कि ध्वस्तीकरण के आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित या निरस्त किया जाए, ताकि शिक्षा और छात्रों के हित प्रभावित न हों।

# संक्षिप्त खबरें

## पंजाब पहुंचे प्रधानमंत्री, भगवंत मान ने किया स्वागत



**चंडीगढ़।** पंजाब पहुंचने पर प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनज़र एयरपोर्ट पर व्यापक सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। उनके स्वागत और दौरे की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रधानमंत्री का अभिवादन करते हुए पंजाब में उनका स्वागत किया। वहीं, राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने भी प्रधानमंत्री का स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे और अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के काफिले की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित की।

## बिजली कर्मचारियों के लिए पंजाब सरकार का बड़ा कदम, 12.60 करोड़ की लागत से बांटी गई सुरक्षा किटें

**लुधियाना।** बिजली मेंटेनेंस के दौरान होने वाले हादसों को रोकने और कर्मचारियों की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार ने सोमवार को बड़ा कदम उठाया। बिजली मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध ने सराभा नगर स्थित पीएसपीसीएल कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान बिजली कर्मचारियों को सुरक्षा टूल किट वितरित की। पंजाब सरकार ने राज्यभर के कर्मचारियों के लिए 12.60 करोड़ रुपये की लागत से 10,500 सुरक्षा टूल किटें खरीदी हैं। समारोह में पीएसपीसीएल के चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. बसंत गर्ग, निदेशक (डिस्ट्रिब्यूशन) इंजीनियर इंदरपाल सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री सौंध ने कहा कि कर्मचारी हर मौसम और कठिन परिस्थितियों में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि अतीत में सुरक्षा उपकरणों की कमी के कारण कई कर्मचारियों की जान गई या वे गंभीर रूप से घायल हुए। वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह पहल की है।

## अमृतसर में थार में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली युवक की लाश, खुली शराब की बोतल ने बढ़ाए सवाल

**अमृतसर।** अमृतसर के नारायणगढ़ क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क किनारे खड़ी एक काली रंग की थार गाड़ी के भीतर एक युवक का शव मिला।घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक गाड़ी के अंदर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। काफी प्रयास के बाद वाहन को खुलवाया गया। जब पुलिस ने भीतर देखा तो युवक की मौत हो चुकी थी। गाड़ी की तलाशी लेने पर अंदर एक खुली शराब की बोतल भी मिली, जिसके बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि युवक ने शराब अकेले पी थी या उसके साथ अन्य लोग भी मौजूद थे।

**मोबाइल बरामद, लेकिन स्क्रीन लॉक**

मृतक ने टी-शर्ट, निकर और सिर पर टोपी पहन रखी थी। उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ, लेकिन मोबाइल की स्क्रीन लॉक होने के कारण पुलिस तत्काल उसमें मौजूद जानकारी नहीं देख सकी। ऐसे में पुलिस ने वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर मालिक और मृतक की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## बरनाला में धनौला सिविल अस्पताल में इलाज के अभाव में महिला की मौत का आरोप

**धनौला/बरनाला।** धनौला के सिविल अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक महिला के स्वजनों और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में समय पर डाक्टर उपलब्ध नही होने और इलाज में देरी के कारण एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए स्वजनों और शहरवासियों ने महिला का शव अस्पताल के बाहर रखकर धरना दिया और सड़क जाम कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, करमजीत कौर, पत्नी बिक्कर सिंह, की रविवार देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। स्वजनों उन्हें तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल धनौला लेकर पहुंचे, लेकिन उनका आरोप है कि उस समय अस्पताल में कोई डाक्टर मौजूद नहीं था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ द्वारा समय पर आवश्यक उपचार नहीं दिया गया, जिसके चलते महिला की मौत हो गई। घटना के बाद नगर कौंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष व जिला बरनाला हलवाई यूनियन के अध्यक्ष सुखविंदर सिंह मुंदरी के नेतृत्व में स्वजनों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने अस्पताल के बाहर धरना शुरू कर दिया। बाद में बस स्टैंड के सामने महिला का शव रखकर सड़क जाम कर दी गई।

# लक्ष्य एक, रणनीतियां अनेक!

## अलग-अलग रास्तों से पुलिस को चकमा देकर संसद क्षेत्र तक पहुंचे प्रदर्शनकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** 'चलो संसद' मार्च के दौरान इस बार प्रदर्शनकारियों की सबसे बड़ी ताकत उनकी संख्या नहीं, बल्कि उनकी रणनीति रही। आंदोलन में न कोई एक केंद्रीय जुलूस था और न ही पूरा आंदोलन किसी एक नेतृत्व के भरोसे आगे बढ़ा। अलग-अलग समूहों ने अपनी-अपनी योजना के तहत अलग-अलग समय पर, अलग-अलग रास्तों और अलग-अलग मेट्रो स्टेशनों का इस्तेमाल करते हुए संसद क्षेत्र तक पहुंचने की कोशिश की। सभी का लक्ष्य एक ही था, संसद भवन के आसपास पहुंचकर प्रदर्शन करना। यही रणनीति पूरे दिन दिल्ली पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी रही। दिल्ली पुलिस की शुरुआती तैयारी मुख्य रूप से जंतर-मंतर से निकलने वाले मुख्य मार्च को रोकने पर केंद्रित थी, लेकिन प्रदर्शनकारी एक साथ आगे नहीं बढ़े। सुबह से ही कई समूह राजीव चौक, जनपथ, पटेल चौक, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट, मंडी हाउस, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली, शिवाजी स्टेडियम और अन्य मेट्रो स्टेशनों के रास्ते सेंट्रल दिल्ली पहुंच गए। पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि इस आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत उसकी 'मल्टी-ग्रुप, मल्टी-रूट' रणनीति रही। छोटे-छोटे समूहों ने अलग-अलग समय पर अलग-अलग रास्तों से संसद क्षेत्र की ओर बढ़कर पुलिस की घेराबंदी को लगातार चुनौती दी। यही कारण रहा कि सुरक्षा एजेंसियों को पूरे दिन हालात के अनुसार अपनी रणनीति बदलनी पड़ी और कई चरणों में कार्रवाई करनी पड़ी। यही इस संसद मार्च की सबसे महत्वपूर्ण और अलग रणनीतिक विशेषता बनकर सामने आई। जंतर-मंतर से मुख्य मार्च आगे बढ़ने के साथ ही पहले से मौजूद दूसरे समूह भी कनाट प्लेस, जनपथ, रेल भवन, उद्योग भवन, शास्त्री भवन और संसद मार्ग की ओर बढ़ने लगे। एक स्थान पर पुलिस भीड़ को रोकने में जुटी रहती, तब तक दूसरे रास्ते से नया समूह आगे निकल जाता था। इससे पुलिस के सामने एक साथ कई मोर्चे खुल गए। हालात बदलते देख पुलिस को भी बार-बार अपनी रणनीति बदलनी पड़ी। कई मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास बंद किए गए। कुछ स्टेशनों पर मेट्रो ट्रेनों का ठहराव भी रोक दिया गया। संसद क्षेत्र की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बैरिकेडिंग की गई और जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई। इसके बावजूद कई समूह संसद मार्ग और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों तक पहुंच गए। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड हटाने की कोशिश की। सांसद मार्ग, रेल भवन और



शास्त्री भवन के आसपास पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कई चरणों में कार्रवाई करनी पड़ी। पहले प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाने का प्रयास किया गया। कई स्थानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए और हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे अधिक असर कनॉट प्लेस, जनपथ, संसद मार्ग और आसपास के वीवीआइपी क्षेत्र में देखने को मिला। आम लोगों को कार्यालय, अस्पताल और अन्य जरूरी कामों के लिए आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर सड़क किनारे लगाए गए बैरिकेड व सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ की घटनाएं भी हुईं। सड़कों के किनारे व पार्किंग में खड़े कुछ वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। यातायात लंबे समय तक बाधित रहा और पुलिस को लगातार बल की तैनाती बदलनी पड़ी।

## सीवर लाइन निर्माण से उद्योग प्रभावित, जल्द समाधान का आश्वासन

**लुधियाना-** ईस्ट मैन चौक से बिग बेन एक्सपोर्ट तक बिछाई जा रही 24 इंच व्यास की सीवर लाइन के निर्माण कार्य के कारण क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी संबंध में ढंडारी इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने लोक निर्माण विभाग के उप मंडल अधिकारी (एसडीओ) सरदार जगरूप सिंह और कनिष्ठ अभियंता (जेई) अवनीत के साथ बैठक की। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा उद्योगपतियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि औद्योगिक इकाइयों को हो रही असुविधाओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा और सीवर लाइन का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा कराया जाएगा, ताकि उद्योगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर रोहित कालरा, हरप्रीत सिंह, नितिन घी, सरबजीत सिंह, रॉबिन खुराना और प्रेम मनचंदा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रंगला पंजाब स्कीम के तहत वार्ड नंबर 39 में लोगों को फ्री पब्लिक इनडोर जिम समर्पित किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमृतसर-** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा राज्य भर के लोगों को आधुनिक खेल और फिटनेस सुविधाएं देने के उद्देश्य से चलाई जा रही रंगला पंजाब स्कीम के तहत, अमृतसर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 39 में स्थित गुरु हरगोबिंद जी स्टेडियम में स्थापित फ्री पब्लिक इनडोर जिम का आज [illegible] डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर और नगर निगम अमृतसर के मेयर जतिंदर सिंह भाटिया ने उद्घाटन किया और लोगों को समर्पित किया। इस मौके पर बोलते हुए [illegible] डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने कहा कि पंजाब सरकार का लक्ष्य राज्य के युवाओं को खेल, व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के तहत बनाया गया यह मॉडर्न इनडोर जिम हर उम्र के लोगों के लिए पूरी तरह से फ्री होगा, जिससे इलाके के लोग अपनी फिजिकल फिटनेस को और बेहतर बना पाएंगे। डॉ. निज्जर ने कहा कि हेल्दी युवा ही नशा-मुक्त और खुशहाल पंजाब की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि



जब युवा अपना समय जिम, स्पोर्ट्स और दूसरी क्रिएटिव एक्टिविटी में बिताएंगे, तो वे ड्रग्स जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह इनडोर जिम युवाओं में डिसिप्लिन, सेल्फ-कॉन्फिडेंस और हेल्दी लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अमृतसर साउथ विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास के काम चल रहे हैं और लोगों को मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं देना पंजाब सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने इलाके के लोगों से अपील की कि वे इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें और अपने परिवारों, खासकर युवाओं को हेल्दी और पॉजिटिव लाइफस्टाइल अपनाने के लिए मोटिवेट करें।

## गुरु रविदास के 650 वें प्रकाश पर्व को समर्पित जिले में 6.50 लाख पेड़-पौधे लगाए जाएंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मालेरकोटला-** गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित, पर्यावरण बचाने और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए मानसून के मौसम में मालेरकोटला जिले में बड़े पैमाने पर पेड़ लगाने की मुहिम चलाई जा रही है। इसी के तहत आज डिप्टी कमिश्नर विराज एस. तिड़के ने अपने ऑफिस में फलदार पेड़ लगाकर इस मुहिम की शुरुआत की। इस मौके पर सुपरिंटेंडेंट अमृतपाल सिंह, हरविंदर सिंह, हरप्रीत कुमार, समाजसेवी अशोक सिंगला के अलावा दूसरे अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित जिले में सरकारी और आम जगहों पर करीब 6.50 लाख पेड़-पौधे लगाने का टारगेट रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह मुहिम सिर्फ पेड़ लगाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि लोगों की सक्रिय भागीदारी से इसे पर्यावरण बचाने के लिए एक जन आंदोलन बनाया जाएगा। तिड़के ने समाजसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं, पंचायतों, अधिकारियों, कर्मचारियों और सभी जिला निवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा छायादार, फलदार और सजावटी पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना पर्यावरण बचाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन इनकी रेगुलर सिंचाई, देखभाल और सुरक्षा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के सहयोग से सरकारी और आम जगहों पर लगाने के लिए पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि गुरु रविदास जी की शिक्षाएं इंसानियत, सेवा और प्रकृति के साथ तालमेल का संदेश देती हैं। इसलिए, हरियाली बढ़ाने की कोशिशों के साथ उनकी जयंती मनाना उनकी सोच को अमल में लाने की एक अच्छी कोशिश है। उन्होंने कहा कि पेड़, पक्षियों और जानवरों के लिए कुदरती पनाहगाह होने के साथ-साथ हवा की क्वालिटी सुधारने और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका



निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के तीनों ब्लॉक में ' गुरु रविदास गार्डन' बनाए जाएंगे। इसके अलावा, गांवों के कॉमन एरिया, सड़कों के किनारे और सरकारी स्कूलों में भी बड़े पैमाने पर पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी डिपार्टमेंट को तालमेल से काम करने के निर्देश दिए और कहा कि हर नागरिक कम से कम एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का प्रण ले। उन्होंने कहा कि आइए, हम गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के मौके पर हरियाली का तोहफा दें और आने वाली पीढ़ियों के लिए साफ, सेहतमंद और हरा-भरा माहौल बनाने में अपना योगदान दें।

## वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चौरसिया की कृति 'दहकते अंगारे' पुस्तक का हुआ भव्य विमोचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नोएडा!** सेक्टर 6 स्थित एनईए भवन के ऑडिटोरियम में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चौरसिया की कृति समाज के ज्वलंत मुद्दों पर केंद्रित 'दहकते अंगारे' पुस्तक का भव्य विमोचन संपन्न हुआ। पत्रकारिता जगत में अपनी बेबाक लेखनी और तीखे तेवरों के लिए पहचाने जाने वाले श्री चौरसिया की यह पुस्तक समाज के अनछुए पहलुओं और समकालीन ज्वलंत मुद्दों को उजागर करती है। विमोचन समारोह में नोएडा की कई प्रतिष्ठित हस्तियां, प्रबुद्धजन एवं साहित्यकार और कवि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान साहित्य, समाज और पत्रकारिता की दशा-दिशा पर सार्थक चर्चा भी हुई। इस मौके पर डीडी आरडब्लूए ठाकुर एनपी सिंह, पीठाधीश्वर हनुमंत कृपाधाम, वृंदावन स्वामी पद्मनारायनाचार्य, एनसीएफ अध्यक्ष शालिनी सिंह, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, नोएडा मीडिया क्लब अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, भाजपा नेता अशोक चौहान, यू एस शर्मा, कपिल शर्मा की गौरवमयी उपस्थित रही। मंच का संचालन हास्य व्यंग्यकार शशि पांडेय ने बड़ी खूबसूरत अंदाज़ में किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 'दहकते अंगारे' निश्चित रूप से पाठकों में नई चेतना जगाने का काम करेगी। कार्यक्रम के अंत में सुरेश चौरसिया को इस अभूतपूर्व कृति के लिए शुभकामना दी गई। सभी अतिथियों व प्रतिष्ठित लोगों को मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक भव्य कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। इस कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि साहित्य कुमार चंचल 'साधक' कवयित्री किरण सिंह, अंजली करण ' सरधना ' रजनीश त्यागी ( पूर्व एनएसजी कमांडो ) ने अपनी उम्दा कविताओं, गजलों के माध्यम से श्रोताओं का दिल जीत लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीनू शर्मा, प्रवीण पांडेय, पवन राज सिंह, अनीश अहमद का बड़ा योगदान रहा।

## मतभेदों के बीच पंजाब कांग्रेस की चुनावी बैठक, बघेल ने बुलाए समिति सदस्य



**चंडीगढ़।** पंजाब में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक बुलाई है। जानकारी अनुसार बैठक में चुनाव समिति के सभी सदस्यों के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री, सांसदों और वरिष्ठ नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। माना जा रहा है कि बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा होगी। कांग्रेस हाईकमान ने एक जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब प्रदेश चुनाव समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था। हालांकि चन्नी ने शुरुआत में यह जिम्मेदारी स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।

## प्रदर्शन के चलते दिल्ली के पांच मेट्रो स्टेशन रहे बंद, यात्रियों को हुई भारी दिक्कत

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के कारण मेट्रो यात्री कई घंटे परेशान रहे। सुबह से व्यस्त इंटरचेंज स्टेशन में शामिल राजीव चौक और केंद्रीय सचिवालय सहित पांच मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए जिससे कार्यालय जाने वालों को परेशानी हुई। इससे पहले कई प्रदर्शनकारी राजीव चौक मेट्रो स्टेशन में घुसकर नारेबाजी की जिससे अफरा-तफरी की स्थिति हो गई। मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन के अंदर भी प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने सुबह नौ बजे एक्स पर पोस्ट कर सुरक्षा कारणों से जनपथ, राजीव चौक, पटेल चौक, केंद्रीय सचिवालय और सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशन बंद करने की जानकारी दी। इन स्टेशनों के प्रवेश व निकास गेट को बंद कर दिया गया जिससे बड़ी संख्या में यात्री फंस गए। स्टेशन के बाहर गेट पर भी यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। इससे पहले कई प्रदर्शनकारी राजीव चौक मेट्रो स्टेशन में घुस गए और नारेबाजी की। वह फेयर कल्केशन गेट के ऊपर से कूदकर प्लेटफार्म तक जाते दिखे। किसी तरह से सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोका। इसी तरह से मंडी हाउस पर भी कुछ प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की।

# सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत

## थाने में शिकायत दर्ज, इलाके में शोक की माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**असम धेमाजी।** सिलापथार कदमतला-महारानीपुर पथ पर भयानक सड़क हादसे हो जाते हैं। शाम को करीब 7.30 बजे महारानीपुर की तरफ से आ रहो,क्र 22 4967 नंबर वाले बोलेरो पिकअप ने कदमतला गाओ के माखन देव नाथ को पीछे से ज़ोरजदर टक्कर मार कर गाड़ी से कुशल कर फ़रफ हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि दुर्घटनास्थल में ही बुजुर्ग माखन देव नाथ की मृत्यु हो जाते हैं। स्थानीय लोगो ने ड्राइवर को पीछा करते हुए सिलापथार पुलिस के मदद से पिकअप गाड़ी के चालक बुद्धि बिस्वास को घर से गिरफतार किया। ओर मृत देवनाथ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ड्राइवर नशे में धुत था , इससे पहले भी एक दुर्घटना से बाल बाल बच कर आया



था। पीड़ित के परिवार ने पुलिस स्टेशन में ड्राइवर बुद्धि बिस्वास के खिलाफ सिलापथार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और प्रशासन से परिवार के लोगों ने कानून के जरिए कड़ी सजा देने की मांग करते हुए इन इलाकों में अवैध तरीके से चल रही मादक पदार्थों के दुकानों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग की ताकि नशा कर गाड़ी ना चला पाए ओर सड़क हादसे रोके जा सकें।

## एसआईआर संशोधित कार्यक्रम पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**होशियारपुर-** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशिका जैन ने जिले की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के लिए जारी संशोधित कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा 15 जुलाई 2026 को जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 3 अगस्त तक बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इसके बाद 3 अगस्त को मतदान केंद्रों का युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थीकरण, 13 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन, 13 अगस्त से 12 सितंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। वहीं, 13 अगस्त से 8 अक्टूबर तक उनका निस्तारण किया जाएगा तथा 12 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। आशिका जैन ने राजनीतिक दलों से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक इसका



लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) निर्धारित समय पर बैठकों में उपस्थित होकर बीएलओ का सहयोग करें, जिससे गणना प्रपत्र एवं अन्य लंबित प्रपत्र समय पर एकत्र किए जा सकें। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं को बीएलए के रूप में चिह्नित किया गया है, उनकी सूची संबंधित बीएलए के साथ साझा की जाएगी। यदि उनके पास संबंधित मतदाताओं के संबंध में कोई जानकारी हो तो उसे बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यक कार्रवाई समय पर पूरी हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रपत्रों के डिजिटलीकरण के दौरान कुछ मतदान केंद्रों पर बीएलए-2 द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपने बीएलए-2 को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित करने की अपील की, जिससे पुनरीक्षण कार्य निर्बाध रूप से पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों की आयु 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक होगी, वे निर्धारित दस्तावेजों के साथ प्रपत्र-6 भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से समय पर मतदाता पंजीकरण कराने की अपील की। बैठक में आम आदमी पार्टी के खुशी राम धीमान, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रजनीश टंडन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के बलविंदर सिंह, तहसीलदार निर्वाचन रमनदीप कौर तथा निर्वाचन कानूनगो लखबीर सिंह उपस्थित रहे।

## प्रिंसेस पार्क सोसाइटी में बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया 'मैंगोडे सेलिब्रेशन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली:** गर्मी के मौसम में चलते प्रातः प्रिंसेस पार्क सोसाइटी के प्रांगण में मैंगो डे सेलिब्रेशन आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग पचास महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ ओम ध्वनि। और सामूहिक गायत्री मंत्र के साथ हुआ वातावरण पूर्णतया आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया खुशियों का खजाना ट्रस्ट की प्रधान उमा गर्ग ने सभी उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमें प्रकृति से जोड़ते हैं, बल्कि महिलाओं को एकजुट होकर खुशियां बांटने का अवसर भी देते हैं। आम को फलों का राजा कहा जाता है।यह हमारी सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी है।सभी ने इस कार्यक्रम में पीले वस्त्र धारण के गले में मैंगो, पैंडिट और सिर पर फूलों के गजरों ने पूरे प्रांगण को पीली छटा से सरा बोर कर दिया महिलाओं के लिए मजेदार रेस बैलून रेस मेंगोरेस बॉल बैलेंसिंग रोचक एवं फाइन एक्टिविटीज कराई गई द्यसभी ने हंसते हंसते भाग लिया लेकिन महिलाओं ने स्वयं निर्मित मैंगो थीम पर घर पर ही क्राफ्ट



वर्क तैयार किया।हर किसी की कलाकृति की खूब सराहना हुईद्य चारु अग्रवाल ने मैंगो भेजने वाली का रोल अदा करके सभी को हो गुदगुदाया उनकी अभिनय शैली की सभी ने सराहना की।

सुमन जोशी ने कप केक व मैंगो केक बनवा कर एक-दूसरे को खिलाया और बधाई दी। रिफ्रेशमेंट में ठंडा, ठंडा मैंगो पल्फजूस, चनाचाट बिस्किट, नमकीन टॉफी और पानी की बोतल की व्यवस्था की गई।सभी ने मैंगो फ्लेवर के व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाया पूरे कार्यक्रम के कवरेज संगीता दास जी ने की। अंत में, सभी ने मिलकर एक साथ फोटो खिंचवाया और यादगार पल को संजोयाद्य सोसाइटी की सभी महिलाओं ने ऐसे सुंदर आयोजन के लिए खुशियों का खजाना ट्रस्ट अध्यक्ष उमा गर्ग का आभार व्यक्त कियाद्य प्रत्येक महीने में इस प्रकार महिलाओं के बीच मनवावन एक्टिविटीज होती रहती है।

## गैस बिल अपडेट कराने और शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के मैसेज से रहें अलर्ट, मोहाली में दो लोगों ने 40 लाख गंवाए

**मोहाली।** गैस बिल अपडेट कराने के बहाने और दूसरे को शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे का मैसेज आए तो अलर्ट हो जाएं। यह साइबर ठगों की साजिश हो सकती है। इसी तरीके से जीरकपुर में दो लोगों से 40 लाख रुपये ठग लिए गए। जिला साइबर क्राइम थाना मोहाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में जीरकपुर निवासी दीवान चंद के मोबाइल पर गैस बिल अपडेट करने से संबंधित एक मैसेज आया। मैसेज को सही मानते हुए उन्होंने उसमें दिए गए निर्देशों का पालन किया। इसी दौरान साइबर आरोपितों ने उनकी बैंकिंग संबंधी जानकारी हासिल कर ली और उनके खाते से करीब 17.20 लाख रुपये उड़ा दिए। दूसरे मामले में जीरकपुर निवासी 50 वर्षीय आशुतोष त्रिवेदी को अप्रैल माह में व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया। लिंक के जरिए उन्हें '202 इंडियन हाई नेट वर्थ ट्रेडिंग' नामक ग्रुप से जोड़ा गया, जहां खुद को शेयर बाजार विशेषज्ञ बताने वाले लोग निवेश पर भारी मुनाफे का दावा कर रहे थे। उनके झांसे में आकर आशुतोष ने अलग-अलग बैंक खातों में निवेश के नाम पर कुल 22.80 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उन्होंने निवेश की गई राशि और मुनाफा निकालने की कोशिश की तो उन्हें पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है।

## अगला प्रधानमंत्री राहुल गांधी मृगा गौड़ ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के पहले दिन संसद मार्ग और जंतर-मंतर राजनीतिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बने रहे। संसद परिसर के आसपास जहां अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली, वहीं जंतर-मंतर पर विभिन्न संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों की मौजूदगी ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया। इसी दौरान सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मृगा गौड़ ने जंतर-मंतर पहुंचकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और कई मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता और जनहित से जुड़े विषयों को उठाते हुए कहा कि देश की जनता अब बदलाव चाहती है। मृगा गौड़ ने अपने संबोधन में कहा, 'देश के युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और समान अवसर चाहिए। यदि देश को नई दिशा देनी है तो नेतृत्व में बदलाव जरूरी है। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में राहुल गांधी देश के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। 'उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता और जंतर-मंतर हमेशा से देश के जन आंदोलनों का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि देश में आम लोगों, किसानों, युवाओं और महिलाओं की समस्याओं पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है।अपने राजनीतिक और सामाजिक जीवन का जिक्र करते हुए मृगा गौड़ ने बताया कि वह वर्ष 2011 में हुए ऐतिहासिक अन्ना हजारे आंदोलन का भी हिस्सा रही हैं। उन्होंने कहा कि अन्ना आंदोलन ने देश में जनजागरण की नई लहर पैदा की थी और आज भी वह जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय हैं।उन्होंने लद्दाख के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं नवप्रवर्तक सोनम वांगचुक के कार्यों की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि उनका संघर्ष देश के युवाओं और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मृगा गौड़ ने सोनम वांगचुक के पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा सुधार और हिमालयी क्षेत्रों के अधिकारों के लिए किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी बड़े सामाजिक परिवर्तन के पीछे परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इस संदर्भ में उन्होंने सोनम वांगचुक की पत्नी के योगदान की भी प्रशंसा की।उधर, संसद का मानसून सत्र शुरू होने के कारण संसद मार्ग, रायसीना रोड और विजय चौक सहित पूरे केंद्रीय दिल्ली क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली



पुलिस और अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात की गई हैं। कई मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगों को वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी गई। जंतर-मंतर पर दिनभर राजनीतिक नारों, जनसभाओं और विभिन्न संगठनों के प्रदर्शनों के बीच लोकतंत्र की आवाज बुलंद होती रही।

मानसून सत्र के पहले ही दिन राजधानी में सियासी तापमान बढ़ा हुआ दिखाई दिया और आने वाले दिनों में संसद के भीतर और बाहर राजनीतिक गतिविधियों के और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।हालांकि, मृगा गौड़ द्वारा दिए गए बयान उनके व्यक्तिगत राजनीतिक विचार हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में देश का प्रधानमंत्री जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से तय होता है और अंतिम निर्णय चुनावी परिणामों पर निर्भर करता है।

# नैनो उर्वरकों के उपयोग आधारित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको के नैनो उर्वरक भारतीय कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके प्रयोग से सस्ती एवं टिकाऊ खेती करने में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उक्त बातें , डॉ.विवेक दीक्षित, प्रधानाचार्य, मोतीलाल नेहरू फार्मरस ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट कॉर्डेट इफको फूलपुर ने ग्राम सेफ खानपुर वि.खं. बहरिया के कृषकों हेतु दिनांक 20 जुलाई 2026 को आयोजित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कहीं । उन्होंने संबोधित करते हुए बताया कि इफको के नैनो उर्वरक जो कृषि क्षेत्र में सकारात्मक क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं को जरूर प्रयोग करें। प्रधानाचार्य ने उपस्थित कृषक प्रतिभागियों को कार्डेट एवं इफको के क्रियाकलाप से परिचित कराया तथा धान की फसल में नैनो यूरिया प्लस, नैनो कॉपर, नैनो जिंक, एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विस्तार से जानकारी दी। नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कृषि लागत में कमी आएगी साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से जल, मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया तथा फसलों में नैनो डीएपी से बीज/ जड़/ कंद/सेट शोधित कर बुवाई/रोपाई करने की सलाह दी। दानेदार डीएपी की मात्रा आधी प्रयोग करें नैनो डीएपी 500 मिलीलीटर की बोतल से 100 किलोग्राम बीज को शोधित कर सकते हैं एवं मात्र ?600 की है जो कि दानेदार डीएपी से काफी सस्ता है नैनो डीएपी के प्रयोग से लागत में कमी आएगी साथ ही उत्पादन एवं उत्पाद की गुणवत्ता भी बढ़ती है तथा नैनो यूरिया फसल की पत्तियों पर ञ्च4 द्वद्य प्रति लीटर पानी से घोल बनाकर स्प्रे करें। इसी क्रम में संस्थान की वरिष्ठ अधिकारी सविता शुक्ला ने फल संरक्षण एवं खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि विभिन्न प्रकार के अचार मुरब्बा और जूस बनाकर के हम अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं । समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने खेती में जैव उर्वरकों एवं जैव अप घटकों के प्रयोग की जानकारी दी। प्रभारी प्रशिक्षण मुकेश तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं स्वस्थ व टिकाऊ खेती के लिए मृदा परीक्षण के महत्व को बताया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को कारडेट की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम में चंद्रकाली देवी , मीना कुमारी, शकुंतला, मालती , लाखन सिंह, जय सिंह , हरिश्चंद्र, अभय प्रताप सहित कॉर्डेट फूलपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जंतर-मंतर पर छात्रों द्वारा आंदोलन के समर्थन में तहसील फूलपुर के अधिवक्ताओं ने किया चक्का जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फूलपुर प्रयागराज।** तहसील फूलपुर, जनपद प्रयागराज के सम्मानित अधिवक्ताओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों द्वारा किए जा रहे अनशन एवं आंदोलन के समर्थन में तथा उनके प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए तहसील फूलपुर, जनपद प्रयागराज के समक्ष चक्का जाम कर अपना समर्थन दर्ज कराया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने छात्रों के आंदोलन के समर्थन में अपनी बात रखते हुए सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया तथा छात्रों की मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर उनका शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की।

## कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित अधिवक्तागण:

विजय बहादुर यादव, एडवोकेट - अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, अरविन्द कुमार यादव, एडवोकेट - पूर्व अध्यक्ष धर्मराज यादव, एडवोकेट - पूर्व अध्यक् राजेश पाल, एडवोकेट - कोषाध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सिंह, एडवोकेट - महामंत्री दीपांकर यादव, एडवोकेट - प्रकाशन मंत्री धर्मेन्द्र यादव, एडवोकेट उमाकांत अवस्थी, एडवोकेट विनोद कुमार यादव, एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम तूफानी जी - वरिष्ठ अधिवक्ता सृष्टि नाथ त्रिपाठी उपस्थित थे सभी अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध एवं समर्थन व्यक्त करते हुए छात्रों की मांगों पर शीघ्र एवं न्यायोचित निर्णय लेने की अपील की।

# कोरांव सम्पूर्ण समाधान दिवस में 642 शिकायतें पहुंची

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** तहसील कोरांव में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस के दौरान भूमि पर अवैध कब्जा, जल-जमाव, क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन, जलनिकासी की समस्या, सड़क निर्माण, सार्वजनिक भूमि एवं संपत्तियों पर अतिक्रमण सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का स्थलीय निरीक्षण कर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय के साथ भूमि विवादों और अवैध कब्जों के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। जनसुनवाई के दौरान आवास की मांग लेकर पहुंचे वृद्ध दिव्यांग द्वारिका प्रसाद ने अपनी समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पात्रता की जांच कर शासन की योजनाओं के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि पात्र व्यक्ति को शीघ्र लाभ मिल सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 642 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# वर्षा के बीच भी कैडेटों का उत्साह बरकरार, उत्तर प्रदेश ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज अंतर्गत 15 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा सैनिक पी.जी. कॉलेज मई, देवकली, हनुमानगंज, प्रयागराज आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -69 के सातवें दिन कैडेटों ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद अनुशासन, समर्पण एवं दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बीच-बीच में हुई वर्षा भी कैडेटों के उत्साह को कम नहीं कर सकी और उन्होंने सभी निर्धारित प्रशिक्षण गतिविधियों में पूरे जोश एवं अनुशासन के साथ भाग लिया। फायरिंग अभ्यास भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुआ, जिसमें प्रशिक्षकों की देखरेख में कैडेटों ने हथियार संचालन एवं निशानेबाजी का अभ्यास किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ट्रैफिक पुलिस के एक अधिकारी द्वारा व्याख्यान-सह-प्रदर्शन आयोजित किया गया। उन्होंने कैडेटों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, जिम्मेदार नागरिक होने के दायित्व तथा सुरक्षित वाहन संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने कैडेटों को सदैव यातायात नियमों का पालन करने तथा समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। सायंकाल शिविर में कैम्प कमांडेंट कर्नल ऋतु श्रीवास्तव रावत द्वारा एक रोचक 'जस्ट ए मिनट ' सत्र आयोजित किया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल रावत ने प्रेस को बताया कि प्रतिकूल मौसम के बावजूद कैडेटों द्वारा प्रदर्शित उत्साह एवं अनुशासन एनसीसी की मूल भावना को दर्शाता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं जिम्मेदार नागरिकता पर दिए गए उपयोगी प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम कैडेटों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, पॉक्सो व अपहरण-बलात्कार मामले में थी तलाश




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** झूंसी थाना पुलिस ने माननीय न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के अनुपालन में एक वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, माननीय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट, इलाहाबाद द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 484/2023, मुकदमा संख्या 1082/2025, धारा 363, 366 एवं 376 भारतीय दंड संहिता से संबंधित प्रकरण में अभियुक्त के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट के अनुपालन के लिए झूंसी पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही त्रिवेणीपुरम इलाके में घेराबंदी कर तौफिक उर्फ हमजा पुत्र अब्दुल सलाम, निवासी इसीपुर मलावां खुर्द, थाना झूंसी, जनपद प्रयागराज (उम्र लगभग 24 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।

# झूंसी की कई कॉलोनियों में जलभराव से जनजीवन बेहाल

## नाली निर्माण न होने से सड़कों पर फैला गंदा पानी,राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** झूंसी क्षेत्र की नैका, मायापुरी, देवनगर सहित कई कॉलोनियों में नाली निर्माण और समुचित जल निकासी व्यवस्था के अभाव में लोगों का जीवन कठिन हो गया है। हल्की बारिश हो या घरों से निकलने वाला गंदा पानी, पर्याप्त निकासी न होने के कारण सड़कों पर लंबे समय तक जलभराव बना रहता है। इससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ राहगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनियों की अधिकांश गलियों और संपर्क मार्गों पर गंदा पानी जमा होने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, जबकि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोजाना जलभराव के बीच होकर गुजरना पड़ता है। कई स्थानों पर सड़कें तालाब जैसी दिखाई देती हैं, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से पक्की नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। जहां कुछ नालियां बनी भी हैं, वे या तो अधूरी हैं या उनकी नियमित सफाई नहीं होने से पूरी तरह जाम हो चुकी हैं। परिणामस्वरूप गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है और कई दिनों तक वहीं जमा रहता है। जलभराव के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। शाम होते ही मच्छरों की भरमार से लोगों का घरों के बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय नागरिकों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका सता रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार शिकायत करने का दावा किया है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों ने मांग की है कि नैका, मायापुरी, देवनगर सहित सभी प्रभावित कॉलोनियों में शीघ्र पक्की नालियों का निर्माण कराया जाए, जाम नालियों की सफाई कराई जाए तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र के इंदलपुर गांव स्थित आर.एल. पैलेस के पास रविवार दोपहर बारिश के दौरान स्ट्रीट लाइट के स्टील पोल में करंट उतर आने से एक भैंस की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बारिश शुरू होते ही स्ट्रीट लाइट के स्टील पोल में करंट प्रवाहित होने लगा। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक भैंस पोल की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह हादसा बिजली विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है। उनका कहना है कि यदि समय रहते विद्युत व्यवस्था की जांच और रखरखाव किया जाता, तो इस तरह की घटना नहीं होती। लोगों ने इंदलपुर पावर हाउस के कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद सुरक्षा संबंधी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता।गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति करंट की चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था की तत्काल जांच कर आवश्यक सुधार कराने की मांग की है।

# झूंसी क्षेत्र से 60 वर्षीय व्यक्ति लापता, परिजन लगातार कर रहे तलाश,पुलिस से लगाई गुहार

**ब्यूरो प्रयागराज।** झूंसी थाना क्षेत्र के पुराने झूंसी हवेलिया, वार्ड संख्या-52 निवासी कामरान खान, पुत्र स्वर्गीय अली राजा खान, उम्र लगभग 60-65 वर्ष, 17 जुलाई 2026 की सुबह करीब 8:37 बजे घर से निकले थे। इसके बाद से वह वापस नहीं लौटे हैं। 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उनका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों के अनुसार, कामरान खान के लापता होने के बाद परिवार लगातार उनकी तलाश में जुटा हुआ है। रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन अब तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है। इस घटना से परिवार गहरी चिंता और सदमे में है।

# घर से 200 मीटर दूर मिला शव, परिवार ने जताई हत्या की आशंका

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज/मेजा थाना क्षेत्र के गोशौरा कला गांव में एक व्यक्ति का शव घर से लगभग 200 मीटर दूर घर के बाहर गाटर से लटकता मिला मृतक की पहचान 50 वर्षी अवधेश कुमार पटेल के रूप में हुई है परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए आशंका जताई है। मृतक की पत्नी के अनुसार अवधेश ने कुछ समय पहले अपनी जमीन बेची थी और वह उस पैसे की मांग कर रहे थे परिजनों का आरोप है कि उन्हें इस संबंध में धमकियां मिल रही थी अवधेश पिछले तीन-चार दिनों से घर नहीं आए थे सूचना मिलने पर मेजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार,औद्योगिक क्षेत्र थाना के कोटिया भरउवा निवासी अमित कुमार ने बताया कि उनके चाचा रमेश (35 वर्ष), पुत्र झाउल रविवार देर रात करीब 12:30 बजे मिर्जापुर रोड स्थित पोल कंपनी के सामने सड़क पर थे। इसी दौरान वाहन चालक ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी।हादसे के बाद रमेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़े रहे। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें (एसआरएन) अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना मिलने पर नैनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आगामी कावड़ यात्रा को लेकर एएसपी ने श्रद्धालुओं के ठहरने, सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का लिया जाएगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** आगामी कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने गल्ला मण्डी परिसर का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के ठहरने, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में आगामी कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत विक्रम दहिया द्वारा एडीएम पीलीभीत, सिटी मजिस्ट्रेट पीलीभीत, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ गल्ला मण्डी परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात मंदिरों के पुजारियों, कांवड़ समिति के पदाधिकारियों, कांवड़ यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक आयोजित कर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। एएसपी ने निरीक्षण एवं बैठक के दौरान निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया कि श्रद्धालुओं के ठहरने, विश्राम, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सभी तैयारियां पूर्ण करा ली गई हैं। गल्ला मण्डी परिसर एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। कांवड़ यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं अधिकारी तैनात रहेंगे तथा लगातार भ्रमणशील रहकर निगरानी करेंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु आवश्यक डायवर्जन एवं ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। मार्गों पर अनावश्यक रूप से खड़े फल, सब्जी एवं अन्य ठेलों/अस्थायी अतिक्रमण को हटाकर आवागमन सुगम बनाया जा रहा है। कांवड़ यात्रा मार्ग एवं सार्वजनिक स्थलों पर खुले में मांस, मछली एवं अंडे की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन कर स्थानीय नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

# आप ने जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक के साथ हुए पुलिस दुर्व्यवहार को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पीलीभीत।** आम आदमी पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर पीलीभीत में जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी एड0 सुनीता गंगवार की उपस्थिति में आप कार्यकर्ताओं ने जंतर मंतर पर अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक के साथ पुलिस द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध दर्ज कराते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रसाशनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि 18 जुलाई को जंतर-मंतर पर जो हुआ वह लोकतंत्र के लिए काला दिन है। 18 जुलाई को अचानक भारी पुलिस बल ने जंतर-मंतर को घेर लिया और शांति से प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज किया। 21 दिनों से अनशन के कारण कमजोर हो चुके सोनम वांगचुक को पुलिस ने जबरन उठाकर अस्पताल में भर्ती करा दिया है। यह कार्रवाई केवल इसलिए की गई क्योंकि आज 20 जुलाई को संसद सत्र शुरू होने पर सोनम वांगचुक ने देश की जनता और युवाओं के साथ संसद मार्च की घोषणा की थी। इसी बीच कार्यकर्ता अभिजीत दीपके को भी हिरासत में ले लिया गया है। सरकार का यह व्यवहार सत्ता के अहंकार को दिखाता है, जहाँ किसानों, महिलाओं और अब युवाओं की आवाज़ को लाठियों और आँसू गैस के गोलों से दबाने की कोशिश की जा रही है। सोनम वांगचुक के संकल्प के साथ खड़े होने के लिए आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन कर यह ज्ञापन भेजा गया है। जिसमे मांग की गई कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा तुरंत लिया जाए। सोनम वांगचुक और युवाओं पर हुए लाठीचार्ज और जबरन कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए आदि। ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव एड0 संजय कुमार, जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ पूरनपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार भारती, एससी/एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राम सिंह सोनकर, युवा प्रकोष्ठ महासचिव मनोज भारती, श्रेयांस पांडेय, वहीद अहमद दीपक सोनकर, राधेश्याम, बबलू मिश्रा ननहेबाबू, धर्मपाल वर्मा, अरुण सोनकर, रचित सोनकर, राजेश सोनकर, विशाल, गंगाचरण गंगवार, हरिराम गंगवार, रामरतन गंगवार, खेमकरण गंगवार, ब्रह्मानन्द गंगवार, चंदभान गंगवार, हेमेंद्र गंगवार, राजवीर गंगवार, विजय गंगवार सतेंद्र गंगवार, सतीश, श्यामवीर, मिलन वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# माधोटांडा के सार्वजनिक शौचालय की बदहाली पर बजरंग दल ने जताई नाराज़गी


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पूरनपुर (पीलीभीत)।** बजरंग दल के नगर अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए वीडियो में स्वच्छ भारत मिशन के बड़े-बड़े दावों की पोल खुलती हुई दिखाई दे रही है। ग्राम पंचायत में लाखों रुपए की लागत से बनाया गया सार्वजनिक शौचालय बदहाली के आंसू बहा रहा है। जिसको लेकर बजरंग दल ने कड़ी नाराजगी जताई है। जनपद पीलीभीत के पूरनपुर विकास खंड के अंतर्गत आने वाले गांव माधोटांडा के बस अड्डे के पास बने सार्वजनिक शौचालय की बदहाली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में बजरंग दल के नगर अध्यक्ष कुलदीप मिश्रा ने स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत हो रही भारी लापरवाही पर प्रशासन और स्थानीय नेताओं को जमकर आड़े हाथों लिया है। वीडियो में साफ़ देखा जा सकता है कि महिलाओं और पुरुषों के लिए बना यह सार्वजनिक शौचालय पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो चुका है। चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा है, फर्श पर गंदा पानी भरा हुआ है, और वाशबेसिन से लेकर दरवाजे तक टूटे पड़े हैं। इस वजह से राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बजरंग दल के नगर अध्यक्ष ने वीडियो में आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह सार्वजनिक शौचालय बेहद दयनीय स्थिति में है। लेकिन इसकी सुध लेने के लिए कोई अधिकारी या नेता आगे नहीं आ रहा है, क्योंकि यह कोई जाति या धर्म का मुद्दा नहीं है। यह हमारे क्षेत्र के मान-सम्मान की बात है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि जल्द से जल्द इस शौचालय को दुरुस्त कर इसकी पुरानी स्थिति में लाया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि प्रशासन इसे ठीक नहीं करा सकता, तो इसे नष्ट कर दे, ताकि क्षेत्र के लोग खुद आगे आकर इसका समाधान कर सकें।

# एंडी बर्नहैम बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री

## कीर स्टार्मर के इस्तीफे के बाद संभाली सत्ता की कमान



**लंदन(एजेंसी)।** ब्रिटेन की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ है। लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता एंडी बर्नहैम ने देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाल लिया है। कीर स्टार्मर के इस्तीफे के बाद लेबर पार्टी ने उन्हें अपना नया नेता चुना, जिसके बाद किंग चार्ल्स तृतीय ने उन्हें नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। पिछले एक दशक में ब्रिटेन को सातवां प्रधानमंत्री मिलने के साथ ही देश की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर गई है। ग्रेटर मैनचेस्टर के लोकप्रिय मेयर रह चुके 56 वर्षीय एंडी बर्नहैम को 'किंग ऑफ द नॉर्थ' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभालने के साथ ही संकेत दिया कि उनकी सरकार आम जनता से जुड़े मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। महंगाई, बढ़ती जीवन-यापन लागत, कमजोर सार्वजनिक सेवाएं और धीमी आर्थिक वृद्धि जैसी चुनौतियों से निपटना उनकी सरकार का प्रमुख एजेंडा होगा। एंडी बर्नहैम को बीते सप्ताह लेबर पार्टी का नया नेता चुना गया था। पार्टी की नेशनल एग्जीक्यूटिव कमेटी (एनईसी) की चेयर शबाना महमूद ने लंदन में आयोजित विशेष सम्मेलन में उनके नाम की घोषणा करते हुए बताया कि नेतृत्व के लिए केवल बर्नहैम का ही नामांकन हुआ था। ऐसे में उनका चयन निर्विरोध हुआ। पार्टी का नेतृत्व संभालने के बाद बर्नहैम ने इसे पिछले 40 वर्षों में ब्रिटेन की राजनीति का सबसे बड़ा बदलाव बताया और कहा कि देश को नई दिशा देने के लिए, सरकार जनता की प्राथमिक समस्याओं पर पूरी गंभीरता से काम करेगी। प्रधानमंत्री के रूप में स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर अपना विदाई संबोधन देने के बाद औपचारिक रूप से इस्तीफा किंग चार्ल्स तृतीय को सौंप दिया। इसके बाद सम्राट ने एंडी बर्नहैम को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। संवैधानिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद बर्नहैम ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने पहले संबोधन में एंडी बर्नहैम ने कहा कि देश को 'अधिक स्थिर और जिम्मेदार राजनीति' की आवश्यकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि ब्रिटेन कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है और केवल ईमानदार नेतृत्व तथा राजनीतिक स्थिरता के माध्यम से ही लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राजनीतिक व्यवस्था में व्यापक सुधार करेगी, ताकि देश के हर नागरिक को बेहतर अवसर मिल सकें। बर्नहैम ने वादा किया कि उनकी सरकार ऐसा ब्रिटेन बनाएगी, जहां जीवन अधिक किफायती होगा, महंगाई पर नियंत्रण होगा और हर क्षेत्र के लोगों को विकास का समान अवसर मिलेगा। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और अन्य सरकारी सेवाओं को मजबूत करने का भी संकल्प दोहराया। उनका कहना था कि सरकार का उद्देश्य केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार लाना होगा। एंडी बर्नहैम के सामने सबसे बड़ी राजनीतिक चुनौती विपक्षी दल रिफॉर्म यूके का बढ़ता जनाधार है। निगेल फराज के नेतृत्व वाली इस पार्टी ने हाल के समय में ब्रिटिश राजनीति में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। लेबर पार्टी के कई सांसदों का मानना है कि बर्नहैम उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो रिफॉर्म यूके की लोकलुभावन राजनीति का प्रभावी मुकाबला कर सकते हैं। पार्टी के भीतर यह भी माना जा रहा था कि कीर स्टार्मर लगातार घटती लोकप्रियता के कारण इस चुनौती का सामना करने में सफल नहीं हो पा रहे थे।

# नॉर्वे में 100 साल की सबसे भीषण आग: सैकड़ों घर खाक, 400 लोग बेघर



**ओस्लो।** नॉर्वे के ट्रामेन शहर के पास एक कस्बे में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। अधिकारियों ने इसे '100 वर्षों में लगी सबसे बड़ी आग' बताया है। सोमवार को भी आग पूरी तरह बुझ नहीं पाई थी और धुआं उठ रहा था। क्रोकस्टाडेल्वा इलाके में सप्ताहांत के दौरान करीब 100 घर पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि लगभग 400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इस आग में स्थानीय फायर चीफ टोरगेर एंडरसन का घर भी जलकर खाक हो गया। रविवार को स्थानीय अखबार ड्रामेंस टिडेंडे से बातचीत में पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में आग लगने की वजह या तो कोई दुर्घटना हो सकती है या फिर किसी स्थान पर अपने आप आग लगना (स्पॉन्टेनियस कम्बशन) हो सकता है। पुलिस के अनुसार, आग शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे क्रोकस्टाडेल्वा के एक रो-हाउस परिसर में शुरू हुई थी। पुलिस को इसकी पहली सूचना दोपहर 3:39 बजे मिली। आग इतनी तेजी से फैली कि रात 9 बजे तक 100 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या पूरी तरह नष्ट हो चुके थे। नॉर्वे के दक्षिण-पूर्वी पुलिस जिले के संचालन प्रबंधक स्टॉले फुगलास ने कहा कि आग बुझाने का अभियान करीब 10 दिन और चलने की संभावना है। उन्होंने कहा, 'यह इलाके में एक लंबे समय तक चलने वाला अभियान है। इससे पता चलता है कि वहां कितनी गर्मी बनी हुई है।' उन्होंने बताया कि पीड़ितों को अपने सामानों को निकालने में मदद पहुंचाई जाएगी जिन्हें अभी तक बाहर नहीं लाया जा सका है। नगर प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं सुरक्षित तरीके से लोगों की वापसी की योजना पर काम कर रही हैं। अग्निशमन विभाग ने एहतियात के तौर पर इलाके में पानी के स्प्रिंकलर लगाए हैं और दमकल कर्मी, ड्रोन तथा हेलीकॉप्टर लगातार निगरानी कर रहे हैं। हालांकि, अग्निशमन कर्मी एरिक स्मिड्स्वॉड ने कहा कि अभी यह नहीं कहा जा सकता कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने आग पर काबू पा लिया है। अभी यह कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन स्थिति पहले से बेहतर दिख रही है।

# सूदखोरी, सामूहिक आत्महत्या और अरबों की कॉर्पोरेट डकैती का 'मास्टरमाइंड' है महेंद्र गोयनका

## रिमांड के पहले दिन ही कई रहस्यों का पर्दाफाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जालसाज और ठग महेंद्र गोयनका की दिल्ली से सनसनीखेज गिरफ्तारी और कोलकाता पुलिस द्वारा 10 दिन की रिमांड हासिल करने की खबर प्रमुखता से प्रसारित होने के बाद प्रशासनिक और औद्योगिक हलकों में हड़कंप मचा हुआ है। आज रिमांड के पहले दिन जांच एजेंसियों के सूत्रों से जो छनकर बाहर आ रहा है, वह यह साबित करने के लिए काफी है कि महेंद्र गोयनका कोई साधारण ठग नहीं, बल्कि एक बेहद शातिर और खतरनाक 'मास्टरमाइंड' है, जिसने कानून की खामियों का फायदा उठाकर अपराध का एक पूरा साम्राज्य खड़ा कर लिया था।

### प्यादों के पीछे छिपा 'असली खिलाड़ी'

अब तक खुद को पाक-साफ बताने वाले महेंद्र गोयनका के बारे में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि वह हर बड़े अपराध को अंजाम देने के लिए खुद पर्दे के पीछे रहता था और अपने प्यादों (ष्ट बंकिम शुक्ला, शर्मा और CS लाखी मित्तल) को आगे रखता था। संजय पाठक जी के ग्रुप में ष्ट्यह्र बनने के बाद उसने पूरी कंपनी हड़पने का जो ब्लूप्रिंट तैयार किया, वह किसी एक इंसान के दिमाग की उपज नहीं हो सकती। असली डायरेक्टर्स के फर्जी इस्तीफे तैयार करने से लेकर, नकली हस्ताक्षर बनाने और ROC में बैक-टू-बैक फर्जी शेयर ट्रांसफर सर्टिफिकेट डलवाने की पूरी क्रोनोलॉजी का मास्टरमाइंड गोयनका ही था। वह अच्छी तरह जानता था कि किस तकनीकी पेंच का इस्तेमाल कर अरबों की संपत्ति, एसेट्स और जमीनों पर अवैध कब्जा किया जा सकता है। यही कारण है कि ह्र्ष्ह्व के माननीय जज ने इसकी तुलना देश के सबसे बड़े वित्तीय अपराधियों से की थी।

### कोतमा कांड: छह मौतों का मास्टरमाइंड प्लान

जांच के दायरे में अब अनूपपुर के कोतमा का वह पुराना पन्ना भी दोबारा खुल रहा है, जहां एक गरीब रजक परिवार के छह सदस्यों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रिमांड के दौरान इस बात के पुख्ता सबूत टटोले जा रहे हैं कि कैसे गोयनका ने कर्ज के जाल में उस परिवार को इस कदर फंसाया कि उनके पास मौत को चुनने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि छह लोगों की मौत के बाद भी खुद को बचाने के लिए उसने तत्कालीन प्रशासनिक तंत्र का इस्तेमाल कर 'बैकडेट' (पिछली तारीख) में जिला बदर की कार्रवाई की स्क्रिप्ट लिखी थी, ताकि कोर्ट में वह खुद को बेकसूर साबित कर सके। जबलपुर के हरगढ़ स्थित फार्म हाउस पर वन विभाग की छापेमारी में मिले प्रतिबंधित वन्यजीवों (तेंदुए और जंगली सूअर) के अवशेषों के मामले में भी गोयनका का मास्टरमाइंड चेहरा उजागर हुआ है।

वह खुद कभी बंदूक थामकर सामने नहीं आया, बल्कि उसने रसूखदारों, बड़े अधिकारियों और रईसों को अपने जाल में फंसाने और उनका संरक्षण पाने के लिए 'शिकार पार्टियों' का एक पूरा सिंडिकेट खड़ा किया था। औद्योगिक जमीन पर फार्म हाउस बनाकर अवैध शिकार का यह खेल उसके ऊंचे प्रशासनिक रसूख की ढाल तैयार करने की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा था।

# जन मीडिया टीवी ऐप का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** बैंक रोड स्थित राजर्षि टंडन सेवा केंद्र ट्रस्ट प्रांगण में उत्तर प्रदेश में 'जन मीडिया टीवी ऐप' का शुभारंभ हुआ। बता दे कि जन मीडिया टीवी भारत का वर्नाक्यूलर डिजिटल मीडिया नेटवर्क है, कार्यक्रम के मुख्य विशिष्ट शहर उत्तरी के विधायक इंजीनियर हर्षवर्धन बाजपेई का उद्बोधन रहा। उन्होंने पत्रकार हित में एक बड़ा ऐलान करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। विधायक ने पत्रकारों के लिए मकान की व्यवस्था करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पत्रकारों के हित के लिए सरकार के सामने मजबूती से बात रखने का वादा किया। उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) से भी इस विषय पर त्वरित बात करने के लिए कहा। विधायक ने कहा कि प्रयागराज के पत्रकारों के हितों को आगे बढ़ाना हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में जेटपैट ऐप के संस्थापक जयतीर्थ दहिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल को युवाओं, स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि तकनीक और मीडिया का समन्वय रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। राहयनी सोलरके मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास मिश्रा ने जन मीडिया टीवी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंच केवल समाचारों का माध्यम नहीं, बल्कि देशभर के उद्यमियों, स्टार्टअप्स और नवाचारों को समाज से जोड़ने का प्रभावी मंच भी बनेगा। समारोह घनश्याम शुक्ला के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक, शैक्षिक, औद्योगिक और सामाजिक जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह में शामिल हुए प्रमुख अतिथियों में वी. के. पांडेय (पूर्व अध्यक्ष, यूपीपीएससी) इंजीनियर हर्षवर्धन बाजपेयी (विधायक, शहर उत्तरी) सुनील कुमार सिंह (एसपी) अरविंद मिश्रा गेंश दुबे। तीश गुप्ता शुभ्रांशु पांडेय।।




पत्रकार हित में एक बड़ा ऐलान करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। विधायक ने पत्रकारों के लिए मकान की व्यवस्था करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पत्रकारों के हित के लिए सरकार के सामने मजबूती से बात रखने का वादा किया। उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) से भी इस विषय पर त्वरित बात करने के लिए कहा। विधायक ने कहा कि प्रयागराज के पत्रकारों के हितों को आगे बढ़ाना हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में जेटपैट ऐप के संस्थापक जयतीर्थ दहिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल को युवाओं, स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि तकनीक और मीडिया का समन्वय रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

**इस टीम में शामिल प्रमुख सदस्यों में** संजीव झा, प्रकाश मिश्रा, दिव्या त्रिपाठी, स्वस्तिका भट्ट, जतिन राणा केंद्रीय टीम के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश में जन मीडिया टीवी के आगामी विस्तार पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने डिजिटल मीडिया की असीम संभावनाओं और भविष्य की मजबूत कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# पूरनपुर में सम्पन्न हुई इंटरनेशनल वैश्य फाउंडेशन की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** इंटरनेशनल वैश्य फाउंडेशन (आईवीएफ) की नगर में परिचय एवं आवश्यक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष संजीव मोहन अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा महामंत्री नीतीश अग्रवाल ने किया, जबकि अंत में विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 प्रशांत गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक के दौरान वैश्य समाज ने केवल संगठनात्मक मजबूती ही नहीं, बल्कि शिक्षा और सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का भी परिचय दिया। आईवीएफ विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 प्रशांत गुप्ता ने नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में एक छात्र की पूरे वर्ष की शिक्षा शुल्क जमा कर उसकी पढ़ाई का दायित्व निभाया। साथ ही विद्यालय को एक कंप्यूटर सेट भेंट किया। जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त डॉ0 प्रशांत गुप्ता एवं विधानसभा महामंत्री नीतीश अग्रवाल ने सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय को भोजन व्यवस्था के लिए उपयोगी एवं गुणवत्तापूर्ण बर्तन भी भेंट किए। जिससे विद्यालय की सुविधाओं में वृद्धि होगी एवं स्वच्छता का भी ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजीव मोहन अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष डॉप प्रशांत गुप्ता, विधानसभा महामंत्री नीतीश अग्रवाल, संरक्षक रमाशंकर गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल, मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता, उपाध्यक्ष विनीत खंडेलवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वैश्य समाज हमेशा सेवा, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के कार्यों में अग्रणी रहा है, और भविष्य में भी समाजहित के ऐसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# सोनम वांगचुक के समर्थन में आम आदमी पार्टी का पैदल मार्च, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी (आप) प्रयागराज इकाई ने सोमवार को देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जनहित के मुद्दों को लेकर जंतर-मंतर पर अनशन कर रहे प्रसिद्ध वैज्ञानिक, शिक्षाविद एवं जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में पैदल मार्च निकाला। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं, छात्रों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर शहर में पैदल मार्च करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखते हुए केंद्र सरकार से सोनम वांगचुक द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने और सकारात्मक पहल करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि सोनम वांगचुक लंबे समय से शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण, हिमालयी क्षेत्रों के संरक्षण और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर कार्य करते रहे हैं। उनका कहना था कि जंतर-मंतर पर चल रहा उनका अनशन केवल किसी एक क्षेत्र का नहीं, बल्कि पूरे देश के युवाओं, प्राकृतिक संसाधनों और आने वाली पीढ़ियों के हितों से जुड़ा हुआ है। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से आग्रह किया गया कि वे संबंधित विषयों पर हस्तक्षेप करते हुए सरकार को उचित कदम उठाने के लिए निर्देशित करें, ताकि युवाओं, पर्यावरण और जनहित से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।

# यूक्रेन हमले में गोल्डेन लियो शिप का नाविक अभिषेक घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रूद्रपुर, देवरिया।** यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह के पास हुए हमले में गोल्डन लियो जहाज पर तैनात देवरिया के भारतीय मर्चेंट नेवी नाविक अभिषेक निषाद घायल हो गए हैं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद परिवार गहरे सदमे में है और भारत सरकार से तत्काल सहायता की मांग कर रहा है। जानकारी के अनुसार, अभिषेक निषाद पुत्र कौशल निषाद ग्राम सभा करमेल, कोतवाली रूद्रपुर, जनपद देवरिया के निवासी हैं। वह 38 दिन पूर्व मर्चेंट नेवी में गये थे। हमले के दौरान वह गोल्डन लियो जहाज पर मौजूद थे। घायल होने के बाद उन्हें ओशन ग्रेस शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद परिजनों ने भारत सरकार, विदेश मंत्रालय और यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास से हस्तक्षेप कर अभिषेक की वास्तविक स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने, बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने और उन्हें सुरक्षित भारत वापस लाने की मांग की है। परिवार ने संबंधित शिपिंग कंपनी, भारतीय दूतावास और पोर्ट अथॉरिटी से भी लगातार संपर्क बनाए रखा है। उन्होंने अभिषेक की स्वास्थ्य स्थिति का जल्द सत्यापन कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की अपील की है। फिलहाल अभिषेक निषाद की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। पूरा परिवार उनकी कुशलता की प्रार्थना कर रहा है और सरकार से शीघ्र मदद की उम्मीद लगाए बैठा है।

# निजी अस्पताल में लापरवाही के चलते प्रसव के बाद नवजात की मौत

## विरोध पर बंधक बनाकर अवैध वसूली करने का आरोप लगाकर पुलिस को दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** प्रसव के दौरान निजी अस्पताल में लापरवाही कर एक और मामला सामने आया है। महिला के परिजनों का आरोप है कि लापरवाही के चलते नवजात शिशु की मौत हो गई। यही नहीं अस्पताल में जबरन रोककर धमकाते हुए अवैध वसूली करने का भी आरोप लगाया गया है। इसको लेकर पीड़ित परिवार ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने और अवैध धन उगाही, अतिरिक्त रुपये की मांग और जच्चा को अस्पताल में जबरन रोककर धमकाने के मामले में पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर खुर्द निवासी अंकित राठौर ने बताया कि 16 जुलाई 2026 को सुबह करीब आठ बजे वह अपनी गर्भवती पत्नी ऋतु को प्रसव के लिए पूरनपुर स्थित कल्पना हॉस्पिटल में भर्ती कराने पहुंचे थे। आरोप है कि अस्पताल के डॉक्टरों ने समय पर ऑपरेशन नहीं किया। यदि समय रहते उपचार और ऑपरेशन किया जाता तो नवजात की जान बचाई जा सकती थी। लापरवाही के चलते शाम करीब चार बजे ऑपरेशन किया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और नवजात मृत पैदा हुआ। ऑपरेशन के दौरान उसकी पत्नी को एनेस्थीसिया का इंजेक्शन दो बार लगाया गया। अस्पताल प्रबंधन ने पहले ही 20 हजार रुपये जमा करा लिए थे, लेकिन बाद में 24 हजार रुपये और जमा कराने का दबाव बनाया। जब परिवार ने अतिरिक्त रकम देने में असमर्थता जताई तो अस्पताल प्रशासन ने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और उसकी पत्नी को अस्पताल से छुट्टी नहीं दी। तहरीर में इसे बंधक बनाकर रखने जैसा व्यवहार बताया गया है। पीड़ित ने अस्पताल संचालक और संबंधित डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**पीड़ित परिवार ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने और अवैध धन उगाही, अतिरिक्त रुपये की मांग और जच्चा को अस्पताल में जबरन रोककर धमकाने के मामले में पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।**

# रोहित शर्मा ने रचा इतिहास!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली/लंदन।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में लॉर्ड्स के पवित्र मैदान पर शानदार शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वे लॉर्ड्स में वनडे शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस उपलब्धि के साथ ही 39 वर्षीय 'हिटमैन' ने महान सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को भी पार कर लिया। रोहित ने इंग्लैंड द्वारा बनाए गए विशाल स्कोर (387/3) का पीछा करते हुए यह यादगार पारी खेली। मैच में इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट (141) और जैकब बेथेल (91) की पारियों के दम पर मेजबान टीम ने लॉर्ड्स के इतिहास में सबसे बड़ा वनडे स्कोर बनाया। जो रूट (74*) और जोस बटलर (41*) ने भी योगदान दिया। रोहित की पारी और रिकॉर्ड्स- उम्र का रिकॉर्ड- रोहित 39 वर्ष और 80 दिन की उम्र में वनडे शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय बल्लेबाज बन गए। सचिन तेंदुलकर का पिछला रिकॉर्ड 38 वर्ष 327 दिन का था (बांग्लादेश के खिलाफ 2012 में) लॉर्ड्स विशेष: यह उनका इंग्लैंड में आठवां वनडे शतक है, जो मार्कस ट्रेस्कोथिक के बराबर है। वे इंग्लैंड में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में शीर्ष पर हैं। दबाव में कमाल: मैच से पहले रोहित पर उनके भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे थे। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि यह उनका आखिरी वनडे हो सकता है, लेकिन उन्होंने आलोचकों को मुंह बंद कर दिया। रोहित की यह पारी भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि टीम युवा खिलाड़ियों के साथ नई शुरुआत कर रही है। उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप फाइनल और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रोहित शर्मा का करियर हाइलाइट्स (संक्षिप्त शोध) वनडे शतकः यह उनका 33वां या उससे अधिक वनडे शतक है। वे वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीयों में शीर्ष पर हैं।-अन्य उपलब्धियां: उन्होंने 264 रनों का वनडे का सर्वोच्च स्कोर बनाया है (श्रीलंका के खिलाफ 2014)।